# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 25 जून 2026


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'सार्थक संवाद'

# देश में सबसे कम बेरोजगारी दर मप्र में, दो मेट्रोपॉलिटन शहर तैयार.... अगला नंबर जबलपुर और ग्वालियर का

सार्थक संवाद EXCLUS

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि यह बड़ी बात है कि एक सामान्य से कार्यकर्ता को संगठन ने एक बड़े से राज्य का सीएम बनाया। मेरे मन में पद का कोई अहंकार नहीं है। भाजपा में परिवारभाव का जो आनंद है उससे पता ही नहीं चला कि ढाई साल का समय कैसे बीत गया। भाजपा में कोई पद पर बैठा तो बड़ा हो गया और पद पर नहीं है तो छोटा हो गया ऐसा विचार ही नहीं है। मन के अंदर परिवारभाव का जो वातावरण है उसमें बहुत बड़ा सुख है। ये सबसे बड़ी पूंजी है। काम की दृष्टि से पीछे देखता हूं तो लगता है कितना काम कर लिया जब आगे देखता हूं तो लगता है अभी कितना काम बाकी है। इटारसी में लॉजिस्टिक, खजुराहो में पर्यटन, रीवा में सीमेंट इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। हर जगह स्किल डेवलपमेंट को लेकर हम आई पार्क तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। इन फैक्टियों में राज्य के युवाओं को नौकरी मिले यह हमारी प्राथमिकता है। देश में सबसे कम बेरोजगारी दर मध्यप्रदेश में है। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है। दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर बनने से रतलाम भी नया क्षेत्र बनकर उभरा है। पहले इंदौर मुंबई मार्ग था अब रतलाम मुंबई मार्ग भी हो गया है। मेट्रोपॉलिटन शहर बनाने पर ध्यान है दो शहर एक्ट के हिसाब से तैयार हो गए हैं अगला नंबर जबलपुर और ग्वालियर का है। यह बात उन्होंने मध्यप्रदेश में उनके ढाई साल के कार्यकाल को लेकर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'सार्थक संवाद' में कही।

### यह भी बोले सीएम डॉ. यादव

- पीएम मोदी ने आगे बढ़कर संगठन की बागडोर एक युवा नेतृत्व नितिन नबीन के हाथों में सौंपी है। उन्हें अध्यक्ष पद ग्रहण करवाया और पूरे देश के सामने उनका सम्मान करते हुए हम सबको गौरवान्वित भी किया
- पीएम मोदी ने शासन करने का परिदृश्य बदला, उनकी हर बात प्रेरणादायी
- भाजपा में एक आम कार्यकर्ता भी सीएम और पीएम पद पर पहुंच सकता है
- मंत्रिमंडल की खाली सीटें भरने पर केंद्रीय और राज्य नेतृत्व फैसला करेगा
- अगले दो साल में गेहूं का एमएसपी 2700 रुपए प्रति क्विंटल से आगे जाएगा



» राज्य के युवाओं को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता

» स्किल डेवलपमेंट निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान

**प्रश्न: मध्यप्रदेश में सरकार और संगठन के बीच क्या स्थिति है?**

उत्तर: सरकार और संगठन एक सिक्के के दो पहलू हैं। हेड और टेल। हमारे लिए संगठन जरूरी है और संगठन के लिए सरकार जरूरी है। दोनों लंबे समय से एकजुटता के साथ चल रहे हैं। इसलिए मध्यप्रदेश का मॉडल देशभर में अपनाया जा रहा है। सबसे पहले सांसद, विधायक, नगर पालिका, नगर निगम जीतकर हम आगे बढ़े। अटजली से लेकर मोदीजी तक मध्यप्रदेश का उदाहरण सबके सामने आता है।

**प्रश्न: पीएम नरेंद्र मोदी के साथ काम करते हुए आप उनके बारे में क्या जान पाए?**

उत्तर: मोदी जी जब 2013 में पीएम के तौर पर प्रत्याक्षी घोषित हुए थे तो उसी दौरान मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान वे उज्जैन में मेरे चुनाव क्षेत्र में प्रचार के लिए आए थे। मैं मंच पर उनके साथ था। उस समय वे गुजरात के सीएम थे और मैं राज्य में विधानसभा का चुनाव लड़ रहा था। ये मेरे लिए आंनद और सौभाग्य का विषय है कि उन्होंने उज्जैन में किसी के लिए सभा ली तो वो मेरे लिए थी। उस दिन से उनका आशीर्वाद सदैव मेरे पर बना हुआ है। मोदी जी पर भगवान की कृपा है और महाकाल की कृपा से मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बतौर पीएम मोदी जी ने देश के अंदर शासन करने का ट्रेंड बदला। लोकतंत्र के लिए, जनता के द्वारा जनता के हित में किसी व्यक्ति को वोट मिले और वो सरकार चलाए ये मोदी जी ने करके दिखाया है। लोकतंत्र और भाजपा के सिद्धांतों को लेकर उन्होंने जिस तरह से सरकार चलाई है वो प्रशंसनीय है। मुझ जैसे एक आम कार्यकर्ता जिसके घर में कोई चुनाव नहीं लड़ा या जिसका राजनीति परिदृश्य नहीं था ऐसे व्यक्ति को सीएम बनाना, लोकतंत्र में किसी को भी मौका देने का ट्रेंड मोदी जी ने बदला।

## उनसे सीधी बात

***प्रश्न: मोदी जी के पीएम बनने के बाद और आपके सीएम बनने के बाद आपसी संवाद का अनुभव क्या रहा?***

उत्तर: जयपुर में नदी जोड़ो अभियान के तहत बुंदेलखंड पार्वती काली सिंध चंबल नदी को जोड़ने के अभियान का शुभारंभ करने जब पीएम मोदी जयपुर आए तब उन्होंने कहा कि यह बदलते दौर की राजनीति है जब परस्पर दो राज्यों के सौहार्दपूर्ण संबंधों के बलबूते पर जो हमारे पांच महाभूत हैं जिसमें जल है उसके बंटवारे के लिए भी प्रेम से यह विषय निपटते हैं। यह नया दौर का नया समय है। उन्होंने राज्यों के साथ संबंधों पर जोर दिया। जब वे गुजरात के सीएम थे और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी वहां सूखा पड़ा था तो नर्मदा का पानी उन्होंने जोधपुर तक पहुंचाया। हम सभी को हर पल मोदी जी से सीखने को मिलता है।

***प्रश्न: पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बीच क्या समानता और दोनों के व्यक्तित्व में क्या कोई अंतर दिखाई देता है?***

उत्तर: जैसे परिवार में हम माता पिता से स्नेह पाते हैं उसी तरह मोदी जी और अमित शाह हमारे अभिभावक हैं। रोजमर्रा के बाकी सारे कामों की चिंता अमित शाह करते हैं। दोनों अच्छे तरह से बात करते हैं, समझाते हैं और हर छोटी-छोटी चीज की चिंता करते हैं। हम भाग्यशाली हैं हमें उनके साथ काम करने का अवसर मिला है। बड़े से बड़े प्रश्नों के उत्तर आसानी से सुलझा देते हैं। उसका यश हम देशभर में देख रहे हैं आज 17 राज्यों में भाजपा की सरकार है। 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। वर्तमान में ये देश का स्वर्णिम काल है जब देश के 80 प्रतिशत से अधिक भू भाग में और उतनी ही आबादी में हमारे सहयोगी दलों की सरकार है।

**प्रश्न: बंगाल की जीत को लेकर क्या अभी भी यकीन होता है?**

उत्तर: साल 2021 के चुनाव में दिखा था कि जनता का ममता से लगाव हटा नहीं था। लेकिन इस बार बंगाल के चुनाव को लेकर जनता में उत्साह का वातावरण था। इस बार तो फार्म भरने के समय से लग रहा था कि ममता का कोई अस्तित्व नहीं बचेगा। बंगला में जनता के साथ जो व्यवहार हुआ था ये कमोबेश दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की प्रतिकृति थी। ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी जब आप संगठन की ताकत को नजरअंदाज करके सरकार और सत्ता के भरोसे खाली बैठ जाओगे तब आपको इस बात के लिए तैयार रहना होगा कि जनता आपको सत्ता से उठाकर बाहर कर देगी। यह किसी की गलती नहीं यह सत्ता के अहंकार की गलती है।









### खबर संक्षेप

#### भीम एप : एक साल में तीन गुना बढ़े ट्रांजेक्शन



**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल पेमेंट की बढ़ती रफ्तार के बीच भीम ऐप ने नया रिकॉर्ड बनाया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2025 से मई 2026 के बीच इस प्लेटफॉर्म पर लेन-देन (ट्रांजेक्शन) की संख्या में तीन गुना से अधिक का उछाल आया है। जून 2025 में जहां 7.96 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं मई 2026 में यह संख्या बढ़कर 24.4 करोड़ पहुंच गई, जिसके जरिए कुल 26,952 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज के मुताबिक, लोग रोजमर्रा की जरूरतों जैसे किराना (23.9%) और फूड आउटलेट्स (18.1%) पर सबसे ज्यादा डिजिटल भुगतान कर रहे हैं।



दोपहर बाद भोपाल में काले बादल छाए और कहीं-कहीं झमाझम

भोपाल में शाम 5:30 बजे, करोंद क्षेत्र का दृश्य

### भोपाल सहित 14 जिलों में बारिश, आज 40 शहरों में अलर्ट

# खुश हो जाइए.....देर से ही सही...पधार गया 'मानसून'

*राह ताकते हुए 10 दिन हो गए थे। मानसून का अता-पता नहीं था। उसने तेलंगाना में डेरा डाला हुआ था। पर, बुधवार को आखिरकार मानसून प्रदेश में पधार गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है। अरब सागर के रास्ते इंदौर, बुरहानपुर, खंडवा और बंगाल की खाड़ी की ब्रांच ने मंडला, डिंडौरी के रास्ते प्रदेश में आमद दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए 40 शहरों में तेज हवाओं के साथ, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मानसून ने बुधवार तक 14 जिले कवर किए हैं। 24 घंटे में भोपाल सहित आधा से ज्यादा प्रदेश कवर होने की उम्मीद है। मानसून की एंट्री के साथ भोपाल-इंदौर और उज्जैन सहित 14 जिलों में बारिश हुई। भोपाल के बैरसिया रोड और लांबाखेड़ा में तेज बारिश हुई तो इंदौर में झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई।

24 घंटे में भोपाल सहित आधा से ज्यादा प्रदेश कवर होने की उम्मीद



**कपास और मक्का की बुवाई शुरू**

खरगोन के झिरन्या, पीपलझोपा और भीकनगांव क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई, वहीं पांढुर्णा में करीब 2 इंच बारिश के बाद कपास और मक्का की बुवाई शुरू हो गई है।

» ***प्रदेश में मानसून इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी के रास्ते पहुंचा, 14 जिले किए कवर***

#### यहां हुई आंधी-बारिश

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से बुधवार शाम तक इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, सतना और अनूपपुर में तेज आंधी व बारिश हुई। बालाघाट जिले में बारिश के साथ कुछ जगह ओलावृष्टि भी दर्ज की गई।

#### आज यहां बारिश का अलर्ट

मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक सीहोर, जबलपुर में हल्की से मध्यम बारिश होगी। बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सीधी तेज से भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, नरिसंहपुर, मंडला, बालाघाट, पन्ना दमोह, सागर, आदि।

### उज्जैन में 50 साल पुराना मकान ढहा

## मोहर्रम देखने आए 12 साल के बच्चे की मौत, नानी गंभीर, 8 लोग बचाए

मकान के पास एक नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा था



रेस्क्यू करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के हम्मालवाड़ी क्षेत्र में बुधवार सुबह 50 साल पुराना दो मंजिला मकान गिर गया। मलबे में दबने से 12 वर्षीय बच्चे असरान की मौत हो गई, जबकि उसकी नानी खुर्शीद बी गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मकान के पास एक नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा था। इसके लिए मकान के पास गहरे गड्ढे खोदे गए थे। खुदाई के कारण पुराने मकान की नींव कमजोर हो गई, जिससे उसका पिछला हिस्सा अचानक ढह गया। असरान अपनी नानी खुर्शीद बी के घर मोहर्रम देखने आया हुआ था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टरों ने असरान को मृत घोषित कर दिया, जबकि खुर्शीद बी की हालत गंभीर बनी हुई है। टीआई प्रतीक शर्मा के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पुलिस और रहवासियों ने मिलकर मलबे में दबे 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।






### राम मंदिर का चढ़ावा चोरी का मामला : चढावे की गिनती में बड़े प्रशासनिक बदलाव

# चंपत राय के 'फैसले' लेने पर रोक, अब फाइनल जांच रिपोर्ट 15 दिन में पीएमओ को भेजी जाएगी

- पीएमओ से हरी झंडी मिलने के बाद ही इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई या गिरफ्तारियां शुरू की जाएंगी
- अयोध्या के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंदिर प्रबंधन का कामकाज अपने हाथों में लिया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और दान में हुई कथित हेर-फेर (चोरी) की जांच अब अपने आखिरी मोड़ पर पहुंच गई है। इस पूरे मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने अपनी शुरुआती तफ्तीश पूरी कर ली है। एसआईटी प्रमुख विजय विश्वास पंत की अगुआई में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। चूंकि यह मामला देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस रिपोर्ट को सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा। अंतिम रिपोर्ट 15 दिन में सौंपी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस संवेदनशील मामले पर नजर बनाए हुए हैं। पीएमओ से हरी झंडी मिलने के बाद ही इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई या गिरफ्तारियां शुरू की जाएंगी। इस बीच प्रशासनिक स्तर पर भी बड़ा फेरबदल हुआ है। अयोध्या के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंदिर प्रबंधन का कामकाज अपने हाथों में ले लिया है।



एआई एमेज

### मंदिर के भीतर हुए 3 बड़े बदलाव

**1 दरी पर बैठकर गिनती और कड़ी वीडियोग्राफी**

पहले दानपात्र से निकलने वाले चढ़ावे और नोटों की गिनती सेवादार टेबल-कुर्सी पर बैठकर आराम से करते थे। अब इस व्यवस्था को खत्म कर जमीन पर दरी और कालीन बिछाकर नोटों की गिनती अनिवार्य कर दी गई है। ड्यूटी पर आते-जाते समय कर्मचारियों की सघन तलाशी ली जा रही है। इसके अलावा, दानपात्र से रुपए निकालने से लेकर गिनती तक की पूरी प्रक्रिया की अनिवार्य वीडियोग्राफी कराई जा रही है।

**2 पुराना स्टाफ बाहर, नए कैमरों से नजर**

नोटों की गिनती के लिए केवल 40 सबसे भरोसेमंद सेवादारों को ही तैनात किया गया है। पुराने स्टाफ और बैंक के उन दो कर्मचारियों को हटा दिया गया है जो पहले नोट गिनने आते थे। सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए 6 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और वीडियो स्टोरेज की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है।

**3 ट्रस्टियों के अधिकार फ्रीज**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा और आमंत्रित सदस्य गोपाल राव को मंदिर के रोजमर्रा के कामकाज से दूर कर दिया गया है।

मानसून की पहली बारिश से ही थम गई मुंबई

# 24 घंटे की भयंकर बारिश से जनजीवन हो गया ठप, लोकल ट्रेनों पर लगा ब्रेक
# दादर- बांद्रा, अंधेरी तक ट्रैफिक जाम रहा, उधर अरुणाचल भी हो गया जलमग्न

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मानसून की पहली बारिश ही कहर बरपाने लगी है। पिछले 24 घंटे में घनघोर बारिश से सड़कें लबालब नजर आने लगी हैं। बांद्रा, अंधेरी, मीरा रोड, भायंदर से दादर तक भयंकर बारिश से जनजीवन ठप हो गया है? ट्रांस हार्बर रेल लाइन सेवा रोकनी पड़ी है। कई जगहों पर अंडरपास में पानी भर जाने से रास्ता बंद हो गया है। मौसम विभाग ने ठाणे, मुंबई, पालघर, रायगढ़ और सिंधुदुर्ग जैसे जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अंधेरी में एक-दो जगहों पर भारी जलजमाव के कारण अंडरपास बंद करना पड़ा। बीएमसी ने वहां ट्रैफिक बंद करने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की है। ठाणे में ऑरेंज अलर्ट है। रत्नागिरी, रायगढ़ और सिंधुदुर्ग में भारी बारिश का येलो अलर्ट है।

### मुंबई अंधेरी अंडरपास में जलभराव

मौसम विभाग ने आंधी-तूफान की चेतावनी भी जारी की है। कल्याण, डोंबिवली, नेरल और करजत में 24 घंटे से भारी बारिश हो रही है। 20 घंटों में शहर में 78 मिमी वर्षा हुई।

कई जगहों पर रेड और यलो अलर्ट


बारिश से कई जगह जलभराव हो गया

### मेयर के सामने नाले में गिरा बीएमसी कर्मचारी

मुंबई में लगातार हो रही बारिश के बीच माटुंगा इलाके में अधिकारी और कर्मचारी हैरान रह गए शहर में जलभराव और नालों की स्थिति का जायजा लेने निकले महापौर के निरीक्षण दौरे के दौरान बीएमसी का एक कर्मचारी अचानक खुले नाले में गिर गया। यह घटना मौके पर मौजूद लोगों के सामने हुई और कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई।

### सायन हाईवे हो गया लबालब

बारिश के पहले ही दौर के बाद सायन हाईवे पर बने सबवे में पानी भर गया है।सायन हाईवे के पास एवरार्ड नगर के सबवे में भारी जलभराव के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अरुणाचल प्रदेश में दिखा बाढ़ का रौद्र रूप

## पेड़ गिरे, मकान ढहे, सैलाब 3 लोग लापता



अरुणाचल प्रदेश के केयी पानयोर जिले में लगातार बारिश के कारण बाढ़ से निचले इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। 18 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 3 लोगों के लापता होने की भी खबर है। बाढ़ की रोंगटे खड़े कर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें बाढ़ का पानी इतनी तेजी से बह रहा है कि हर चीज को अपने साथ बहाकर ले जा रहा है। मुख्य राजमार्ग पर बना एक पुल बह गया है। प्रशासन और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं।


### निर्माणाधीन रिटेनिंग वॉल ढही

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव दानी सुलु ने बताया कि 23-24 जून की दरमियानी रात भारी बारिश के कारण पूसा इलाके में नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी के पास अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें एक निर्माणाधीन रिटेनिंग वॉल ढह गई, जिससे कम ऊंचाई वाले इलाकों में पानी घुस गया।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में मिड डे मील में अंडे नहीं होंगे

**कोलकाता।** बंगाल में हालिया विवाद पश्चिम बंगाल में कोलकाता के स्कूलों के मिड-डे मील में



इस्कॉन के सहयोग से सात्विक भोजन परोसने की योजना के बाद अंडे हटाने पर नई बहस छिड़ गई है। टीएमसीने इसे बच्चों से पोषण छीनने और शाकाहार थोपने की कोशिश करार दिया है, जबकि भाजपा ने स्वास्थ्य और खाने की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की बात कही है।

### मान की मुश्किलें, भाजपा कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पंजाब के सीएण भगवंत मान के एक वायरल



वीडियो के चलते उन पर गुरुओं के अपमान का गंभीर आरोप लगाया गया है। इसको लेकर मचे राजनीतिक बवाल पर विपक्ष में बैठी कांग्रेस और भाजपा सीएम के खिलाफ आक्रामक है। दोनों ही मान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उधर सीएम मान लगातार आरोपों को झूठ और वायरल वीडियो को फर्जी बता रहे हैं।

### मुंबई लोकल में युवक की चाकू मारकर हत्या


**मुंबई।** लोकल ट्रेन में दरवाजे को लेकर हुआ मामूली विवाद एक युवक की मौत का कारण बन गया।



चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल में सफर कर रहे 22 वर्षीय मयंक लोहार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोमवार देर रात की है। मयंक फर्स्ट क्लास डिब्बे में थे। इउन्होंने एक यात्री से ट्रेन का दरवाजा बंद करने के लिए कहा।

### उत्तरकाशी में लापता युवती की तलाश शुरू

**उत्तरकाशी।** दयारा बुग्याल ट्रैक पर लापता बबीता पांडे मामले में पुलिस सहित खोज-बचाव टीम ने



दोबारा नए सिरे से जांच व खोजबीन शुरू कर दी है। रेसक्यू टीम की ओर से नटीण के घने जंगलों में भालू आवासीय संभावित क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जंगल के बीच में स्थानों को खोदकर और पानी के टैंक के भीतर भी तलाश की गई।

### कंटेनर की टक्कर से 2 नाबालिग बहनों की मौत

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में दो किशोरियों की दर्दनाक मौत हो गई,




जबकि उनका फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब बाइक सवार तीनों ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के कट के पास पहुंचे और एक अनियंत्रित कंटेनर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर घिसटते रहे।

### कोलकाता में तारातला में निर्माणाधीन गोदाम ढहा

ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर हुआ यह हादसा

# 5 लोगों के मौत की आशंका व 55 लोग अभी भी फंसे, सेना ने संभाला मोर्चा

## पुलिस और प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची, सीएम सुवेंदु ने भी लिया जायजा



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार दोपहर एक भयानक हादसा हो गया। यहां ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर एक तीन मंजिला निर्माणाधीन गोदाम अचानक गिर गया। इस हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत की आशंका है। 55 लोगों के फंसे होने की भी खबर है। मलबे के नीचे अभी भी कई लोगों के दबे हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें राहत और बचाव अभियान में जुटी हैं। सीएम सुवेंदु अधिकारी भी स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि अब तक 10 लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सभी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे ब्रेस ब्रिज के पास हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि मलबे के नीचे से लोगों के चीखने-चिल्लाने और मदद की आवाजें आ रही थीं। बचाव दल के सदस्य निकलने के प्रयास में जुटे हैं।

मृतकों की संख्या और बढ़ने के आसार

### हादसे के समय छत की ढलाई हो रही थी


क्रने की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त गोदाम की छत की ढलाई (कास्टिंग) का काम चल रहा था। इमारत की पहली और दूसरी मंजिल का ढांचा तैयार हो चुका था और ग्राउंड फ्लोर पर निर्माण कार्य जारी था। इस दौरान अचानक पूरी इमारत भरभरा कर गिर गई, जिससे लोहे के भारी बीम और कंक्रीट का बड़ा ढेर लग गया और वहां काम कर रहे मजदूर नीचे दब गए।

### क्रेन और मशीनों से हटाया मलबा

राहत और बचाव का काम बहुत तेजी से चल रहा है। कोलकाता पुलिस, आपदा प्रबंधन समूह , नागरिक सुरक्षा और दमकल विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं। सेना के अधिकारी भी बचाव कार्य में मदद कर रहे हैं। लोहे के बीम और कंक्रीट को काटने के लिए गैस कटर और वर्टिकल ड्रिलिंग मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। भारी मलबे को हटाने के लिए क्रेन और बड़ी मशीनें लगाई गई हैं।

### 11 घायलों को ट्रॉमा केयर सेंटर लाया गया

बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल कोलकाता के तारातला में निर्माणाधीन गोदाम शेड के गिरने वाली जगह पर पहुंचीं। यहां खोज और बचाव अभियान चल रहा है। अब तक 11 घायलों को एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर लाया गया है।

### घटिया सामग्री और अवैध निर्माण के आरोप

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने आरोप लगाया कि गोदाम के निर्माण में घटिया दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं, स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि इस इलाके में पिछले काफी समय से बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं।

अफसरों को दिए निर्देश

### सीएम सुवेंदु ने जताया दुख तेजी से बचाव कार्य के निर्देश




मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से बचाव कार्य करने के निर्देश दिए। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस त्रासदी को व्यक्त करने शब्द नहीं हैं। सेना, एनडीआरएफ , एसडीआरएफ , कोलकाता पुलिस और नगर निगम मिलकर युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

### कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की लापरवाही से गई कई जानें: सीपीआईएम

सीपीआईएम नेता फ़ैयाज़ अहमद खानने कहा कि गोदाम में 50 से 60 मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई मलबे के नीचे दब गए। कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन को भी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए क्योंकि निवासियों ने कई बार शिकायत की थी। उन्होंने कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से भी शिकायत की थी कि यहां गैर-कानूनी काम हो रहा है। लेकिन अगर अधिकारी सब कुछ नज़रअंदाज़ करते हैं।

### एनसीओआरडी की 10वीं बैठक

## शाह आज जारी करेंगे मादक पदार्थ नियंत्रण पर नया विज़न डॉक्यूमेंट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में सरकार के प्रयासों को और मजबूत करने का अहम मंच है। बैठक हाइब्रिड मोड में होगी, जिसमें 44 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के प्रमुख हितधारकों के साथ राज्यों और मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### साझा रोडमैप तैयार होगा

शाह ने कहा कि मादक पदार्थ नियंत्रण पर विज़न डॉक्यूमेंट (2026-2029) जारी करेंगे। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों, मादक पदार्थ प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार यह दस्तावेज़ मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए मांग में कमी, आपूर्ति में कमी और नुकसान में कमी के लिए साझा रोडमैप प्रदान करेगा।

### सिंथेटिक ड्रग्स और डार्कनेट तस्करी पर रहेगा फोकस

विज़न डॉक्यूमेंट में नेटवर्क-केंद्रित प्रवर्तन प्रणाली की परिकल्पना की गई है। इसके तहत अगले 3 वर्षों में सिंथेटिक ड्रग्स और डार्कनेट के माध्यम से होने वाली तस्करी से निपटने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा नशे के आदी लोगों के लिए उपचार और पुनर्वास सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। दस्तावेज़ में विभिन्न एजेंसियों की जिम्मेदारियां होंगी।

### कोयले के आर्थिक मूल्यांकन पर चर्चा पत्र दिया

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 'भारत में कोयले के मौद्रिक परिसंपत्ति खातों के संकलन के लिए कार्यप्रणालीगत दृष्टिकोण' शीर्षक से एक चर्चा पत्र जारी किया है। यह दस्तावेज़ संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण-आर्थिक लेखांकन प्रणाली (एसईईए) केंद्रीय ढांचे के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग ने अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय मानक के रूप में मान्यता प्रदान की है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय वर्ष 2018 से एसईईए फ्रेमवर्क का अनुसरण करते हुए 'एन्विस्टैट्स इंडिया' और 'एनर्जी स्टैटिस्टिक्स इंडिया' के माध्यम से कोयले तथा अन्य खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों के भौतिक परिसंपत्ति खातों का संकलन कर रहा है।

शिवसेना टूटने के बाद बोले स्पीकर

# उद्धव गुट को किया तलब, बागियों को मिले अलग गुट की मान्यता या नहीं, जानेंगे उनका भी 'पक्ष'

## सांसद सावंत और अनिल देसाई रखेंगे अपना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के छह लोकसभा सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद लोकसभा अध्यक्षओम बिरला कार्रवाई करने वाले हैं। महाराष्ट्र में हुए इस बड़े दलबदल के बीच स्पीकर बिरला ने बुधवार को उद्धव ठाकरे समेत शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेताओं को तलब किया । बिरला के साथ इस बैठक में उद्धव गुट के वरिष्ठ सांसद अरविंद सावंत और अनिल देसाई लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी पार्टी का पक्ष रखेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में बागी सांसदों को अलग गुट के रूप में मान्यता न देने का स्पीकर बिरला से अनुरोध करेंगे। उद्धव गुट इस पूरे घटनाक्रम को गैर-कानूनी और असंवैधानिक साबित करने की पूरी तैयारी में है। बगावत करने वाले 6 सांसदों के खिलाफ उद्धव की शिवसेना ने स्पीकर को पत्र भी लिखा था।

### 6 बागी सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल



उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 6लोकसभा सांसदों ने औपचारिक रूप से उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं। इसे शिंदे गुट का 'ऑपरेशन टाइगर' कहा जा रहा है। इन बागी सांसदों में संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाघचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख और नागेश बापूराव पाटिल अष्टिकार शामिल हैं।

### दलबदल कानून पर होगा मंथन


लोकसभा में शिवसेना (यूबीटी) के 9 सांसद थे। अब 6 सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद उद्धव के पास 3 सांसद ही बचे हैं। दलबदल विरोधी कानून, यानी संविधान की दसवीं अनुसूची के नियमों के तहत, यदि किसी भी विधायी दल के दो-तिहाई सदस्य अलग होते हैं, तो उन पर दलबदल का कानून प्रभावी नहीं होता।

### नायडू ने की देश की सबसे बड़ी निजी सोने के खदान की शुरुआत

## 405 करोड़ रु. की लागत से किया गया तैयार सोने के प्रोसेसिंग प्लांट की पहली यूनिट शुरू

### आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले को जोंनागिरी में किया विकसित

एजेंसी ▶▶ कुरनूल



आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले का जोंनागिरी इलाका अब देश के गोल्ड मैप पर अपनी खास पहचान बनाने जा रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू यहां देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के गोल्ड माइनिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। करीब 405 करोड़ की लागत से तैयार इस परियोजना को जियो मैसूर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और दक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड ने बनाया है। 144 करोड़ के राजस्व का अनुमान है।

**दूसरी यूनिट भी बनेगी :** परियोजना के तहत सोने के प्रोसेसिंग प्लांट की पहली यूनिट शुरू की जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट की आधारशिला भी रखी जाएगी। खदान और प्रोसेसिंग प्लांट का ट्रायल रन पूरा हो चुका है।

### पहले साल 400 किलो सोना निकलने की उम्मीद

सरकार ने 1,500 एकड़ जमीन आवंटित की है। पहले चरण में 600 एकड़ क्षेत्र में खनन कार्य शुरू होगा, जबकि बाद में बाकी इलाके में भी परियोजना का विस्तार किया जाएगा। उम्मीद है कि पहले साल इस खदान से करीब 400 किलोग्राम सोना निकलेगा। अगले साल उत्पादन बढ़कर 900 किलोग्राम तक पहुंच सकता है।

### डीएमआरसी ने सेंट्रल विस्टा के लिए मेट्रो स्टेशन पर काम शुरू किया

# कर्मचारियों का लुटियंस जोन से आवागमन होगा सुगम

## केंद्रीय सचिवालय स्टेशन एक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ( डीएमआरसी) ने बुधवार को सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह स्टेशन 5 वें चरण (ए) के अंतर्गत मैजेंटा लाइन के विस्तार के रूप में जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मार्ग तक विकसित किया जा रहा है।केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल, सचिव मोहुआ और मेट्रो रेल निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय सचिवालय स्टेशन एक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा, जहां मैजेंटा लाइन स्टेशन मौजूदा येलो लाइन और वायलेट लाइन से निर्बाध रूप से जुड़ जाएगा। यह कर्मचारियों, लुटियंस जोन तथा प्रशासनिक जिलों में यात्रियों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

### प्रमुख सरकारी कार्यालयों में आसानी से होगी पहुंच



यह परियोजना नई दिल्ली के केंद्र तक कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में अहं है, जो प्रमुख सरकारी कार्यालयों, न्यायिक संस्थानों, राष्ट्रीय स्मारकों और सम्मेलन स्थलों तक सुगम पहुंच प्रदान करती है, साथ ही समग्र नेटवर्क दक्षता बढ़ेगी।

### 9.913 किमी के कॉरिडोर में 9 भूमिगत स्टेशन

यह कॉरिडोर 9.913 किलोमीटर लंबा है। इसमें 9 भूमिगत स्टेशन शिवाजी स्टेडियम, युग युगीन भारत, केंद्रीय सचिवालय, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, युद्ध स्मारक-उच्च न्यायालय, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ हैं।

### त्रिपुरा में 211.71 करोड़ की 96 सड़क परियोजनाएं स्वीकृत

### 96 बसावटों को मिलेगा पहली बार सड़क संपर्क

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत 2026-27 के बैच-1 में त्रिपुरा के लिए 163.872 किमी लंबाई की 96 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनकी अनुमानित लागत 211.71 करोड़ है। राज्य की 96 बसावटों को पहली बार बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा।

भारत सरकार बदल रही राशन नियम

# अब परिवार नहीं, सदस्यों की संख्या तय करेगी 'अनाज'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली और राशन व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो सकता है। केंद्र ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 का मसौदा जारी किया है। इसमें अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशन वितरण के तरीके में बदलाव का प्रस्ताव है।

### अब प्रति व्यक्ति 7 किलो दिया जाएगा

अभी तक अंत्योदय अन्न योजना के तहत परिवार को हर महीने 35 किलो अनाज दिया जाता है। अब प्रति व्यक्ति 7 किलो अनाज प्रति माह देने का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि एक परिवार को मिलने वाले अनाज की अधिकतम सीमा 35 किलो प्रति माह ही रहेगी। परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार अनाज का वितरण होगा।

जबलपुर
गुरुवार 25 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 21, अंक : 54
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

4
प्रेम के मुखौटे के पीछे भरोसे की हत्या



जबलपुर मैट्रो
8 एक साल के अंदर सीसीटीवी ...

## भोपाल में उबर की एयरपोर्ट राइड 100% तक महंगी

# न्यूनतम किराया अब 120-150 रुपए हुआ टैक्सी संघ के दबाव के बाद बढ़ाई गईं दरें

- ओला-रैपिडो को मिला आज तक का अल्टीमेटम
- मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में सफर करने वाले यात्रियों की जेब अब और ढीली होने वाली है। भोपाल टैक्सी चालक संघ के दबाव के बाद उबर ने एयरपोर्ट राइड के किराए में बड़ी बढ़ोतरी कर दी है। इसके तहत न्यूनतम किराया सीधे 50-60 रुपए से बढ़ाकर 120-150 रुपए तक कर दिया गया है, जो करीब 100 फीसदी की सीधी बढ़ोतरी है।



फाइल फोटो

### 10 साल बाद इजाफा

लगभग 10 साल के लंबे इंतजार के बाद किराए में यह बदलाव आया है। इसके साथ ही एयरपोर्ट से एमपी नगर (डीबी मॉल) तक का उबर गो का किराया भी अब 220-230 रुपए से बढ़कर 270-280 रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, प्रीमियम कैटेगरी की राइड्सका उछाल आया है,(





## एयर टिकटों के दाम 25% तक अब बढ़ेंगे फ्यूल की सप्लाई में आ रही हैं दिक्कतें

**नई दिल्ली।** अगर आप आने वाले महीनों में हवाई यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो अपनी टिकटें अभी बुक करा लेना ही समझदारी होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और जेट फ्यूल (एटीएफ) की सप्लाई में आ रही दिक्कतों के कारण आने वाले समय में हवाई किराया 20% से 25% तक महंगा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### जीडीपी घटकर 6.6% रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, ऊर्जा संकट, अल नीनो के प्रभाव से कमजोर पड़ता मॉनसून और वैश्विक मंदी इस गिरावट के मुख्य कारण हैं। वर्ष 2026 में भारत की विकास दर 7.7% और वित्त वर्ष 2025 में 7.1% दर्ज की गई थी। आरबीआई ने भी वृद्धि दर का अनुमान 6.6 फीसदी ही रखा है।

### बालाघाट में 4 हजार की रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार



**बालाघाट।** जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने बालाघाट जिले के वारासिवनी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी के लेखापाल वोमेंद्र कुमार रोकड़े (49) को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार डोहरे से एरियर्स की राशि निकालने के एवज में यह रिश्वत मांगी थी। रोकड़े ने 4 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### भाजपा नेताओं पर डॉक्टर से अभद्रता का आरोप



**राजगढ़।** जिला अस्पताल में पदस्थ सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. अंकुर देशवाली के साथ पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, भाजपा नेता श्याम गुर्जर व केपी पंवार पर अभद्रता का आरोप लगा है। पीड़ित डॉक्टर ने एसपी अमित कुमार तोलानी से लिखित शिकायत की है। आरोप लगाया कि नेताओं ने ट्रॉमा सेंटर के बाहर सड़क पर ही चिकित्सीय परीक्षण करने का अनुचित दबाव बनाया और अभद्रता की।

## सीएम ने रानी दुर्गावती के 463 वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम को जबलपुर में किया संबोधित

# अब जबलपुर एयरपोर्ट का नाम होगा रानी दुर्गावती के नाम पर

रानी दुर्गावती को समर्पित हुई थी जबलपुर में कैबिनेट बैठक



- मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र की धरती पर लगभग 500 वर्ष पूर्व रानी दुर्गावती का जन्म हुआ, लेकिन आज पूरा देश और प्रदेश उन्हें आदर के साथ स्मरण करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की धरती पर लगभग 500 वर्ष पूर्व रानी दुर्गावती का जन्म हुआ, लेकिन आज पूरा देश और प्रदेश उन्हें आदर के साथ स्मरण करता है। प्रदेश सरकार के गठन के बाद कैबिनेट की पहली बैठक जबलपुर में रानी दुर्गावती को समर्पित कर आयोजित की गई थी। दूसरी कैबिनेट की बैठक रानी दुर्गावती के गोंडवाना साम्राज्य की राजधानी संग्रामपुर में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने के लिए केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनकी समाधि स्थल नर्रई नाला जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय को इसका प्रस्ताव भेजा जाएगा



सीएम डॉ. यादव, हेमंत खंडेलवाल, संपतिया उइके और गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए

- **रानी दुर्गावती के नाम पर नवीन संस्थान का जबलपुर में जल्द होगा लोकार्पण**
- **100 करोड़ रूपए लागत से मदन महल के पास तैयार हो रहा है संस्थान**

### 35 वीं बटालियन मंडला का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती को समर्पित नवीन संस्थान जबलपुर में 100 करोड़ रुपए की लागत से मदन महल के पास तैयार हो रहा है, जिसका लोकार्पण बहुत जल्द किया जाएगा। इस संस्थान से प्रदेश की भावी पीढ़ी रानी दुर्गावती के गौरवशाली अतीत और कार्यों से परिचित होंगी। जबलपुर में रानी दुर्गावती के नाम पर एक चिड़ियाघर (जू) और वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर बन रहा है।

### भूमि अधिग्रहण करने पर किसानों को अब चार गुना मुआवजा

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए ठोस निर्णय ले रही है। अब किसानों को शून्य ब्याज दर पर 31 मार्च तक कर्ज चुकाने की बाध्यता खत्म कर दी गई है।

### जनजातीय समाज का योगदान भारत के इतिहास में अमूल्य : खंडेलवाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समाज के सम्मान, उत्थान, भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि रानी दुर्गावती केवल एक वीर योद्धा नहीं थीं, बल्कि जल प्रबंधन, कृषि व्यवस्था, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अद्भुत प्रतिमूर्ति थीं। वरिष्ठ विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान स्वतंत्रता, संस्कृति, अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा का अमर प्रतीक है। रानी दुर्गावती ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि सम्मान के साथ मृत्यु, अपमानजनक जीवन से कहीं श्रेष्ठ होती है।

## आईसीएआई सीए इंटरमीडिएट 2026 का रिजल्ट घोषित

# शार्दुल बने ऑल इंडिया टॉपर भोपाल के ईशान को 15वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/भोपाल

इस परीक्षा में कुल 1,53,862 उम्मीदवारों ने लिया था भाग



शार्दुल शेखर

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सीए इंटरमीडिएट मई 2026 परीक्षा के परिणाम आधिकारिक तौर पर जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में डोंबिवली के शार्दुल शेखर विचारे ने 600 में से 531 अंक (88.50%) हासिल कर देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है।

### ईशान ने कामयाबी का मूलमंत्र नियमितता को बताया



ईशान मंगल

भोपाल के ईशान मंगल ने अपनी कामयाबी का मूलमंत्र कंसिस्टेंसी को बताया है। सीए फाउंडेशन का रिजल्ट आने के बाद ही 9 महीनों के समय को अलग-अलग चरणों में बांटकर तैयारी की।

## राहुल गांधी की हाईकोर्ट में दलील

# शिवराज परिवार के लिए नहीं था विवादित बयान

कोर्ट ने अंतिम निर्णय के लिए गुरुवार को तय की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



राहुल गांधी

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान राहुल गांधी की ओर से अदालत में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अपने कथित बयान पर खेद व्यक्त किया गया। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने राहुल गांधी के इस लिखित आवेदन पर कार्तिकेय सिंह चौहान से जवाब-तलब किया है।

## मनचाहे तबादलों की राह आसान

# मैरिज सर्टिफिकेट की शर्त हटी समग्र व सर्विस बुक से आवेदन



सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के स्वैच्छिक तबादलों में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र (मैरिज सर्टिफिकेट) जमा करने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। अब पति-पत्नी के शासकीय सेवा में होने के आधार पर तबादले के लिए आवेदन करने वाले शिक्षक मैरिज सर्टिफिकेट के स्थान पर समग्र आईडी, सत्यापित सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) की प्रति या अन्य मान्य दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे।

## एईएल का डिजिटल क्रांति पर बढ़ा फोकस

# गूगल व माइक्रोसॉफ्ट जैसे टेक दिग्गजों के साथ मिलाया हाथ




34वीं एनुअल जनरल मीटिंग में अडाणी बोले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अडाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड (एईएल) की 34वीं एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में चेयरमैन गौतम अदाणी ने ग्रुप के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और फ्यूचर मेगा प्रोजेक्ट्स को लेकर बड़ा रोडमैप पेश किया। इस बैठक में सबसे ज्यादा ध्यान ग्रुप के तेजी से बढ़ते डिजिटल और डेटा सेंटर विस्तार पर रहा। गौतम अदाणी ने विशाखापट्टनम में एक विशाल डेटा सेंटर प्रोजेक्ट के लिए टेक दिग्गज गूगल के साथ हुए।

## ओबीसी आरक्षण का मामला

# मप्र हाईकोर्ट में फिर टली सुनवाई, अब 13 जुलाई से



एक बार फिर राज्य सरकार की ओर से समय मांगा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

ओबीसी आरक्षण के मामले में मप्र हाईकोर्ट में बुधवार को भोजनावकाश के बाद सुनवाई नियत थी। मामले से जुड़े 91 प्रकरणों में जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई होनी थी। लेकिन एक बार फिर राज्य सरकार की ओर से समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 जुलाई से प्रतिदिन करने के निर्देश दिए।

## मंदसौर में खेतों के बीच चल रही थी ड्रग्स फैक्ट्री

# 14 करोड़ की एमडी ड्रग जब्त, दो गिरफ्तार किए

बाहरी क्षेत्रों से कच्चा माल मंगवाकर तैयार होती थी ड्रग्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिले में पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। नई आबादी थाना क्षेत्र के ग्राम बाजखेड़ी में खेतों के बीच बने एक पक्के मकान में अवैध रूप से एमडी ड्रग का निर्माण किया जा रहा था। पुलिस ने इस फैक्ट्री पर छापा मारकर करीब 14 करोड़ रुपए मूल्य की 13 किलो से अधिक तैयार एमडी ड्रग, भारी मात्रा में केमिकल और कच्चा सामान जब्त किया है। बुधवार को पुलिस ने मामले का औपचारिक खुलासा किया।

## रतलाम हंगामा: पुलिस के तो छूट गए पसीने

# विधायक डोडियार और उनके समर्थकों के बीच पुलिस से झड़प

पुलिस को छकाकर कलेक्ट्रेट पहुंचे विधायक टूटे बैरिकेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतलाम

रतलाम में भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई।

प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए शहर के बाहर और कोर्ट चौराहा पर भारी बैरिकेडिंग की थी। दिनभर चले गतिरोध के बाद शाम को अचानक माहौल गरमा गया। विधायक कमलेश्वर डोडियार और उनके समर्थकों ने पुलिस का घेरा और बैरिकेड्स तोड़कर कलेक्ट्रेट की तरफ दौड़ लगा दी।



भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) का उग्र प्रदर्शन

## समाज को ये क्या हो गया? : अप्राकृतिक कृत्य करने का किया था विरोध

5 दिन बाद नाले से पुलिस ने बरामद किया था डिकंपोज शव, अंधे कत्ल का खुलासा

# तो... सिर पर पत्थर पटककर कर दी थी युवक की 'हत्या'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजेश राय (मृतक)

बाइपास पर ईकोलॉजिकल पार्क के पास नाले से मिले गुमशुदा युवक की हत्या की गई थी। लूटे गए मोबाइल से पुलिस कटारा हिल्स पुलिस ने इस अंधे कत्ल का खुलासा कर दिया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह अप्राकृतिक कृत्य करने का आदी था। उसने युवक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का प्रयास किया। युवक ने उसका विरोध किया तो उसने पत्थर पर सिर पटक पटककर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार राजेश राय पिता बलीराम राय (37) राजस्थानी मोहल्ला, सतलापुर जिला रायसेन का रहने वाला था। गत 24 मई की शाम वह घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पांच दिन बाद 29 मई को उसका शव कटारा हिल्स पुलिस ने ईकोलॉजिकल पार्क बायपास स्थित नाले से डिकंपोज अवस्था में बरामद किया।

### आईएमआई से ट्रेस हुआ आरोपी

घटनास्थल पर मृतक का स्कूटर तीन चार दिन खड़ा रहा और इसके बाद स्कूटर भी चोरी हो गया। मृतक का मोबाइल भी उसके पास से नहीं मिला था। पुलिस ने उसके मोबाइल को ट्रेसिंग पर डाला। मोबाइल ऑन होने ही पुलिस ने हत्यारे की लोकेशन मिल गई। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर अजय मियाना (28) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उससे मोबाइल के बारे में पूछताछ की गई। उसने बताया कि उक्त मोबाइल उसे दीपक ने दिया है।

### टावर लोकेशन से पकड़ाया आरोपी

पुलिस ने अजय मियाना और दीपक की टावर लोकेशन निकलवाई। अजय की लोकेशन घटनास्थल पर मिली। अजय से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने हत्या करने की बात स्वीकार ली। उसने बताया कि मैं बाइपास से गुजर रहा था, तभी राजेश राय को शराब के नशे में धुत देखा। उसके साथ एक रोटी खाई। इसके बाद उसे घसीटकर नाले में ले गया और अप्राकृतिक कृत्य करने का प्रयास किया। राजेश नहीं माना तो उसका सिर पत्थर पर तीन चार बार पटक दिया। इसके बाद उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गया था।

## चिंतन

# मानसून फिर सक्रिय होने के बावजूद सतर्कता जरूरी

देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून ने कुछ दिनों के विराम के बाद फिर रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मानसून की प्रगति अब सामान्य दिशा में आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में अच्छी वर्षा की संभावना है। यह खबर किसानों के लिए राहत लेकर आई है, क्योंकि खरीफ का सबसे महत्वपूर्ण दौर इसी समय होता है। हालांकि राहत के साथ-साथ सावधानी की भी आवश्यकता है। मौसम वैज्ञानिक इस वर्ष प्रशांत महासागर में विकसित हो रही अल नीनो जैसी परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं, जो मानसून के वितरण और वर्षा के स्वरूप को प्रभावित कर सकती है। हमारी कृषि आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। देश के लगभग आधे कृषि क्षेत्र में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और वहां वर्षा ही खेती का मुख्य आधार है। ऐसे में मानसून का समय पर पहुंचना और नियमित वर्षा होना किसानों की आय, उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि केवल कुल वर्षा का आंकड़ा पर्याप्त नहीं होता। असली चुनौती वर्षा के वितरण में होती है। कई बार पूरे सीजन में सामान्य वर्षा दर्ज होती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश और कुछ क्षेत्रों में लंबे सूखे अंतराल देखने को मिलते हैं। यही स्थिति फसलों के लिए सबसे अधिक नुकसानदायक साबित होती है। अल नीनो का प्रभाव भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण हो जाता है। सामान्यतः अल नीनो की स्थिति में प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी भाग का समुद्री तापमान बढ़ जाता है, जिससे वैश्विक मौसम चक्र प्रभावित होता है। भारत में इसका संबंध अक्सर कमजोर या असमान मानसून से जोड़ा जाता रहा है। हालांकि हर अल नीनो वर्ष में सूखा पड़े, यह जरूरी नहीं है, लेकिन इसके कारण मानसून की अनिश्चितता बढ़ जाती है। इसलिए किसानों के लिए यह समय केवल बारिश का इंतजार करने का नहीं, बल्कि जोखिम प्रबंधन की तैयारी करने का भी है। इसलिए किसान मौसम आधारित खेती को प्राथमिकता दें। खेत में बुवाई, सिंचाई, उर्वरक प्रयोग और कीटनाशक छिड़काव स्थानीय मौसम की जानकारी के आधार पर ही करें। यदि किसी क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना हो तो उर्वरकों और रसायनों का प्रयोग टालना अधिक लाभकारी होगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात जल प्रबंधन की है। मानसून के शुरुआती दौर में होने वाली अच्छी बारिश का अधिकतम संग्रह किया जाना चाहिए। खेत तालाब, मेड़बंदी, वर्षा जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग भविष्य में पड़ने वाले सूखे अंतराल से बचाने में मदद कर सकता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू फसल बीमा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी व्यवस्थाओं का लाभ उठाना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर सकता है। अक्सर किसान इसे अतिरिक्त खर्च समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदा की स्थिति में यही सुरक्षा आर्थिक संकट को कम कर सकती है। सरकार और कृषि विभागों की भी जिम्मेदारी है कि वे किसानों तक समय पर और स्थानीय स्तर की मौसम जानकारी पहुंचाएं। केवल पूर्वानुमान जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके आधार पर कृषि सलाह भी उपलब्ध करानी चाहिए। कृषि विस्तार सेवाओं को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है ताकि किसान बदलते मौसम के अनुसार अपने निर्णय ले सकें। इसलिए किसान बारिश का स्वागत करें, लेकिन तैयारी और सतर्कता को भी उतनी ही प्राथमिकता दें। इससे ही बेहतर उत्पादन और अधिक आय हासिल हो सकती है।



मंथन
कांतिलाल मांडोत

# प्रेम के मुखौटे के पीछे भरोसे की हत्या

भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा।

महाराष्ट्र के पुणे से सामने आए एक चर्चित हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जिस रिश्ते को विश्वास और जीवनभर के साथ का आधार माना जाता है, उसी रिश्ते के भीतर कथित साजिश और हत्या की कहानी ने समाज को कई कठिन सवालों के सामने खड़ा कर दिया है। एक ओर शादी की तैयारियां चल रही थीं, करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन की योजनाएं बनाई जा रही थीं। दूसरी ओर रिश्तों की सतह के नीचे अविश्वास और दूसरे संबंधों का ऐसा जाल बुना जा रहा था, जिसने अंततः एक युवा कारोबारी की जान ले ली। पुलिस जांच के अनुसार मंगेतर और उसके कथित प्रेमी पर युवक की हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

मामला केवल एक आपराधिक घटना भर नहीं है, बल्कि यह बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर करता है। आज समाज का बड़ा वर्ग इस घटना को केवल हत्या के रूप में नहीं बल्कि भरोसे की हत्या के रूप में देख रहा है। भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। यही कारण है कि पुणे की इस घटना ने लोगों को भीतर तक विचलित किया है। सवाल केवल यह नहीं है कि एक युवक की मौत कैसे हुई बल्कि यह भी है कि क्या हमारे समाज में संवाद की जगह छल ने ले ली है। क्या सच बोलने का साहस कम होता जा रहा है। क्या लोग अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेने के बजाय गलत रास्ते चुनने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रेम संबंधों विवाहेतर संबंधों या निजी रिश्तों के विवादों ने हिंसक रूप ले लिया। कभी पति या पत्नी की हत्या की खबर आती है तो कभी प्रेमी या प्रेमिका को रास्ते से हटाने की साजिश का खुलासा होता है। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के युग में रिश्ते बनना आसान हुआ है लेकिन उन्हें निभाने की जिम्मेदारी और ईमानदारी का महत्व भी उतना ही बढ़ गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि समाज में बढ़ती भौतिकता और त्वरित संतुष्टि की मानसिकता ने भी रिश्तों को प्रभावित किया है। बहुत से लोग रिश्तों को एक प्रतिबद्धता के बजाय सुविधा के रूप में देखने लगे हैं। जब तक सब कुछ अनुकूल रहता है, तब तक संबंध चलते हैं लेकिन कठिन परिस्थितियां आते ही कई लोग जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करते हैं। यह प्रवृत्ति चिंता का विषय है क्योंकि किसी भी स्वस्थ समाज की बुनियाद भरोसे और नैतिकता पर टिकी होती है। धोखाधड़ी आज के समय में केवल आर्थिक अपराध तक सीमित नहीं रह गई है। भावनात्मक धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। कई बार लोग एक व्यक्ति के साथ भविष्य के सपने दिखाते हैं जबकि समानांतर रूप से किसी और संबंध में




भी जुड़े रहते हैं। जब सच्चाई सामने आती है तो उसके परिणाम केवल व्यक्तिगत नहीं होते बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करते हैं। माता-पिता भाई-बहन और अन्य परिजन भी मानसिक आघात से गुजरते हैं। इस घटना ने अवैध संबंधों और बढ़ते व्यभिचार पर भी बहस छेड़ दी है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी रिश्ते में पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यदि दो लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव समाप्त हो गया है या कोई अन्य संबंध बन चुका है तो उसे ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए। झूठ और दोहरी जिंदगी अंततः बड़े संकट को जन्म देती है। जब भावनाएं स्वार्थ और छल से संचालित होने लगती हैं तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। सोशल मीडिया ने भी रिश्तों के स्वरूप को बदल दिया है। आज लोग अपने निजी जीवन की चमकदार तस्वीरें दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं, लेकिन वास्तविकता कई बार उससे बिल्कुल अलग होती है। डिजिटल दुनिया में बनाई गई छवि और वास्तविक जीवन के बीच का अंतर कई बार गंभीर मानसिक और सामाजिक समस्याओं को जन्म देता है। पुणे मामले में भी जांच एजेंसियों ने सोशल मीडिया चैट और डिजिटल साक्ष्यों को महत्वपूर्ण माना है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि आधुनिक अपराधों की जांच में तकनीक की भूमिका कितनी बढ़ चुकी है। समाज के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि नैतिक मूल्यों को कैसे मजबूत किया जाए। केवल कानून अपराध होने के बाद कार्रवाई कर सकता है, लेकिन अपराध होने से पहले उसे रोकने का काम परिवार समाज और शिक्षा व्यवस्था को करना होगा। बच्चों और युवाओं को यह सिखाना आवश्यक है कि किसी भी रिश्ते की नींव ईमानदारी और सम्मान पर टिकी होती है। यदि किसी संबंध में असहमति है तो उसका समाधान संवाद से होना चाहिए, न कि छल या हिंसा से। परिवारों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवारों के बीच संवाद कम होता जा रहा है। कई युवा अपनी भावनात्मक समस्याओं और व्यक्तिगत संघर्षों को साझा नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप वे गलत निर्णयों की ओर बढ़ जाते हैं। यदि परिवारों में खुला संवाद और विश्वास का वातावरण हो तो अनेक संकटों को समय रहते रोका जा सकता है। कानून व्यवस्था के स्तर पर भी ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच जरूरी है ताकि अपराधियों को स्पष्ट संदेश मिले कि किसी भी परिस्थिति में हिंसा स्वीकार्य नहीं है। साथ ही समाज को भी यह समझना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं बल्कि सम्मान है। यदि कोई रिश्ता नहीं निभ सकता तो उसे समाप्त किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने का अधिकार किसी को नहीं है। पुणे की यह घटना एक चेतावनी है कि आधुनिकता के साथ यदि नैतिकता और जिम्मेदारी का संतुलन नहीं रखा गया तो समाज गंभीर संकटों का सामना करेगा। रिश्तों में बढ़ता अविश्वास परिवार संस्था को कमजोर कर सकता है। प्रेम यदि ईमानदारी से जुड़ा हो तो जीवन को संवारता है लेकिन यदि उसमें छल और स्वार्थ प्रवेश कर जाए तो वही प्रेम विनाश का कारण बन सकता है। आज आवश्यकता केवल इस एक घटना पर चर्चा करने की नहीं बल्कि उन सामाजिक कारणों को समझने की है जो ऐसे अपराधों को जन्म देते हैं। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा। तभी समाज विश्वास और मानवीय मूल्यों की उस राह पर आगे बढ़ सकेगा, जहां प्रेम जीवन का आधार बने, न कि किसी त्रासदी की वजह।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# आपातकाल : इंदिरा गांधी की क्षमायाचना और उसके बाद...

इक्यावन साल पहले 1975 में वह आज का ही दिन था, 25 जून का, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देशव्यापी आपातकाल की घोषणा कर दी थी। इस घोषणा के बाद सारे विपक्षी नेताओं को तुरत-फुरत जेल में डाल दिया गया था, अभिव्यक्ति की आजादी समेत नागरिकों के सारे मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे और इन कदमों के विरुद्ध प्रतिरोध का कोई स्वर न उठ सके, इसके लिए अखबारों पर सख्त सेंसर लगा दिया गया था। ज्ञातव्य है कि उन दिनों अखबार ही लोगों के लिए समाचारों के मुख्य स्रोत हुआ करते थे। यह आपातकाल 21 मार्च,1977 तक कुल मिलाकर लगभग 21 महीनों तक लागू रहा और इंदिरा गांधी ने उसे तब भी नहीं हटाया, जब इस मुगालते में लोकसभा चुनाव करा दिए कि 'आपातकाल की उपलब्धियों से खुश' मतदाता उनको आसानी से जीत दिला देंगे। उनकी उम्मीद के विपरीत इस चुनाव में उनकी करारी हार हुई तो प्रधानमंत्री पद से अपने इस्तीफे से पहले उन्होंने यह सोचकर राष्ट्रपति से आपातकाल हटाने की सिफारिश कर दी कि उनके इस्तीफे के बाद भी वह लागू रह गया तो नई सरकार अपनी बारी पर उसके प्रावधानों को उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल करना शुरू कर देगी। फिर 23 जनवरी,1978 को अनेक प्रेक्षकों को चकित करते हुए आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों, ज्यादतियों व गलतियों के लिए सार्वजनिक रूप से और बिना शर्त माफी मांग ली। इसके लिए उन्होंने उन दिनों महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव के सिलसिले में यवतमाल में अपनी नवगठित पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को चुना। अलबत्ता, इस सभा में भी उन्होंने आपातकाल को उस दौर की बीमारियों के इलाज के लिए दी गई ऐसी दवा बताया, जो निस्संदेह सुखद नहीं थी। लेकिन उसके बाद?

उन्हीं के शब्दों में कहें तो 'उसके बाद नए चुनाव कराने में हमने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया। हमसे हुई गलतियों को लेकर नाराज देश की जनता ने हमारे खिलाफ फैसला दिया तो हमने उसके फैसले को भी विनम्रता से स्वीकार किया।' महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के साथ ही कर्नाटक विधानसभा के भी चुनाव हुए थे, जिसमें इंदिरा गांधी की पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था और उसने देवराज अर्स के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। बहरहाल, श्रीमती गांधी द्वारा मांगी गई माफ़ी की पृष्ठभूमि पर विचार करें तो केंद्र की सत्ता से उनकी बेदखली के बाद नई-नई बनी जनता पार्टी की सरकार ने उन दिनों आपातकाल की ज्यादतियों की जांच के लिए शाह नामक कमीशन गठित कर रखा था और सरकारी समाचार माध्यमों से उसकी कार्रवाई का भरपूर प्रचार कराकर उनके विरुद्ध फैले जनाक्रोश की उम्र लम्बी करने में लगी हुई थी। ऐसे में उनका यवतमाल में माफी मांगना सिर्फ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जय-पराजय से जुड़ा हुआ मामला नहीं था। उससे उनकी देश भर में अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने की एक बड़ी चुनावी रणनीति जुड़ी हुई थी। इस रणनीति ने देश की राजनीति में उनकी जैसी वापसी कराई, वह भारतीय राजनीति के इतिहास का एक बेहद दिलचस्प अध्याय है। प्रतिद्वंद्वी जनता पार्टी की टूट-फूट का लाभ उठाकर उन्होंने लोकसभा के 1980 के मध्यावधि चुनाव में जिस तरह वापसी की, उसे दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक कमबैक में से एक माना जाता है। फरवरी, 1978 में कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीतने के कुछ ही महीनों बाद नवंबर 1978 में उन्होंने इसी राज्य की चिकमगलूर सीट से लोकसभा का उपचुनाव जीतकर देश की सत्ता में अपनी वापसी की भूमिका लिखनी शुरू की तो जनता पार्टी की सरकार ने उनको घेरने के चक्कर में विशेषाधिकार हनन के आरोप में उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर जेल भेज दिया। तब उन्होंने इस कार्रवाई को जनता के सामने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में पेश किया और उसकी सहानुभूति प्राप्त कर ली। फिर तो 1980 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 351 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया और वे फिर से देश की प्रधानमंत्री बन गईं। 1977 की हार के बाद वे पल भर भी निराश नहीं बैठी थीं। जुलाई 1977 में बिहार के बेलछी गांव में दलितों के साथ हिंसा हुई तो वे बाढ़ के बावजूद पानी भरे रास्ते को पार करने के लिए हाथी पर सवार होकर वहां उनके आंसू पोंछने पहुंची थीं। उसके बाद पीड़ितों के प्रति दिखाई गई इस गहरी सहानुभूति की तस्वीरों ने देश की गरीब और शोषित जनता के बीच उनकी 'गरीबों की मसीहा' वाली छवि को दोबारा जिंदा कर दिया था।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता

## भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो

## सटाका




## आज की पाती


### सुरक्षा मानकों पर उठते सवाल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में 22 जून को एक दो-मंजिला व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस दर्दनाक हादसे में तीन महिलाओं सहित 15 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि सात अन्य घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मृतकों में अधिकांश विद्यार्थी थे, जो भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित डिजिटल लाइब्रेरी और एनिमेशन सेंटर में अध्ययन कर रहे थे। आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक पेट शॉप में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और कुछ ही मिनटों में पूरे भवन में फैल गई। यह भी सामने आया है कि प्रवेश द्वार थंब इम्प्रेशन प्रणाली से संचालित था, जो आपातकालीन स्थिति में समय पर नहीं खुल पाया। क्या सुरक्षा एजेंसी ने कभी सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।

*- राहुल शर्मा, जींद*

## करंट अफेयर

# चीनी कंप्यूटर 'लाइनशाइन' ने अमेरिकी कंप्यूटर को पछाड़ा



चीन का एक सुपरकंप्यूटर अमेरिकी मशीनों को पछाड़कर अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली कंप्यूटर बन गया है। वर्ष 2017 के बाद यह पहला मौका है जब किसी चीनी कंप्यूटर ने उस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है जिसे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किसी देश की क्षमता के पैमाने के रूप में भी अकसर देखा जाता है। चीन के शेनझेन में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने मंगलवार को घोषित 'टॉप500' कंप्यूटर की रैंकिंग के हालिया संस्करण में अमेरिकी कंप्यूटर 'एल कैपिटन' को पछाड़ दिया। 'टॉप500' परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने बताया कि चीन के राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग केंद्र में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने 2.198 एक्साफ्लॉप्स की क्षमता हासिल की है। इसका अर्थ है कि यह प्रति सेकंड दो क्विंटिलियन (10 की घात 18) से अधिक गणनाएं कर सकता है। अमेरिकी सरकार की कैलिफोर्निया स्थित 'लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी' का 'एल कैपिटन' अब दूसरे स्थान पर है। इसके बाद टेनेसी और इलिनॉय की राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में स्थित दो अन्य अमेरिकी सुपरकंप्यूटर का स्थान है। जर्मनी का 'जुपिटर' सुपरकंप्यूटर खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है। ये पांचों दुनिया के एकमात्र ऐसे 'एक्सास्केल' कंप्यूटर हैं, जिनकी क्षमता की सार्वजनिक रूप से पुष्टि की गई है।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी का ज्ञात क्रेटर तीन अरब वर्ष से भी अधिक पुराना



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पिलबारा क्षेत्र में स्थित प्राचीन चट्टानों पर किए गए एक नए अध्ययन में पुष्टि हुई है कि पृथ्वी पर ज्ञात सबसे पुराना क्रेटर 3.024 अरब वर्ष से अधिक पुराना है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक क्रिस किर्कलैंड के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि उत्तरी ध्रुव के झुकाव वाले क्षेत्र में मौजूद भूगर्भीय संरचना एक विशाल उल्कापिंड टक्कर का परिणाम है, जो आर्कियन काल (4 से 2.5 अरब वर्ष पूर्व) में हुई थी। इस क्षेत्र की चट्टानें लगभग 3.5 अरब वर्ष पुरानी ज्वालामुखीय चट्टानें हैं, जिनमें 'शॉटर कोन्स' पाए गए हैं। ये संरचनाएं अत्यधिक दबाव और झटके का संकेत देती हैं, जो किसी उल्कापिंड के टकराने से उत्पन्न होते हैं। शोधकर्ताओं ने इन चट्टानों के भीतर मौजूद सूक्ष्म खनिजों का विश्लेषण कर उनकी आयु निर्धारित की। विशेष रूप से जिरकॉन के क्रिस्टलों में यूरेनियम-सीसा डेटिंग तकनीक का उपयोग किया गया। यह तकनीक रेडियोधर्मी क्षय के सिद्धांत पर आधारित होती है और अत्यंत प्राचीन घटनाओं की सटीक आयु निर्धारित करने में सहायक होती है। अध्ययन में पाया गया कि कुछ जिरकॉन क्रिस्टल 3.4 अरब वर्ष से भी पुराने थे, जो संभवतः उस प्राचीन चट्टान का हिस्सा थे जिस पर उल्कापिंड का प्रभाव पड़ा था।

## ट्रेंड

### कॉरिडोर विज़न



असम एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर का एक नेटवर्क बना रहा है ताकि हर इलाके तक यात्रा का समय मौजूदा 13-15 घंटे से घटकर 6 घंटे के दायरे में आ जाए। बड़े सिलीगुड़ी-सिलचर कॉरिडोर विज़न के तहत सिलचर-शिलांग सेक्शन पर काम पहले ही चल रहा है।

- **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### महत्वपूर्ण कदम



आज झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई शुरुआत हुई है। न केवल डॉक्टरों, बल्कि अस्पताल प्रबंधकों और वित्त प्रबंधकों की नियुक्ति से अस्पताल प्रबंधन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

- **हेमंत सोरेन**, सीएम, झारखंड

### लखनऊ अग्निकांड



लखनऊ अग्निकांड जैसी जानलेवा घटनाएं अनगिनत परिवारों की उम्मीदें तोड़ देती हैं। ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए सही ढंग से काम करने की ज़रूरत है। सिर्फ़ एक-दूसरे पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा।

- **मायावती**, पूर्व सीएम, उप्र

### छात्रों की आवाज़



लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है, नीट पेपर लीक की वजह से 20 बच्चों ने अपनी जान दे दी...लेकिन मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं और इंटरव्यू देते समय "छात्रों की आवाज़" को "आतंकवादी" कह रहे हैं।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## रानी दुर्गावती ने विपरीत परिस्थितियों में भी गौंडवाना साम्राज्य को सशक्त नेतृत्व दिया

# 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे रानी दुर्गावती संस्थान का लोकार्पण जल्द





**जबलपुर।** वीरांगना महारानी रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर को बड़ी सौगात देने की घोषणा करते हुए कहा कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती साहस, स्वाभिमान और पराक्रम की ऐसी मिसाल हैं, जिनका जीवन आज भी देश और समाज को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नर्रई नाला स्थित समाधि स्थल पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती ने विपरीत परिस्थितियों में भी गौंडवाना साम्राज्य को सशक्त नेतृत्व दिया और मुगल साम्राज्य की विस्तारवादी नीतियों का डटकर मुकाबला किया। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने पुत्र को सिंहासन पर बैठाकर स्वयं राज्य संचालन की जिम्मेदारी संभाली और वर्षों तक जनता की सेवा एवं राज्य की रक्षा के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल की पहली मंत्रिपरिषद बैठक भी रानी दुर्गावती की स्मृति को समर्पित करते हुए जबलपुर में आयोजित की थी।

### जबलपुर में तैयार हो रहा रानी दुर्गावती संस्थान

डॉ. यादव ने बताया कि मदन महल क्षेत्र में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से रानी दुर्गावती को समर्पित एक भव्य संस्थान तैयार किया जा रहा है, जिसका शीघ्र लोकार्पण होगा। इस संस्थान के माध्यम से नई पीढ़ी को रानी दुर्गावती के जीवन, संघर्ष और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार रानी दुर्गावती के नाम पर जू और वन्यप्राणी रेस्क्यू सेंटर भी विकसित कर रही है, जबकि मंडला स्थित 35वीं बटालियन का नाम भी उनके नाम पर रखा गया है।

### किसानों के लिए नई सुविधाओं का ऐलान

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों के हित में लिए जा रहे निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब शून्य प्रतिशत ब्याज पर लिए गए ऋण की अदायगी के लिए 31 मार्च की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। किसान ऋण लेने की तिथि से एक वर्ष के भीतर भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए राज्य सरकार वित्तीय संस्थानों को 880 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों को चार गुना तक मुआवजा दिया जाएगा। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना और विभिन्न किसान कल्याण योजनाओं से भी किसानों को लाभ मिल रहा है।

### जनजातीय गौरव और विरासत संरक्षण पर जोर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने रानी दुर्गावती को नमन करते हुए जनजातीय समाज की भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया। वहीं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि रानी दुर्गावती केवल वीरता की प्रतीक नहीं थीं, बल्कि जल प्रबंधन, कृषि विकास और सुशासन की भी अद्वितीय मिसाल थीं। उन्होंने जबलपुर एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखने की मांग दोहराई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान स्वाभिमान, स्वतंत्रता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का अमर प्रतीक है।

### समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्रई नाला स्थित समाधि स्थल पहुंचकर रानी दुर्गावती को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने शहीद वीर नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा बड़ा देव की पूजा-अर्चना भी की। बाद में मुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी 'इंदू', नीरज सिंह एवं संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन सहित संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय व गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से मिली मां-बेटी, सुरक्षा और न्याय की लगाई गुहार



**जबलपुर।** शहर में कथित रूप से असामाजिक तत्वों की प्रताड़ना से परेशान एक मां और बेटी ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। इससे पहले 16 जून को दोनों महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंची थीं, जहां उन्होंने घुटनों के बल बैठकर सुरक्षा और न्याय की मांग की थी। उनका कहना था कि लगातार शिकायतों के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिल रही है।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री को दोनों ने रोककर अपनी व्यथा सुनाई। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद प्रशासन और पुलिस स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे परिवार भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है। मामले को गंभीर मानते हुए मुख्यमंत्री ने परिवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर बुलाया है। साथ ही एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

### सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिली मोहलत

# नर्मदा में अवैध रेत खनन व मत्स्याखेट पर हाई कोर्ट की रोक बरकरार

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन और माहसीर मछली के अवैध शिकार पर पूर्व में लगाई गई अंतरिम रोक बरकरार रखी है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस विजय कुमार शुक्लाकोर्ट खबरें की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय प्रदान किया है। जनहित याचिका की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा। जबलपुर निवासी अभिषेक कुमार सिंह की ओर से दलील दी गई कि नर्मदा के खिरहनी घाट क्षेत्र में अवैध रेत खनन तथा राज्य मछली माहसीर के अवैध मत्स्याखेट का मुद्दा उठाया गया है। जनहित याचिका में कहा गया कि प्रजनन काल में भी माहसीर का शिकार जारी है, जिससे यह प्रजाति विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही है। याचिकाकर्ता ने बताया कि मार्च 2026 में प्रशासन ने अवैध रेत से भरे दो हाईवा जब्त किए थे, लेकिन बाद में जब्त रेत चोरी होने तथा शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने के आरोप हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने पूर्व में लगाई गई रोक को यथावत रखा।

थाना प्रभारी, जांच अधिकारी, सीएमएचओ, जिला आयुष अधिकारी व एसपी समेत 8 पक्षकारों को नोटिस

## अवैध आयुर्वेदिक कारोबार व शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का मामला कोर्ट पहुंचा

**जबलपुर।** अवैध आयुर्वेदिक दवाओं के कथित कारोबार, मारपीट तथा शिकायतों पर कार्रवाई नहीं किए जाने के आरोपों से जुड़े मामले में जेएमएफसी जबलपुर ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरुण कुमार गोयल की अदालत ने प्रथमदृष्टया सुनवाई योग्य आधार पाते हुए आठ अनावेदकों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर, 2026 को होगी। परिवादी की ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने पैरवी की। परिवादी विकास चन्द्र कोरी ने आरोप लगाया है कि पनागर क्षेत्र में बिना आवश्यक अनुमति व पंजीयन के आयुर्वेदिक व हर्बल गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। शिकायत करने पर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। परिवाद में थाना प्रभारी, जांच अधिकारी, सीएमएचओ, जिला आयुष अधिकारी व पुलिस अधीक्षक जबलपुर को भी पक्षकार बनाया गया है। आरोप है कि लिखित शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई।

### स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने चलेगा अभियान

# एनकॉर्ड की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

### *नशीले पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से रोक लगायें : कलेक्टर*

**जबलपुर।** स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने जिले में 15 से 31 जुलाई तक अभियान चलाया जायेगा। यह जानकारी आज बुधवार कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एनकॉर्ड (नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर) की जिला स्तरीय बैठक में दी गई। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में नशे के अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलों और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में स्थित पान, गुट्खा की दुकानों को हटाने के तथा नशीले पदार्थों का विक्रय पाए जाने के मामलों में त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई की हिदायत अधिकारियों को दी। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावासों और पुर्नवास गृहों की नियमित रूप से जांच करने के निर्देश भी दिये। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास के साथ स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने चलाये जाने वाले अभियान में शैक्षणिक परिसरों को ड्रग फ्री जोन घोषित करने पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए निबंध एवं पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री उपाध्याय ने रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए आरपीएफ और जीआरपी को सघन जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में नशा मुक्ति केंद्रों के सुचारू संचालन और उनके सत्यापन के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम नर्रई नाला पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी 'इंदू', नीरज सिंह और संतोष वरकड़े सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी तथा भाजपा पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां, 10 अतिरिक्त टैंकर शामिल



**जबलपुर।** गर्मी के मौसम में नागरिकों को पर्याप्त एवं सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में महापौर एवं निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन और तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया गया। महापौर ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन से जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं है या जहां पानी का दबाव कम है, वहां अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नगर निगम के बेड़े में 10 नए जल टैंकर भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नए टैंकरों के जुड़ने से प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी और त्वरित होगी तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया, संदीप जायसवाल, अंकुर नाग, संजय सिंह, गुलाब इनवाती, मनोज पटेल, शैलेंद्र पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मकान के विवाद पर महिला को धमकी देकर घर में पटके बम

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला के घर में सुअरमार बम फेंककर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पटेल नगर निवासी प्रीति सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में रहने वाले प्रिंस साहू और दक्ष राजपूत से पुराने मकान संबंधी विवाद चल रहा है। आरोप है कि गत दिवस सुबह दोनों ने उसे धमकी दी थी कि रात में उसके घर बम फिंकवाएंगे। रात करीब 2:15 बजे एक स्कूटी पर दक्ष राजपूत अपने साथी के साथ आया और गाली-गलौज करते हुए घर के आंगन में तीन सुअरमार बम फेंक दिए। बम फूटने से इलाके में दहशत फैल गई। आवाज सुनकर परिजन बाहर निकले तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 288, 296, 3(5) बीएनएस तथा 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# जुए के फड़ पर पुलिस का छापा 9 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस ने राजीव गांधी नगर में जमें जुए के फड़ पर छापा मारकर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों सहित 7 हजार 290 रुपये नकद जब्त किए हैं। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजीव गांधी नगर टाल के पीछे दबिश दी गई. जहां अतुल सेन, हनी साहू उर्फ साहिल, अनिल रजक, रवि काछी, प्रमेश ठाकुर, साहिल पटेल, अनमोल तिवारी, विक्की पटैल और आकाश ठाकुर जुआ खेलते पकड़े गये। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### रिश्वत लेते पकड़े गए आरोपियों के प्रकरण वर्षों तक दबे क्यों रहते हैं?

- क्या केवल ट्रैप कार्रवाई ही लक्ष्य है या दोषियों को सजा दिलाना भी जिम्मेदारी है?

# लोकायुक्त पर कोई कैसे करे विश्वास...?

हरिभूमि, जबलपुर।

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आम नागरिक का सबसे बड़ा सहारा जांच एजेंसियां होती हैं। जब कोई व्यक्ति जोखिम उठाकर रिश्वतखोरी की शिकायत करता है, तो उसे उम्मीद होती है कि आरोपी के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई होगी और उसे न्याय मिलेगा। लेकिन जब रंगे हाथों पकड़े गए मामलों में भी वर्षों तक चालान पेश नहीं हो पाता और आरोपी अधिकारी महत्वपूर्ण पदों पर बने रहते हैं, तब स्वाभाविक रूप से व्यवस्था पर सवाल उठते हैं।

कटनी रिश्वत प्रकरण ने एक बार फिर यही बहस छेड़ दी है कि आखिर आम जनता लोकायुक्त जैसी संस्था पर विश्वास कैसे करे, यदि कार्रवाई गिरफ्तारी तक सीमित होकर रह जाए और न्यायिक प्रक्रिया वर्षों तक आगे न बढ़े।

### ट्रैप के बाद फाइलों में क्यों दफन हो जाते हैं मामले?

लोकायुक्त की कार्रवाई के दौरान आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ना एक महत्वपूर्ण कदम होता है, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की असली सफलता तब मानी जाती है जब मामला अदालत तक पहुंचे और दोषियों को सजा मिले।यदि ट्रैप के बाद फाइलें वर्षों तक अभियोजन स्वीकृति और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझी रहें, तो इससे जनता के बीच गलत संदेश जाता है कि भ्रष्टाचार के मामलों में भी समय और प्रभाव सबसे बड़ा हथियार बन जाते हैं।

### विभागीय अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए?

सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि किसी आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई वर्षों तक लंबित रहती है, तो क्या केवल आरोपी की भूमिका की जांच पर्याप्त है?

### क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि -

- फाइल किस स्तर पर रुकी?
- अभियोजन स्वीकृति में देरी क्यों हुई?
- विभागीय कार्रवाई समय पर क्यों नहीं हुई?
- जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया या नहीं?
- यदि किसी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या अनुचित संरक्षण मिला है, तो उसकी जांच भी उतनी ही आवश्यक है जितनी मूल भ्रष्टाचार प्रकरण की।

### भरोसा टूटेगा तो शिकायत कौन करेगा?

हरिभूमि फॉलोअप

भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करना आसान नहीं होता। शिकायतकर्ता को सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक दबावों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यदि वर्षों बाद भी परिणाम सामने नहीं आते, तो भविष्य में लोग शिकायत दर्ज कराने से हिचकेंगे।यही कारण है कि भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं की सबसे बड़ी पूंजी उनकी कार्रवाई नहीं, बल्कि जनता का विश्वास होता है।

### जनमानस के सवाल

- रिश्वत लेते पकड़े गए मामलों में वर्षों तक देरी क्यों होती है?
- अभियोजन स्वीकृति में देरी के लिए जवाबदेही किसकी तय होगी?
- क्या संबंधित विभागीय अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होगी?
- क्या भ्रष्टाचार के मामलों में फाइलें दबाकर रखने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा? यदि शिकायतकर्ता को समय पर न्याय नहीं मिलेगा, तो भविष्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज कौन उठाएगा?

## *रांझी में मिला 4 दिन पुराना अज्ञात शव*

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र के शोभापुर-भैंसासुर रोड पर मिट्टी और मलबे के ढेर के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना देने वाले छात्र शहवान खान ने बताया कि वह स्कूटी से व्हीकल मोड़ की ओर जा रहा था, तभी दुर्गंध आने पर उसने आसपास देखा। मिट्टी के ढेर के पीछे लगभग 35 से 40 वर्ष आयु के एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव काफी पुराना होने के कारण उसमें कीड़े लग चुके थे और चेहरा पहचानने योग्य नहीं था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नमूने जांच के लिए भेजे

# संदिग्ध पशु अवशेषों से भरी पिकअप पकड़ी

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने संदेह के आधार पर एक पिकअप वाहन को रोककर पुलिस को सूचना दी। वाहन में बड़ी मात्रा में पशु अवशेष और हड्डियां भरी हुई थीं। कार्यकर्ताओं ने इनमें गौवंश के अवशेष होने की आशंका जताई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने अवशेषों के नमूने एकत्र कर विशेषज्ञ जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में चालक ने बताया कि वह पशु हड्डियां और अवशेष भेड़ाघाट स्थित नर्मदा जिलेटिन फैक्ट्री ले जा रहा था। हालांकि फैक्ट्री प्रबंधन ने इस खेप और वाहन से किसी भी प्रकार का संबंध होने से इनकार किया है। इस विरोधाभासी जानकारी के बाद पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि अवशेष किस पशु के हैं और मामला किसी अवैध गतिविधि से जुड़ा है या नहीं। फिलहाल वाहन मालिक, चालक और परिवहन संबंधी दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

## सातवीं तारीख को 200 के करीब सवारियों ने दी सलामी

# शहादत की रात आज, मदार छल्ला में हाजिरी पेश करेंगी सवारियां



**जबलपुर।** मुहर्रम पर्व की शहादत (कत्ल) की रात आज पूरे शहर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। तारीख-ए-करबला के अनुसार नौवीं मुहर्रम शहीद-ए-आजम हज़रत इमाम हुसैन आली मुकाम की जाहिरी हयात की अंतिम रात थी, जबकि 10वीं मोहर्रम यौमे आशूरा के दिन उन्होंने अल्लाह की रज़ा के लिए शहादत का जाम पिया। शहादत की रात के मौके पर शहरभर में ताजिया और सवारियों के जुलूस निकलेंगे तथा विभिन्न स्थानों पर अकीदतमंद हाजिरी पेश करेंगे।

शहादत की रात सवारियां गश्त पर निकलकर मदार छल्ला पहुंचेंगी, जहां हाजिरी पेश की जाएगी। वहीं ताजियों को सिटी कोतवाली के सामने जियारत के लिए रखा जाएगा।सदर क्षेत्र में ताजिया और सवारी के जुलूस सदर बाजार की गलियों में गश्त के बाद शिवाजी ग्राउंड में एकत्रित होंगे। मुख्य रूप से गली नंबर-9 का पंचायती ताजिया, चांदी की सवारी एवं अफजल बाबा की सवारी शामिल होंगी। फातिहाखानी के उपरांत जुलूस घंटाघर स्थित हज़रत मशीन वाले बाबा की दरगाह के लिए रवाना होगा।गढ़ा क्षेत्र में शहादत की रात का आयोजन गढ़ा बाजार में किया जाएगा, जहां डॉ. सैयद मकबूल अली कादरी, सूफी निजाम बाबा, खलीफा मुमताज मंसूरी एवं दादा दरबार की सवारियां प्रमुख रूप से शामिल होंगी। गढ़ा बाजार में कौमी एकता मुर्तजा एकता कमेटी के मुईन उस्मानी द्वारा सवारियों एवं ताजियों का इस्तकबाल किया जाएगा।

### सिटी कोतवाली में लंगर

सिटी कोतवाली स्थित मौलाना की गली में मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाजी के इमामबाड़े में शहादत की रात चाय-पानी की व्यवस्था की गई है। मोहम्मद रईस नियाजी, मीर फैजान अली नियाजी, हाजी मोहम्मद अनीस नियाजी, मोहम्मद अबरार नियाजी एवं मोहम्मद हुसैन नियाजी ने तमाम जायरीनों से शिरकत की गुजारिश की है।

अंजुमन खादिमाने अहले बैत कमेटी के ताहिर खान, वाजिद खान, एडवोकेट रिजवान खान, रईस भाई एवं सादिक खान द्वारा लंगर तकसीम किया जाएगा तथा मुजावरों का इस्तकबाल किया जाएगा।

### चार खम्बा और मंडी मदार टेकरी

मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में मदनी मिल्लत के सरपरस्त मतीन अंसारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहादत की रात सवारियों के मुजावरों का इस्तकबाल एवं लंगर वितरण किया जाएगा। चार खम्बा में समिति द्वारा कर्बला की झांकी कई दशकों से सजाई जा रही है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ इकबाल, उपाध्यक्ष कुतुबुद्दीन, सचिव मोहम्मद शोएब, गुड्डु बाबा एवं अफरोज भाई सहित सभी पदाधिकारियों ने जायरीनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### 200 के करीब सवारियों ने दी सलामी

मुहर्रम की 7वीं तारीख सफर की रात मदन महल दरगाह में आयोजित सलामी समारोह में लगभग 200 सवारियों ने सलामी पेश की। सज्जादानशीन निजाम कादरी एवं खलीफा इनायत अली कादरी के अनुसार इस वर्ष बड़ी संख्या में सवारियां दरगाह पहुंचीं और सलामी पेश की।

### लालमाटी कांचघर से निकला अलम जुलूस

लालमाटी कांचघर से मुहर्रम की आठवीं तारीख के मौके पर मुजावर ऋषभ बाबा के नेतृत्व में अलम जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर असगर कादरी, इनायत कादरी एवं शराफत कादरी मौजूद रहे। बेड़े के संचालक श्याम कुमार हवेल ने हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता का संदेश देते हुए कहा कि हज़रत इमाम हुसैन की कुर्बानी पूरी दुनिया के लिए सब्र, सच्चाई और इंसानियत की मिसाल है। गश्त के उपरांत अलम जुलूस कचहरी दरगाह पहुंचा, जहां सलामी पेश की गई।



# परम्परागत जल स्त्रोतों की उपेक्षा कब तक

## मानसून न आने से पाताल में पहुंचा जलस्तर

**सिहोरा।** जल संरक्षण एंव संवर्धन के लिए नगर की पालक संस्था बातें तो बहुत बड़ी बड़ी करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है।शहर का एक मात्र राष्ट्रीय जल संवर्धन पुरूस्कार प्राप्त जलाशय वार्ड नंबर 6 स्थित चौपड़ा जलाशय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।विदित हो जल संरक्षण अभियान के शुभारम्भ पर फोटो शुट तथा सोशल मिडिया में तो बड़ी बड़ी बातें की गई लेकिन जल स्त्रोतों के हालात यह है कि नगर की जीवनदायिनी नदी हिरन पूरी तरह सुख गई है तथा प्राचीन जल स्त्रोत भी उपेक्षा के कारण दम तोड़ रहे हैं। भीषण गर्मी एंव मानसून में विलम्ब के चलते जलस्त्रोतों का स्तर 30 फीट से 40 फीट तक नीचे गिर गया है। जिसके चलते सिहोरा नगर सहित तहसील के अनेक ग्रामो में हैंड पंप हवा उगल रहे हैं एंव जबरदस्त जल संकट की स्थिति बन रही है। भूमिगत जलस्तर के पाताल में पहुंचने से भयंकर जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है।

# संसाधनों के अभाव में दम तोड रही तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र मिली सौगात

## पूर्व विधायक के प्रयास से मिलीं अनेक सौगातें खटाई में

**सिहोरा।** तहसील में अकूत खनिज संपदा के साथ साथ मिनिरल बेस्ड औद्योगिक क्षेत्र होने के बावजूद भी तकनीकी शिक्षा के अभाव में बेरोजगारी का दंश झेल रहे स्थानीय नव युवकों को तकनीकी शिक्षा की सौगात देते हुए प्रदेश सरकार ने सितम्बर 2023 में 6 ट्रेड्स के साथ आईटीआई के लिए राशि स्वीकृत कर सुनहरे भविष्य की सौगात तो प्रदान कर दी लेकिन भवन हेतु 15 करोड़ 81 लाख की राशि स्वीकृत होने के बावजूद भी सिहोरा आईटीआई शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रयोगशाला कक्षा में संचालित हो रही है।

### भवन के अभाव में पाठ्यक्रम से वंचित युवा

स्वयं के भवन के अभाव में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अलावा अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम से नवयुवक वंचित हो रहे हैं । विदित हो तत्कालीन विधायक नंदनी मरावी के अथक प्रयासों से सिहोरा में नवीन आईटीआई खोलने की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री ने पहले ही कर दी थी। 15 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से नवीन आईटीआई स्थापना और नए भवन की स्वीकृति तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दे दी थी। प्रदेश सरकार का नेतृत्व बदलने से आई टी आई भवन सहित पूर्व विधायक के प्रयाशो से मिली अनेक सौगातें खटाई में पड़ती नजर आ रहीं है।

### स्थान भी सुरक्षित राशि भी उपलब्ध फिर भी सौगात से वंचित

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन आईटीआई भवन के लिए कुर्रे रोड वार्ड नंबर 1 में भूमि भी आरक्षित कर ली गई थी। भूमि एवं भवन निर्माण की राशी उपलब्धता के बावजूद भी सिर्फ राजनैतिक प्रतिनिधित्व की कमजोरी के चलते क्षेत्र के नवयुवकों को विभिन्न पाठ्यक्रमों का लाभ नहीं मिल पा रहा है।बताया जाता है की आवंटित भूमी का रकवा कम होने का हवाला देकर जिम्मेदार अपने कर्तव्यों की इती श्री कर रहे हैं जिसकी मल्टी स्टोरी तथा छात्रावास को अन्य स्थान पर बनाकर भवन का निर्माण किया जा सकता है गौरतलब है कि नवीन आईटीआई में 6 ट्रेड्स के लिए वर्कशॉप, 60-60 सीटर बालक बालिका छात्रावास एवं ट्रेड्स के लिए आवश्यक उपकरण भी प्रदान किया जाने थे।सिहोरा में सम्पूर्ण ट्रेडस के साथ आईटीआई प्रारंभ होने से न केवल क्षेत्र की जनता विशेष कर युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई थी बल्कि उन्हें कौशल के बल पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंते स्वीकृति के दो वर्ष गुजर जाने के बाद भी आईटीआई भवन की फाइल ठंडे बस्ते में पड़े होने से स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र के राजनैतिक प्रतिनिधित्व पर प्रश्न चिन्ह लगाना प्रारंभ कर दिया है।

## ‘आपातकाल : काला दिवस’ विषय पर संगोष्ठी कल, डॉ. महेंद्र सिंह होंगे मुख्य वक्ता

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा ‘आपातकाल : काला दिवस’ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार 25 जून को दोपहर 2 बजे कल्चर स्ट्रीट, भंवरताल उद्यान में किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। इसमें जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र पर आघात मानते हुए इसे ‘काला दिवस’ के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर यह संगोष्ठी आयोजित की जा रही है, जिसमें युवाओं को संबोधित किया जाएगा तथा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा।इसी अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह गुरुवार सुबह 8:15 बजे वाई मार्ग से जबलपुर पहुंचेंगे। वे सुबह 10:30 बजे साइंस कॉलेज मैदान में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे संगोष्ठी को संबोधित करेंगे और शाम 4:30 बजे सड़क मार्ग से भोपाल रवाना होंगे।

## बीमारी से ढाबा कर्मचारी की मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत लम्हेटा बायपास के समीप स्थित एक ढाबे में सो रहे कर्मचारी की मौत हो गई। बताया गया है कि कर्मचारी किसी बीमारी से पीड़ति था। सुबह जब कर्मचारी सो कर नही उठा तो ढाबा में काम करने वाले उसके साथी कर्मचारी उसे इलाज के लिये आटो से मेडिकल अस्पताल ले गये । जहां डाक्टर ने चेक कर उसे मृत करार दिया । सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। तिलवारा पुलिस ने बताया कि कालीमठ मंदिर आमनपुर मदनमहल निवासी सतीश कुकरेजा लम्हेटा बायपास के समीप आलीशान ढाबा चलाते हैं। कांचघर निवासी रामप्रकाश दाहिया गत दस वर्षों से उनके ढाबे में काम कर रहा है जो रात में काम खत्म होने पर ढाबे के ही एक कमरे में सो जाता था । कल सुबह जब ढाबे के अन्य कर्मचारियों ने उसे उठाया तो वह नही उठा । कर्मचारी उसे तत्काल आटो में बैठाकर मेडीकल अस्पताल ले गये जहां डाक्टर ने उसे चेक कर मृत करार दिया ।

## माल ढुलाई से जबलपुर रेल मंडल ने 748 करोड़ कमाए

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत जबलपुर रेल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के दो माह के दौरान माल लदान एवं माल ढुलाई के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित करने वाला मंडल बनने का गौरव प्राप्त किया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय, सतत प्रयास एवं योजनाबद्ध कार्यप्रणाली अपनाते हुए रेल राजस्व में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है।इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के दो माह (01 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026) के दौरान जबलपुर रेल मंडल द्वारा कुल 7.49 मिलियन टन माल लदान किया गया, जिससे मंडल को 748 करोड़ 54 लाख रुपये का रिकॉर्ड रेल राजस्व प्राप्त हुआ है।



## बेला में 8,50 लाख की लागत से बने सम्राट अशोक भवन का लोकार्पण

**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बेला में सम्राट अशोक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल के मुख्यातिथ्य एंव जगन्नाथ माइनिंग के निर्देशक नवरंग लाल अग्रवाल एवं पूरनलाल अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में तथा सरपंच श्रीमती शांति रामराज पटेल की अध्यक्षता में विदित हो कि पहले ग्राम में सम्राट अशोक की मूर्ति की स्थापना की गई थी क्षेत्र के लोगों में कार्यक्रम हेतु भवन न होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।उपरोक्त भवन के निर्माण के लिए सरपंच श्रीमती शांति रामराज पटेल के अथक प्रयासों से एवं जगन्नाथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड बिनेका के सहयोग से 8.50 लाख साढे आठ लाख रुपए की लागत से भव्य एवं सुसज्जित भवन निर्माण के पश्चात कल गरिमामय वातावरण में लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजेश पारिख,एस के गर्ग,संतराम पटेल ,उजियारे लाल हल्दकर,अनिल हल्दकर,अरुण पटेल,रमेश श्रीवास,बैजनाथ पटेल,अरुण श्रीवास ,ओम समद,ओमकार काछी,यशवंत हल्दकार, ,देवकरण हल्दकर,जय कुमार पटेल,छोटे पटेल,रामकुमार चक्रवर्ती,मणिकांत दाहिया उपस्थित रहे।

# कैट ने डीपीसी से बाहर होने की आशंका पर राहत देकर लगाया विराम

## आईपीएस चयन-2025 में संदीप मिश्रा के नाम पर होगा विचार, परिणाम

**जबलपुर।** केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के न्यायिक सदस्य अखिल कुमार श्रीवास्तव व प्रशासनिक सदस्य मल्लिका आर्या की बेंच ने विभागीय कार्रवाई में विलंब के कारण अधिकारी के पदोन्नति अधिकार प्रभावित होने के मामले में हस्तक्षेप किया है। अधिकरण ने राज्य पुलिस सेवा के 1998 बैच के अधिकारी व वर्तमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा संदीप मिश्रा की उम्मीदवारी को आईपीएस चयन वर्ष-2025 की विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में विचारार्थ शामिल करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि उनके चयन संबंधी निर्णय को अंतिम आदेश तक सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखा जाएगा। अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने अधिकरण के समक्ष दलील दी कि दंड की प्रभावशीलता समाप्त हो चुकी है, फिर भी उसके आधार पर याचिकाकर्ता को पदोन्नति प्रक्रिया से बाहर किए जाने की आशंका है।

याचिका में कहा गया कि वर्ष 2010 में जारी आरोप-पत्र के संबंध में जांच पूरी होने पर वर्ष 2014 में मिश्रा को आरोपों से मुक्त कर दिया गया था, लेकिन उसी प्रकरण के संदर्भ में वर्ष 2018 में दो वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोकने का दंडादेश पारित कर दिया गया। याचिकाकर्ता का तर्क था कि इस विलंबित विभागीय कार्रवाई का प्रतिकूल असर अब उनकी आईपीएस पदोन्नति की पात्रता पर पड़ रहा है, जबकि चयन वर्ष-2025 के लिए उनका नाम विचारार्थ सूची में शामिल है और डीपीसी की बैठक 25 जून को प्रस्तावित है। कैट ने प्रथमदृष्टया मामला विचारणीय मानते हुए अंतरिम राहत प्रदान की। अधिकरण ने राज्य शासन एवं केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है तथा अगली सुनवाई 25 अगस्त, 2026 निर्धारित की है। सबसे खास बात यह कि डीपीसी गुरुवार को है, इसीलिए बुधवार का आदेश महत्वपूर्ण है।

## ऑनलाइन ठगी कर खाते से डेढ़ लाख से ज्यादा उड़ाये

**जबलपुर।** केंट थानांतर्गत कल सदर की गली नंबर ११ में रहने वाले एक धोबी के बैंक खाते से अज्ञात जालसाल ने डेढ़ लाख से ज्यादा रक म पर हाथ साफ कर दिया । जब घटना के शिकार व्यक्ति के मोबाइल पर लगातार चार मैसेज आये तो उसे पता चला कि वह आनलाइन ठगी का शिकार हो गया है। केंट पुलिस ने बताया कि गली नंबर ११ सदर निवासी श्याम लाल रजक धोबी का काम करता है। कल अपरान्ह जब वह घर पर था तभी उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से खाते से ४९ हजार ९९९ रूपये कटने का मैसेज आया । उसका खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया सदर में है। वह बैंक जाने निकला था इसी दौरान जब वह रास्ते में था तभी खाते से लगातार चार बार में कुल एक लाख ६४ हजार ८४५ रूपये निकलने के मैसेज आये । बैंक में जाकर उसने अपना खाता फ्रीज करा दिया है।

## पश्चिम मध्य रेल की 73वीं राजभाषा समिति बैठक सम्पन्न, हिंदी प्रगति पर हुई समीक्षा




**जबलपुर।** क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 73वीं बैठक 24 जून 2026 को महाप्रबंधक एवं समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि पश्चिम मध्य रेल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रसार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा इसे आगे बढ़ाने के लिए सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों को राजभाषा संबंधी लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय जबलपुर की त्रैमासिक पत्रिका ‘राजभाषा सरिता’ के 57वें अंक का विमोचन किया गया। महाप्रबंधक ने नियमित प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम.एस. हाशमी ने समीक्षाधीन अवधि में मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों में आयोजित हिंदी कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं की जानकारी दी। उन्होंने रेलवे बोर्ड स्तर पर पमरे मुख्यालय को राजभाषा शील्ड प्राप्त होने पर बधाई भी दी। बैठक में मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक, कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक सहित सभी विभाग प्रमुख ऑनलाइन उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विभागों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति से अवगत कराते हुए रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए।



## प्रेमदास बैरागी को मिला राजेंद्र ऋषि सम्मान

**बरेला।** नगर के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं आंसू कवि महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित, स्वर्ण पदक प्राप्त संस्कार भारती बरेला के नगर अध्यक्ष पंडित प्रेमदास बैरागी रामायणी के द्वारा लिखित अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मोदी चरितम के उपलक्ष में उनकी दीर्घकालीन सेवा के लिए विगत दिवस आयोजित कार्यक्रम में महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं महामहोपाध्याय डॉ हरिशंकर दुबे द्वारा राजेंद्र ऋषि सम्मान से अलंकृत किया गया। विदित हो कि श्री प्रेमदास बैरागी को काशी बनारस विद्यापीठ एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू द्वारा डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। बैरागी के सम्मानित होने पर नगर की सभी साहित्य एवं सामाजिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त कर बधाई व्यक्ति हैं।



## नगर निगम ने जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर की व्यापक तैयारियां, 10 नए टैंकर शामिल

**जबलपुर।** गर्मी के मौसम में नागरिकों को सुचारु एवं पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ‘अन्नू’ और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में महापौर एवं निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि शहर के किसी भी क्षेत्र में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए तथा जलापूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को फील्ड पर सक्रिय रहने को कहा गया।महापौर ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन से जलापूर्ति नहीं है या जहां पानी का दबाव कम है, वहां अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नगर निगम के बेड़े में 10 नए जल टैंकर शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नए टैंकरों के जुड़ने से प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति और अधिक तेज़ एवं प्रभावी होगी तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया, संदीप जायसवाल, अंकुर नाग, संजय सिंह, गुलाब इनवाती, मनोज पटेल, शैलेंद्र पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




**श्री शिव नारायण परस्ते-** इमलई कुंडम रोड निवासी श्री शिव नारायण परस्ते (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरजिन्दर सिंह चड्ढा-** अवतार काम्पलेक्स गोरखपुर निवासी श्री हरजिन्दर सिंह चड्ढा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमित कुमार विश्वकर्मा-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री हरिशंकर विश्वकर्मा के पुत्र श्री अमित कुमार विश्वकर्मा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रसन्न कन्हौआ-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रसन्न कन्हौआ (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विष्णु प्रसाद चतर्वेदी-** अन्नपूर्णा टावर चौबे बिल्डिंग रांझी निवासी श्री विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र जैन-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री शैलेंद्र जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती सावित्री सिंह- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री उमेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनोरमा त्रिपाठी-** मैत्री नगर महाराजपुर निवासी श्री एसएन त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा त्रिपाठी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रदीप मोरिल-** लार्डगंज कछियाना निवासी श्री प्रदीप मोरिल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रदेश भर में बूथ स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रम

# प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए व्यापक जनसंवाद और हर वर्ग की राय को दिया जा रहा महत्व : सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल ने मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रदेश कार्यालय के सामने अरेरा मंडल, वार्ड क्रमांक 45 के बूथ क्रमांक 159 स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा एवं प्रदेश कार्यालय में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और बलिदान से एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प साकार हो रहा है।

देश के विभाजन के दौर में जब पश्चिम बंगाल के बड़े हिस्से को पाकिस्तान में शामिल करने के प्रयास हो रहे थे, तब उन्होंने दृढ़ता के साथ उसका विरोध किया। प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए व्यापक जनसंवाद और हर वर्ग की राय को महत्व दिया जा रहा है।

### डॉ. मोहन और खंडेलवाल ने किया डॉ. मुखजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

### मंत्रियों और भाजपा पदाधिकारियों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

### डॉ. श्यामा प्रसाद का सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत : खंडेलवाल



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा, राष्ट्र के प्रति उनकी दूरदृष्टि और देश की एकता एवं अखंडता के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े व सर्वव्यापी राजनैतिक दल भाजपा के रूप में हम सबके सामने है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। इसी तरह प्रदेश भर में बूथों पर डॉ. मुखर्जी को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए।

### सरकार डॉ. मुखर्जी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि मप्र सरकार भी डॉ. मुखर्जी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रदेश में व्यापक जनसंवाद किया गया है। प्रदेश के 55 जिलों और सभी तहसीलों में विभिन्न वर्गों, समुदायों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त किए गए हैं और बड़ी संख्या में लोगों के सुझाव आए हैं। लाखों नागरिकों ने अपने विचार साझा कर इस प्रक्रिया को लोकतांत्रिक और सहभागी बनाया है। हमारी सरकार केवल बहुमत के आधार पर निर्णय लेने में विश्वास नहीं करती, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने की भावना से कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को आत्मसात करते हुए प्रदेश सरकार



जनभावनाओं के अनुरूप आगे बढ़ रही है। प्रदेश में विधानसभा के मानसून सत्र में इसे पारित करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. बघेल बने प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व अन्य पदों की घोषणा की है। हरदा के हृदय रोग विशेषज्ञ, युवा समाजसेवी, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल को प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया

### सिलतरा गोदाम प्रभारी हटाया गया

**रायपुर।** रायपुर की शराब दुकानों में ओवररेट बिक्री के साथ एक्सपायरी और नष्टीकरण सूची में शामिल शराब को बाजार में खपाने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि आबकारी विभाग द्वारा नष्ट करने के आदेश के बावजूद सिलतरा वेयरहाउस से शराब की पेटियां बाहर निकालकर कोचियों और अवैध कारोबारियों के माध्यम से बेच दी गईं। विभाग ने 12 मई 2026 को 7,509 बाक्स में रखी 3,566 बोतलों को नष्ट करने का आदेश जारी किया था, लेकिन इनमें से बड़ी मात्रा बाजार तक पहुंच गई। जांच के दायरे में टूट-फूट का खेल भी आया है। आरोप है कि परिवहन के दौरान बोतल टूटने का फर्जी रिकार्ड बनाकर शराब बाहर बेची जाती रही।


### राज्य के विकास के लिए 5,960 करोड़ की योजनाओं सहित जनहितैषी कार्यों को स्वीकृति

# शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूलों के उच्चस्तरीय उन्नयन की योजना को मंजूरी

◆ मुख्यमंत्री कन्या विवाह और कल्याणी विवाह योजना की निरंतरता को मंजूरी, 1740 करोड़ 57 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में राज्य के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए 5 हजार 960 करोड़ रुपए की योजनाओं सहित कई जनहितैषी कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान को गति देते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालित रखने के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए राज्य में शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूलों के उच्च स्तरीय उन्नयन की योजना को सैद्धांतिक सहमति दी गई, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहुंच बढ़ेगी। ड्रॉप आउट दर में कमीं आएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों के आर्थिक संबल के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना की नई शर्तों, शुजालपुर (शाजापुर) में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय की स्थापना, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3 हजार 580 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की निरंतरता तथा जनजातीय क्षेत्रों के विद्युतीकरण संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



कैबिनेट बैठक में उपस्थित सीएम डॉ. यादव व मंत्री।

#### मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना और कल्याणी विवाह सहायता योजना को 1 अप्रैल से 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना प्रदेश में 1 अप्रैल 2006 से प्रभावशील है। योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार की ओर से किया जाता है। योजना के तहत गरीब जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता के सामूहिक विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में राशि 55 हजार रुपए प्रति कन्या के मान से दी जाती है।

#### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3 हजार 580 करोड़ 7 लाख रुपए की मंजूरी

कैबिनेट खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में 500 करोड़ रुपए से अधिक की संबंधित योजना लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत परिवहन, कमीशन व्यय की प्रतिपूर्ति का 16 वें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए निरंतर संचालन के लिए 3 हजार 580 करोड़ 7 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

#### शुजालपुर (शाजापुर) में विधि महाविद्यालय शुरू किए जाने की स्वीकृति

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में सत्र 2026-27 में शुजालपुर (शाजापुर) में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय शुरू किए जाने की स्वीकृति दी। स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक वर्ग के 9 पद और अशैक्षणिक वर्ग के 8 पद, इस प्रकार कुल 17 पदों के सृजन और व्यय राशि 2 करोड़ 39 लाख 92 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### कैबिनेट में यह लिए निर्णय

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विद्युतीकरण कार्य के लिए भारत सरकार की ओर से दिए गए केन्द्रांश पर देय एसजीएसटी की राशि राज्य शासन की ओर से वितरण कंपनियों को अंश पूंजी के रूप में उपलब्ध करवाये जाने का निर्णय लिया है।

### मुख्यमंत्री से हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के अधिकारियों ने की भेंट

## हिंदुस्तान कोका कोला समूह मप्र में करेगा 300 करोड़ रुपए का निवेश, लोगों को मिलेगा रोजगार

» मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुपानी ने उद्योग नीतियों की प्रशंसा की

» मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योजनाओं की जानकारी दी



प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत रुपानी ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री ने रूपानी को प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं गतिविधियों की जानकारी दी। रूपानी ने राज्य सरकार की उद्योग मित्र नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदुस्तान कोका कोला समूह मप्र में 300 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राजगढ़ जिले के पिलूखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस की इकाई पहले से ही संचालित है। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान हिंदुस्तान कोका-कोला के नेशनल हेड विवेक झा, राज्य प्रमुख सुश्री अश्विनी यीलेने तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खंडेलवाल ने की जिला कार्यालयों की समीक्षा

◀ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति के सदस्यों के साथ निर्माणाधीन जिला कार्यालयों को लेकर बैठक की



बैठक में चर्चा करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति के सदस्यों के साथ निर्माणाधीन जिला कार्यालयों की समीक्षा बैठक कर चर्चा की। इस अवसर पर भवन निर्माण समिति के प्रदेश संयोजक उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री श्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री श्याम महाजन, प्रकोष्ठ प्रभारी श्री आशुतोष तिवारी एवं टोली सदस्य श्री गौरव गर्ग उपस्थित रहे।

### आरोपी पर पति का एक्सीडेंट करवाने का शक

## जिन्न के नाम पर महिला से 85 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेक्टर-5 भिलाई निवासी एक महिला ने जबलपुर के रहने वाले पवन बधौलिया पर पूजा-पाठ, ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश और नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 85 लाख रुपए की ठगी करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भिलाई के सेक्टर-5 में रहने वाली संगीता कश्यप नवंबर 2023 में रायपुर में एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान पवन बधौलिया के संपर्क में आई थीं। बातचीत के दौरान जैसे ही संगीता ने अपनी घरेलू परेशानियों का जिक्र किया, आरोपी ने उसे अपने जाल में फंसा लिया। उसने संगीता को बताया कि उनके परिवार पर ग्रह दोष है और उन्हें दैवीय शक्तियों व जिन्न का साया परेशान कर रहा है। बस इसी बिंदु से ठगी का सिलसिला शुरू हुआ। आरोपी ने महिला को इतना डरा दिया कि वह उसकी हर बात मानने को मजबूर हो गई। उसने पूजा-पाठ के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी ने संगीता और उनके बेटे को ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का प्रलोभन दिया। समय-समय पर वह खुद को आर्थिक संकट में बताकर, कभी पिता की मृत्यु तो कभी खुद के जेल जाने का बहाना बनाकर महिला से लगातार पैसे की मांग करता रहा। ठगी की हदें तब पार हो गईं जब आरोपी ने महिला से कहा कि उसके पति का एक्सीडेंट हो सकता है। यह कहकर उसने 1.50 लाख रुपए वसूले और कुछ समय बाद वास्तव में महिला के पति का एक्सीडेंट हो गया। पीड़ित महिला ने अब आरोपी पर ही एक्सीडेंट करवाने की आशंका जताई है। जब संगीता ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपी ने उन्हें संविदा नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसने फर्जी नियुक्ति पत्र और भर्ती दस्तावेज भेजकर कुछ समय तक भरोसा बनाए रखा। अगस्त 2025 में फिर से खुद को पुलिस हिरासत में बताकर 5 लाख रुपए हड़प लिए। अंत में, जब महिला ने कड़ाई की, तो आरोपी और उसके साथियों ने उसे जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। भिलाई नगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## मप्र में गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा मनाया जाएगा 15 से 29 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा 15 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस अवधि में सभी स्कूलों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और गतिविधियां होंगी। इसमें जनप्रतिनिधि, पालक एवं विषय विशेषज्ञ शामिल होगें। इसमें विद्यार्थियों के विकास की कार्य योजना बनाई जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रत्येक दिवस की कार्य योजना बनाई है, इसमें भाषण, निबंध प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोक प्रस्तुति, स्वास्थ्य जागरूकता, पौधरोपण, करियर मार्गदर्शन आदि शामिल किए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रियों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस अवधि में सांदीपनि विद्यालयों में एक दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव होगा। इसके तहत विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान प्रदर्शिनी, नवाचार इत्यादि के कार्यक्रम किए जाएगें। कार्यक्रम में अभिभावक, जनप्रतिनिधिगण और नागरिकों की सहभागिता होगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की देश-विदेश में विशेष पहचान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रसिद्ध वन्य जीव पर्यटन स्थल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड-2026 में एडिटर्स चॉईस अवार्ड- बेस्ट वाईल्ड लाईफ डेस्टिनेशन श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। गोवा में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रदान किया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, देश-विदेश के पर्यटकों के बीच अपनी समृद्ध जैव-विविधता, बाघों की अच्छी संख्या, प्राकृतिक सौंदर्य और प्रभावी संरक्षण प्रबंधन के लिए विशेष पहचान रखता है। यह अवार्ड प्रदेश सरकार की जैव विविधता के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रदेश भ्रमण संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने प्रदेश की उपलब्धियों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने बताया कि 20 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित की। प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में 1640 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं।

### कार्यकर्ताओं से संवाद कर किया समाधान

## मंत्री तोमर ने जनसमस्याओं को सुना, समाधान करने दिए निर्देश



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री तोमर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। तोमर ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

### आरडीए की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग का आदेश

## दुकान में सीपेज बंद करो, एक लाख का हर्जाना भी दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू और सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस की पीठ ने आरडीए को आदेश दिया है कि वह पीड़ित आवंटी की दुकान में हो रहे पानी के रिसाव (सीपेज) का स्थायी निराकरण करे।

पीड़ित को हुई मानसिक व आर्थिक क्षति के लिए एक लाख रुपये मुआवजा और पांच हजार रुपये कानूनी खर्च अदा करे। राजेंद्र नगर निवासी दिलीप पृथवानी ने आरडीए के न्यू राजेंद्र नगर स्थित गोविंद सागर व्यावसायिक परिसर के भूतल पर दुकान क्रमांक एस-79 को 17 अक्टूबर 2007 को खरीदी थी। परिवादी दुकान का सालाना भू-भाटक और मेंटेनेंस शुल्क (अप्रैल 2026 तक का) नियमित रूप से चुकाता आ रहा है।




**घटिया निर्माण के कारण हुआ नुकसान**

आरोप है कि घटिया निर्माण के कारण दुकान लेते ही छत और दीवारों से पानी का रिसाव व सीलन शुरू हो गई। पीड़ित ने साल 2010 से लेकर 2024 तक कुल छह बार आरडीए कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर आरडीए की पावती सील भी लगी हुई है। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो परेशान होकर उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया गया।

#### रिसाव को ठीक न करना आरडीए की लापरवाही

सुनवाई के दौरान आयोग का नोटिस मिलने के बाद आरडीए के अधिवक्ता उपस्थित तो हुए, लेकिन प्राधिकरण की ओर से कोई जवाबदावा या सफाई से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके। आयोग ने पाया कि पिछले 14-16 वर्षों से लगातार शिकायत और विधिक नोटिस मिलने के बाद भी शासकीय एजेंसी द्वारा रिसाव को ठीक न करना एक गंभीर लापरवाही है। आयोग ने आरडीए के खिलाफ आंशिक रूप से परिवाद स्वीकार करते हुए यह दंडात्मक आदेश पारित किया। मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता गीता पनका और अनावेदक आरडीए की ओर से अंशुल मिश्रा ने पैरवी की।

### स्मार्ट मीटर का बढ़ता जा रहा है विरोध, जगह-जगह प्रदर्शन

**भिलाई।** राज्य के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर के विरोध की खबरों के बीच नगर निगम के वार्ड-29, वृंदा नगर कैंप-1 के निवासियों का सब्र का बांध बुधवार को टूट गया। बड़ी संख्या में स्थानीय उपभोक्ता मदर टेरेसा नगर स्थित बिजली वितरण केंद्र पहुंचे और स्मार्ट मीटर के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारी अपने साथ पुराने मीटर लेकर आए थे और दफ्तर के बाहर उन्हें तोड़कर विरोध दर्ज कराया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। नई तकनीक ने उनके बजट को बिगाड़ दिया है।

## रायगढ़ इस्पात प्लांट में काम के दौरान फर्नेस फटने से चार मजदूर झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा इलाके में स्थित रायगढ़ इस्पात में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम के दौरान फर्नेस में रिसाव होने से अचानक ब्लास्ट हो गया।

धमाके की चपेट में आने से चार मजदूर झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूंजीपथरा स्थित रायगढ़ इस्पात में रोज की तरह काम चल रहा था। इसी दौरान दोपहर के समय फर्नेस में अचानक ब्लास्ट हो गया।

#### फैक्ट्री परिसर में मची अफरा-तफरी

घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सभी घायलों को इलाज के लिए रायगढ़ भेजा गया। बताया जा रहा है कि घायलों को अपेक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पूंजीपथरा थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। हादसे में चार श्रमिक घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### यस बैंक कोष जुटाने पर 29 जून को करेगा विचार




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक का निदेशक मंडल 29 जून को होने वाली बैठक में कोष जुटाने पर विचार करेगा। यस बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल यह तय करेगा कि इक्विटी प्रतिभूतियां जारी करके पूंजी जुटाई जाए या नहीं। बैंक ने बताया कि इसके अलावा बॉन्ड के जरिये भी कोष जुटाने के विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

### सरकार आईआरएफसी में दो फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी




**नई दिल्ली।** सरकार भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) में दो प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी। हिस्सेदारी बिक्री 91 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की जाएगी। आईआरएफसी के लिए 91 रुपये प्रति शेयर का भाव मंगलवार के बंद मूल्य से 7.79 प्रतिशत कम है।

### रुपया 11 पैसे चढ़कर 94.65 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

### नैक पैकेजिंग का आईपीओ एक जुलाई को खुलेगा

Knack Packaging Limited
Imagining Beyond

**नई दिल्ली।** पैकेजिंग समाधान प्रदाता नैक पैकेजिंग लिमिटेड का करीब 440 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) एक जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने सर्वाजनिक बयान में कहा कि इसके लिए मूल्य दायरा 161-170 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इससे ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 2,080 करोड़ रुपये आंका गया है।

### बंधन बैंक ने एफडी पर ब्याज दर 0.20 प्रतिशत तक बढ़ाई




**कोलकाता।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने चुनिंदा परिपक्वता जमा (एफडी) योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.20 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। संशोधित दरों के तहत दो वर्ष से लेकर तीन वर्ष से कम अवधि की जमाराशि पर वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.95 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। नई दरें ऐसे समय घोषित की गई हैं जब कुछ बैंक अपनी जमा योजनाओं में बदलाव कर रहे हैं।

### अमिताभ बच्चन ने डीपी वायर्स में हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने स्टील वायर विनिर्माता डीपी वायर्स लिमिटेड में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी 2.48 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर उपलबध आंकड़ों के अनुसार, अमिताभ हरिवंश राय बच्चन ने मध्य प्रदेश स्थित कंपनी के 1,23,622 शेयर बेचे, जो 0.79 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर मंगलवार को औसतन 200.84 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए, जिससे कुल लेनदेन मूल्य 2.48 करोड़ रुपये रहा।



# सैलरी के मामले में मस्क के पीछे खड़े है भारतीय सीईओ मित्रा, रोज कमा रहे 21 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाले अधिकारियों की ग्लोबल लिस्ट में टेस्ला सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क पहले पायदान पर हैं।

- सीईओ के रूप में टेस्ला के मस्क को 158 .4 अरब डॉलर का पैकेज

सीईओ के रूप में एलन मस्क को टेस्ला से 158.4 अरब डॉलर का पैकेज मिला है। इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं भारतवंशी शंख मित्रा। अमेरिका की मशहूर कंपनी 'वेलटॉवर'के सीईओ शंख मित्रा का पैकेज 821 मिलियन डॉलर यानी 7775 करोड़ रुपए है। अगर इस जादुई आंकड़े को दिनों के हिसाब से समझें, तो शंख मित्रा हर दिन के हिसाब से लगभग 21 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं।

## वेलटॉवर के सीईओ शंख मित्रा का पैकेज 821 मिलियन डॉलर

### सैलरी का 99 प्रतिशत हिस्सा शेयरों का

*द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शंख मित्रा को मिलने वाले इस भारी-भरकम पैकेज का 99 फीसदी हिस्सा कैश सैलरी के रूप में नहीं है, बल्कि उन्हें 'स्टॉक ग्रांट' यानी कंपनी के शेयरों के रूप में दिया गया है। इसमें पिछले साल अक्टूबर में दिए गए 789 मिलियन डॉलर के शेयर भी शामिल हैं। जैसे-जैसे कंपनी का कारोबार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मस्क की ही तरह मित्रा के इन शेयर्स की वैल्यू भी बढ़कर अब 1 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है।*



### मित्रा के सामने काफी कड़ी शर्तें रखी गई

हर दिन 21 करोड़ रुपए घर ले जाने के लिए कंपनी ने उनके सामने कुछ बेहद कड़ी शर्तें भी रखी हैं। इस अवॉर्ड से जुड़े शेयरों का लगभग आधा हिस्सा शंख मित्रा को साल 2031 में तब मिलेगा, जब वे लगातार कंपनी के साथ बने रहेंगे। बाकी बचा आधा हिस्सा उन्हें तभी मिल पाएगा जब अगले पांच वर्षों में वेलटॉवर का मार्केट कैप कम से कम 45 फीसदी की रफ्तार से बढ़े और कंपनी का शेयर बाजार के कई प्रमुख सूचकांकों को पछाड़कर नंबर वन साबित हो।

**जादवपुर यूनिवर्सिटी से पढ़े हैं शंख मित्रा :** शंख मित्रा ने कोलकाता की जादवपुर यूनिवर्सिटी से इंस्ट्रूमेंटेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में अपनी बीई की डिग्री ली थी। इसके बाद वे अपने सपनों को पूरा करने अमेरिका चले गए और वहां कोलंबिया बिजनेस स्कूल से एप्लाइड वैल्यू इन्वेस्टिंग में एमबीए किया।

### वेलटॉवर आवास व हेल्थकेयर से जुड़ी कंपनी

वेलटॉवर कोई आम कंपनी नहीं है, बल्कि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए आलीशान आवास और हेल्थकेयर से जुड़ी संपत्तियों का मैनेजमेंट करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी रियल एस्टेट निवेश कंपनियों में से एक है। साल 2020 में कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में शंख मित्रा को कंपनी की कमान मिली थी। कंपनी को घाटे से निकालकर मुनाफे में ले आए।

***2016 में वेलटॉवर से जुड़े :*** *साल 2016 में वे एक सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में वेलटॉवर से जुड़े थे। सिर्फ 4 साल के भीतर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) से होते हुए 2020 में कंपनी के सर्वोच्च पद पर जा बैठे। आज वे अमेरिका की किसी भी लिस्टेड रियल एस्टेट निवेश कंपनी का नेतृत्व करने वाले सबसे महंगे और इकलौते भारतीय मूल के ग्लोबल लीडर बन चुके हैं।*

## आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, ब्याज दर बढ़ाना जल्दबाजी होगी

# आरबीआई 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में, रेपो दर बढ़ाने पर चर्चा जल्दबाजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा है और इस समय नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि के बारे में बातचीत करना जल्दबाजी होगी।

उन्होंने कहा, ''अगर हम सही में उन्हें (बाजार) नीतिगत दर बढ़ाने के लिए तैयार करना चाहते, तो हमें अपना रुख बदलना होगा...। अगर यह पक्का होता कि हम आने वाले महीनों में दर बढ़ाने वाले हैं, तो हम अपना 'तटस्थ' रुख को बदलकर 'सख्त' कर लेते? लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, मुझे लगता है कि नीतिगत दर बढ़ाने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। हमने बस इतना कहा है कि हम सतर्क हैं। हमें पता है कि महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं। खासकर महंगाई पर, क्योंकि यह ऊपरी सीमा के करीब पहुंच रही है...। हम सतर्क हैं और आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

### महंगाई के व्यापक रूप लेने का कोई सबूत नहीं

महंगाई पर गवर्नर ने कहा कि आरबीआई बारीकी से नजर रख रहा है कि क्या ईंधन की वजह से थोक कीमतों पर बना दबाव पूरी अर्थव्यवस्था में फैल रहा है। उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो हमें पक्का नहीं पता कि दूसरे दौर का प्रभाव होगा या नहीं। अगर हमें पक्का पता होता, तो मौद्रिक नीति समिति ने कोई कदम उठाया होता। मल्होत्रा ने कहा कि अभी तक केंद्रीय बैंक को महंगाई के व्यापक रूप लेने का कोई सबूत नहीं मिला है।



**खास बातें**

- केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा
- नीतिगत दर बढ़ाने के लिए बाजार तैयार करना होगा
- महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं

### कच्चे तेल की कीमतें कम हुई है

मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव में कमी पूरी दुनिया और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक बात है। यह वृद्धि और महंगाई, दोनों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं और यूरिया की कीमतें भी काफी घटी हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को राहत मिली है।

### देखो और इंतजार करो की स्थिति में

गवर्नर ने कहा, ''जैसा कि हमने अपनी मौद्रिक नीति में कहा है कि हम 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में हैं। देखते हैं कि यह युद्धविराम कब तक चलता है और उसके आगे हम सभी के लिए बेहतर समय है। मल्होत्रा ने कहा कि हालांकि जोखिम कम हुए हैं, लेकिन नीति निर्माता अभी महंगाई परिदृश्य पर कोई ठोस नतीजा निकालने के लिए तैयार नहीं हैं।

### रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने की सहमति

उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच अपनी नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और 'तटस्थ' रुख को कायम रखने का निर्णय किया।

### केंद्रीय बैंक ने वृद्धि अनुमान कम किया

केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को कम किया है और 2026-27 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो अप्रैल के 6.9 प्रतिशत के अनुमान से कम है। यह अनुमान 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई ने 2026-27 के लिए महंगाई बढ़कर 5.1 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है जो पहले के 4.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

# नकली और अवैध उत्पादों पर सख्ती बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एफआरएआई ने सरकार से की मांग
- बढ़ता प्रसार उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा

फेडरेशन ऑफ रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने सरकार से अवैध व्यापार एवं नकली उत्पादों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का बुधवार को आग्रह किया। संघ ने कहा कि इनका बढ़ता प्रसार उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा है और लाखों छोटे खुदरा व्यापारियों की आजीविका को नुकसान पहुंचा रहा है।

एफआरएआई ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक संगोष्ठी में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को एक ज्ञापन सौंपकर अवैध व्यापार एवं नकली उत्पादों पर रोक लगाने के लिए कड़े नीतिगत कदम उठाने की मांग की। संघ ने अवैध उत्पादों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, बार-बार नियम तोड़ने वालों पर कठोर दंड, डिजिटल मार्केटप्लेस की अधिक जवाबदेही, बेहतर निगरानी और बाजार निरीक्षण व्यवस्था तथा प्रवर्तन एवं नियामक एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और निष्पक्ष बाजार व्यवस्था को बढ़ावा मिल सके। एफआरएआई ने खाद्य एवं पेय पदार्थ, किराना, व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, तंबाकू उत्पाद, सिगरेट, ई-सिगरेट, नए निकोटीन उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान जैसी कई श्रेणियों में नकली तथा मानकों का पालन न करने वाले उत्पादों में ''चिंताजनक वृद्धि'' की ओर ध्यान दिलाया।

### सरकार कानूनी ढांच को मजबूत करने प्रतिबद्ध

खंडेलवाल ने कहा, '' सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रौद्योगिकी नकली उत्पादों से लड़ने में एक शक्तिशाली साधन बन सकती है। साथ ही पारदर्शी व भरोसेमंद खुदरा व्यवस्था बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी महत्वपूर्ण है।''

# सोना 1,200 रुपए सस्ता, चांदी 4,000 रुपए टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना घटकर 1.48 लाख रुपए दस ग्राम रह गया
- चांदी टूटकर 2,31,000 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,200 रुपये घटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी की कीमत 4,000 रुपये टूट गई। ऐसा कमजोर वैश्विक रुख के बीच डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुआ।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,49,300 रुपये के बंद स्तर से 1,200 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 4,000 रुपये टूटकर 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 10,500 रुपये की भारी गिरावट के बाद 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, जो दो सप्ताह से ज्यादा समय में सबसे बड़ी गिरावट थी। बहालिया गिरावट से चांदी की कीमतें अप्रैल की शुरुआत वाले स्तर पर आ गई हैं, जब यह 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि डॉलर में तेज उछाल और सख्त मौद्रिक नीति की बढ़ती संभावना ने कीमती धातुओं पर दबाव बनाए रखा।''

## सातवें दौर में 10 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को नीलामी के सातवें दौर में 10 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक बेचे। इसके साथ कुल मिलाकर 56 खदानें नीलाम हो चुकी हैं। यह 63 प्रतिशत से अधिक की सफलता दर है। केंद्र ने नीलामी के लिए कुल 88 अलग-अलग खनिज ब्लॉक रखे थे, जिनमें से 56 बिके हैं। सातवें दौर की नीलामी से देश में महत्वपूर्ण खनिज की खोज के दायरे का काफी विस्तार हुआ। केंद्र ने पहली बार गुजरात, उत्तराखंड और तेलंगाना में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की। इस दौर में ग्रेफाइट, दुर्लभ खनिज तत्व, वैनेडियम, टाइटेनियम, ग्लौकोनाइट, रॉक फॉस्फेट और उनसे जुड़े मिनरल शामिल थे। इससे देश में महत्वपूर्ण खनिज की खोज का भौगोलिक दायरा और बढ़ गया।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर सुस्त पड़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने जारी किया अनुमान
- वर्ष 2026-27 में सुस्त पड़कर 6 .6 प्रतिशत रहने की उम्मीद

ऊर्जा की कमी, सामान्य से कम मानसून और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 में 7.7 प्रतिशत और 2024-25 में 7.1 प्रतिशत रही थी। एसएंडपी ने एक रिपोर्ट में कहा, ''ऊर्जा की कमी, औसत से कम मानसून का अनुमान और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के बीच, हमारा अनुमान है कि मार्च, 2027 में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में यह 7.7 प्रतिशत थी। 2026-27 के लिए वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप है। अल नीनो के कारण मानसूनी बारिश प्रभावित हुई है। 22 जून तक बारिश की कमी बढ़कर 43 प्रतिशत हो गई है। कम बारिश की स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने राज्यों के लिए योजनाएं बनाई हैं। कम बारिश वाले हालात के हिसाब से वैकल्पिक फसलों की सिफारिश की गई है।

### पैदा हुए ऊर्जा संकट का असर दिख रहा

एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस क्षेत्र का परिदृश्य मजबूत वैश्विक गतिविधियों, ऊर्जा बाजार में दबाव और एआई-संचालित प्रौद्योगिकी के निर्यात में उछाल से तय हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए ऊर्जा संकट का असर दिख रहा है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसक्स 791 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में
- बैंक,वित्तीय तथा आईटी शेयरों में निकली खरीदारी

कच्चे तेल के दाम में नरमी और बैंक, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसक्स 791 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 197 अंक की तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर की बढ़ती उम्मीद और घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के शुद्ध रूप से लिवाल बनने से भी बाजार को समर्थन को मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.54 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय यह 989.69 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,215 शेयर लाभ में रहे, जबकि 2,034 में गिरावट आई। वहीं 181 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 197.55 अंक बढ़कर 24,021.65 अंक पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रहा नफा- नुकसान

*सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।*

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट**

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत, होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बेहतर होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट और भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद के चलते घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।''

### बैंकिंग शेयरों में तेजी और आईटी क्षेत्र में सुधार

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी 'एनरिच मनी' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''बैंकिंग शेयरों में मजबूत बढ़त और आईटी क्षेत्र में सुधार के कारण भारतीय शेयर बाजार ने अच्छी वापसी की। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट से निवेशकों का जोखिम लेने का उत्साह लौटा और व्यापक बाजार भागीदारी को समर्थन मिला।

- युद्धपोत के लिए 5,700 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की
- उत्पादन बोकारो, भिलाई और राउरकेला के संयंत्र में किया गया

# सेल ने नौसेना के तीन युद्धपोत के लिए की इस्पात की आपूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना के हाल ही में बेड़े में शामिल किए गए तीन अत्याधुनिक युद्धपोतों के निर्माण के लिए 5,700 टन विशेष श्रेणी के इस्पात की आपूर्ति की है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

इन तीन जहाजों में उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'आईएनएस दूनागिरी', एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'आईएनएस अग्रय' और सर्वेक्षण पोत 'आईएनएस संशोधक' शामिल हैं। इन तीनों जहाजों को 21 जून को कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।



***देश की जरूरतों को पूर्ण करने प्रतिबद्ध:*** *सेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पांडा ने कहा, ''भारत के रक्षा क्षेत्र के एक प्रमुख भागीदार के रूप में सेल देश की आत्मनिर्भरता की जरूरतों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इन उच्च-क्षमता वाली इस्पात प्लेट की आपूर्ति न केवल भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता को मजबूती प्रदान करती है, बल्कि यह सेल की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता को भी प्रमाणित करती है।''*

## सूचकांक का आधार वर्ष 2024-25 होगा

# मासिक सेवा उत्पादन सूचकांक 60 दिन के अंतराल पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पहला सेवा सूचकांक 14 जुलाई को घोषित किया जाएगा

देश के सेवा क्षेत्र के उत्पादन को मापने वाले नये सूचकांक का आधार वर्ष 2024-25 होगा और इसे हर महीने 60 दिन के अंतराल पर जारी किया जाएगा। सांख्यिकी मंत्रालय ने बुधवार को अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) की एक सूची में यह कहा।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2026 के लिए पहला सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) 14 जुलाई को घोषित किया जाएगा। इसके बाद के आंकड़े हर महीने की 29 तारीख ( अवकाश होने पर अगले कामकाजी दिन) को जारी किए जाएंगे।

### आईएसपी एक अल्पकालिक संकेतक

*मंत्रालय ने अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में बताया है कि आईएसपी एक अल्पकालिक संकेतक है। इसे एक तय आधार अवधि की तुलना में सेवा क्षेत्र के उत्पादन की मात्रा में समय के साथ होने वाले बदलावों को मापने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह सूचकांक समय के साथ अलग-अलग तरह के सेवा उद्योग के वास्तविक उत्पादन में होने वाले बदलावों को मापता है।*




### समिति का गठन मई 2025 में किया गया

इस समिति का गठन मई, 2025 में किया गया था और इसकी अध्यक्षता नीति आयोग की देबजानी घोष ने की थी। तकनीकी परामर्श समिति में शिक्षा क्षेत्र और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा, सेवा क्षेत्र के मंत्रालयों/विभागों के सदस्य भी शामिल हैं।

### अल्पकालिक बदलावों को मापने होगा

मंत्रालय ने बयान में कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को मापने वाले औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की तरह आईएसपी सेवा क्षेत्र की वृद्धि में अल्पकालिक बदलावों को मापने के लिए एक नया वृहद आर्थिक संकेतक होगा। आईएसपी तैयार करने के लिए तौर-तरीके एक तकनीकी परामर्श समिति के साथ विचार-विमर्श के बाद तय किया गया था।

### कई उप-क्षेत्र शामिल होंगे

आईएसपी में थोक और खुदरा व्यापार, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार, होटल और रेस्तरां, रियल एस्टेट, पेशेवर, वैज्ञानिक और तकनीकी सेवाएं, कला, मनोरंजन आदि जैसे कई उप-क्षेत्र शामिल होंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं जैसे दो उप-क्षेत्रों को भी आईएसपी रूपरेखा में शामिल करने का प्रस्ताव है।

# विश्वसनीयता में चीन, अमेरिका को पीछे छोड़ कई गुना आगे निकल गया भारत

ऑस्ट्रेलियाई सर्वे में लोगों को भारत पर सबसे ज्यादा भरोसा

भारत की लीडरशिप पर 4 फीसदी लोगों को बहुत ज्यादा भरोसा

अमेरिका और चीन पर घटा ऑस्ट्रेलियाई लोगों का विश्वास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में भारत की दुनियाभर में छवि लगातार मजबूत हो रही है। तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे भारत पर इंटरनेशनल लेवल पर विश्वास भी बढ़ रहा है। इसका उदाहरण ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित थिंक-टैंक लॉवी इंस्टीट्यूट के सर्वे में भी दिखाई देता है, जिसमें भारत को अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों से भी ज्यादा भरोसेमंद बताया गया है। बीते 23 जून को रिलीज हुए लॉवी इंस्टीट्यूट के सर्वे के मुताबिक, 50 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई नागरिक भारत पर भरोसा करते हैं। इसके मुकाबले महज 31 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई अमेरिका पर विश्वास जताते हैं। वहीं, चीन पर भरोसा करने वालों की संख्या 28 प्रतिशत और रूस पर विश्वास करने वालों की संख्या सिर्फ 11 फीसदी दर्ज की गई है। सर्वे के रिजल्ट ग्लोबल मंच पर भारत की बढ़ती साख और प्रभाव को दर्शाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 46 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई नागरिक मानते हैं कि भारत वैश्विक मामलों में जिम्मेदारी के साथ रोल निभाएगा। इसके अलावा, 4 फीसदी लोगों ने भारत की लीडरशिप पर बहुत ज्यादा भरोसा जताया है।




### भारत में सरकार की स्थिरता का फायदा

*दुनिया भर में राजनीतिक अस्थिरता देखी गई। जहां भारत में नेतृत्व स्थिर रहा, वहीं पिछले एक दशक में दुनिया के अन्य बड़े लोकतांत्रिक देशों में कई बार नेतृत्व बदला है। यूनाइटेड किंगडम 2016 के बाद से अब तक वहां 5 प्रधानमंत्री (थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज़ ट्रस, ऋषि सुनक और कीर स्टारमर) बदल चुके हैं। कीर स्टारमर के इस्तीफे के बाद पिछले 10 सालों में यूको को अपना छठा प्रधानमंत्री मिलने वाला है। साल 2016 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में तीन प्रधानमंत्री रहे हैं मैल्कम टर्नबुल, स्कॉट मॉरिसन और मौजूदा पीएम एंथनी अल्बानीज़। इसी तरह 2014 में जब पीएम मोदी ने शपथ ली थी तब बराक ओबामा राष्ट्रपति थे। उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने, फिर जो बाइडेन आए, और 2024 में ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुनकर सत्ता में लौटे।*

ईरान ने पीएम मोदी को किया आंमत्रित

# खामनेई का अंतिम संस्कार 4 जुलाई को, पीएम मोदी जा सकते हैं ईरान

एजेंसी ▶▶ तेहरान



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता भेजा है। अयातुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के हमले में मौत हो गई थी। इसके बाद 4 मार्च को उनका अंतिम संस्कार होना था लेकिन जंग की वजह से इसे टाल दिया गया था। अब इसकी शुरुआत 4 जुलाई से होगी। उनके शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में दफन किया जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। ईरान ने अंतिम संस्कार समारोह के लिए दुनिया के कई देशों को निमंत्रण भेजा है। खास तौर पर पड़ोसी और मित्र देशों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे या नहीं।

## खबर संक्षेप

### बिनॉय जॉर्ज उरुग्वे में नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** दक्षिण अमेरिका के दक्षिणीपूर्वी हिस्से में स्थित उरुग्वे के नए राजदूत बिनॉय जॉर्ज होंगे।



विदेश मंत्रालय ने बताया कि जॉर्ज वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और उन्हें ओरिएंटल रिपब्लिक ऑफ उरुग्वे में बतौर राजदूत नियुक्त किया है। वो जल्द नया कार्यभार संभालेंगे। फिलहाल वह नई दिल्ली में संयुक्त सचिव (कोंसुलर, पासपोर्ट, वीजा–सीपीवी) के रूप में कार्यरत हैं। नियुक्ति से पहले तक, अर्जेंटीना में भारत के राजदूत अजनीश कुमार ही राजदूत के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे थे।

### यूक्रेन ने रूस के गैस प्लांट को निशाना बनाया

**कीव।** यूक्रेन ने रूस में भीतर तक हमला करते हुए एक बड़े नैचुरल गैस प्रोसेसिंग प्लांट और दो



महत्वपूर्ण सैटेलाइट संचार केंद्रों को निशाना बनाया है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने दावा किया कि रातभर चले इस ऑपरेशन में रूस के ऊर्जा और सैन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया गया। हमले का प्रमुख लक्ष्य रूस का ओरेनबर्ग गैस प्रोसेसिंग प्लांट था। यह प्लांट दुनिया के सबसे बड़े गैस परिसरों में से एक माना जाता है और इसमें रूस का एकमात्र हीलियम उत्पादन प्लांट भी स्थित है। यूक्रेन का दावा है कि परिसर में आग लग गई।

डील में सेना के लिए खतरनाक हेलिना मिसाइल लॉन्चर और दमदार सुरक्षा सिस्टम शामिल

# हेलिना मिसाइल से कांपेंगे दुश्मन! भारत डायनामिक्स को एचएएल से मिला 1348 करोड़ का मेगा कॉन्ट्रैक्ट

*बीडीएल को एचएएल से 1348 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला*

*यह प्रोजेक्ट अगले 24 से 60 महीनों में पूरा किया जाएगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*हाल ही में कंपनी के मुनाफे में भारी गिरावट आई थी*

*अब महा-ऑर्डर से कंपनी को बड़ी राहत की उम्मीद*

डिफेंस सेक्टर की दिग्गज सरकारी कंपनी भारत डायनामिक्स को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से एक बंपर ऑर्डर मिला है। इस नए ऑर्डर की कुल कीमत करीब 1348 करोड़ रुपए है। बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने इस शानदार डील की आधिकारिक जानकारी दी है। इस बड़े कॉन्ट्रैक्ट में हेलीकॉप्टर पर लगने वाले खतरनाक मिसाइल लॉन्चर शामिल किए गए हैं।

डील के तहत 1109 करोड़ रुपए के हेलिना लॉन्चर और एलआरयू की सप्लाई होगी। इसके अलावा 238 करोड़ रुपए के काउंटर मेजर्स डिस्पेंसिंग सिस्टम भी इस भारी ऑर्डर का हिस्सा हैं। भारत डायनामिक्स यह पूरा प्रोजेक्ट अगले 24 से 60 महीनों के भीतर पूरा करेगी। गिरते मुनाफे और कमजोर वित्तीय नतीजों के बीच इस शानदार डील से कंपनी के निवेशकों को बड़ी राहत मिली है।



*दुश्मन के बख्तरबंद टैंकों को तबाह कर सकते हैं*

### बेहद खतरनाक है हेलिना लॉन्चर

हेलिना असल में एक बेहद खतरनाक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसे भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने तैयार किया है। यह 'फायर-एंड-फॉरगेट' तकनीक पर बनी तीसरी पीढ़ी की आधुनिक मिसाइल है। हेलिना लॉन्चर खास तरह के ट्विन-ट्यूब स्टब-विंग माउंट होते हैं। इन्हें सेना के रुद्र और प्रचंड हेलीकॉप्टरों पर फिट किया जाता है. ये युद्ध के मैदान में दुश्मन के भारी बख्तरबंद टैंकों को आसानी से तबाह कर सकते हैं।

### नया और दमदार रक्षा सिस्टम

*युद्ध के दौरान हेलीकॉप्टर की सुरक्षा सबसे अहम होती है। इसके लिए काउंटर मेजर्स डिस्पेंसिंग सिस्टम का इस्तेमाल होता है। ये सिस्टम एयरक्राफ्ट के सेल्फ-प्रोटेक्शन सुइट का एक बेहद जरूरी हिस्सा हैं। इनका मुख्य काम दुश्मन की रडार-गाइडेड मिसाइलों को बीच हवा में चकमा देना है। जब कोई मिसाइल हेलीकॉप्टर की तरफ आती है तो यह सिस्टम तुरंत एक्टिव होता है। यह अपने आप चैफ और फ्लेयर्स छोड़कर दुश्मन की मिसाइल को पूरी तरह भ्रमित कर देता है।*

### यकीनन गेम चेंजर साबित होगा

*यह भारी-भरकम ऑर्डर कंपनी के लिए संजीवनी बनकर आया है। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बीडीएल के वित्तीय नतीजे काफी निराशाजनक थे। सालाना आधार पर मुनाफे में 58.5 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। यह मुनाफा घटकर महज 113 करोड़ रुपए रह गया था। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 273 करोड़ रुपए कमाए थे। आय भी 73 प्रतिशत गिरकर 480 करोड़ रुपए पर आ गई थी। इसके अलावा मार्जिन कम होकर 11.5 प्रतिशत रह गया था। इन कमजोर आंकड़ों के बाद यह नया कॉन्ट्रैक्ट कंपनी के लिए यकीनन गेम चेंजर साबित होगा।*

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री ह्यून से मिले एस जयशंकर

# व्यापार और रक्षा सहयोग सहित कई मुद्दों पर हुई बात



एजेंसी ▶▶ सोल

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को सोल में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ह्यून से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच जहाज निर्माण, व्यापार, निवेश, रक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, संस्कृति और पी2पी (पीपल-टू-पीपल) क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। दोनों ने स्टार्टअप्स, फिनटेक और बहुपक्षीय मंचों में सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की।


मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, विदेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर अच्छा लगा। हमारी चर्चा हाल ही में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा के परिणामों पर आधारित थी। हमने दोनों देशों के बीच राजनीतिक, जहाज निर्माण, व्यापार, निवेश, रक्षा, तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा, संस्कृति और जन-से-जन संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। इसके साथ ही स्टार्टअप, फिनटेक और बहुपक्षीय मंचों में अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कोरियाई विदेश मंत्री चो ह्यून ने कहा कि पिछले वर्ष अप्रैल में राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा ने भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों को नए स्तर पर ले जाने की दिशा में गति दी थी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और वित्त जैसे क्षेत्रों में पिछले शिखर सम्मेलन में तय किए गए फैसलों के तेजी से क्रियान्वयन की समीक्षा की और आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

### जल्द राउंडटेबल आयोजित की जाएगी

चो ह्यून ने एक्स पर लिखा, 'इस सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री कार्यालय कोरिया वीक की मेजबानी कर रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसमें भारतीय बाजार में आने वाली कंपनियों की चुनौतियों के समाधान तलाशने की बात कही गई थी। उन्होंने भारत के समर्थन के लिए आभार जताया और कहा कि जल्द ही कोरिया में भारतीय कंपनियों के लिए भी इसी तरह की राउंडटेबल आयोजित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि लंच के दौरान उन्होंने और जयशंकर ने वैश्विक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की और पश्चिम एशिया की स्थिति से उत्पन्न आर्थिक प्रभावों पर मिलकर प्रतिक्रिया देने पर सहमति जताई।

### म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान 2 के साथ रेप

**पेरिस।** फ्रांस के सबसे बड़े सार्वजनिक त्योहारों में से एक 'फेट डे ला म्यूजिक' फेस्टिवल व्यापक



हिंसा और अराजकता में तब्दील हो गया, जिसके परिणामस्वरूप देशभर में 243 गिरफ्तारियां हुईं, कई चाकूबाजी की घटनाएं हुईं और गंभीर यौन हमले हुए, जिनमें महिलाओं को सुई की नुकीली चीजों से निशाना (नीडल स्पाइकिंग) बनाने की घटनाएं भी शामिल हैं। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर महिलाओं को सिरिंज चुभने का एहसास हुआ। जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

इटली में भारतीय महिलाओं ने सबक सिखाया

# वेटर ने भारतीयों पर की नस्लभेदी टिप्पणी, पुलिस आने पर मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ रोम

सोशल मीडिया पर इन दिनों भारतीय महिलाओं के एक ग्रुप का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है,



जिसमें वे इटली के एक रेस्तरां में वेटर को जमकर सबक सिखाती नजर आ रही हैं। आरोप है कि होसैन नाम के वेटर ने भारत और भारतीय ग्राहकों को लेकर गाली-गलौज और नस्लभेदी टिप्पणियां की थीं। वह बांग्लादेश का रहने वाला है। जब वेटर ने सीधे भारत को निशाना बनाना शुरू किया तब एक महिला ने कहा कि तमीज से बात करो। तुम्हें पता होना चाहिए कि महिलाओं का सम्मान कैसे किया जाता है। मामला बढ़ता देख वहां दो पुलिस अधिकारी पहुंच गए। पुलिस को देखकर वेटर के सुर तुरंत बदल गए और वह मजबूरी में दिखावे की माफी मांगने लगा। लेकिन भारतीय महिलाएं उसे ऐसे ही छोड़ने के मूड में नहीं थीं। उन्होंने आदेश दिया कि गलती माने और भारत के बारे में अपशब्द कहने के लिए ठीक से माफी मांगे। एक महिला ने वेटर से कहा कि सीधे-सीधे कहिए कि मैं भारत को गाली देने के लिए माफी मांगता हूं।

यूरोप में मंडराया इबोला का खतरा

# कांगो-यूगांडा के बाद अब फ्रांस में भी हुई इस वायरस की पुष्टि

एजेंसी ▶▶ पेरिस

कांगो और यूगांडा के बाद इबोला वायरस का प्रकोप अब दूसरे देशों की ओर भी बढ़ता दिख रहा है। फ्रांस



में इबोला का पहला मामला सामने आया है। कांगो में एक मानवीय मिशन से लौटे डॉक्टर के इस जानलेवा वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। फ्रांसीसी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टर को तुरंत एक खास आइसोलेशन सेंटर में भेजा गया और अभी उनकी हालत स्थिर है। यूरोप में यह इबोला का पहला कन्फर्म मामला है। हालांकि, पिछले महीने एक अमेरिकी डॉक्टर (जिनकी जांच डीआर में पॉजिटिव आई थी) का इलाज जर्मनी के एक अस्पताल में किया गया था। कांगो के पड़ोसी देश युगांडा में भी इबोला के मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार वहां अब तक 20 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है और दो लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि आम लोगों के लिए संक्रमण का खतरा फिलहाल बहुत कम है।

तीस्ता रिवर प्रोजेक्ट पर साथ आए चीन-बांग्लादेश

# चिकन नेक के पास चीन-बांग्लादेश की मौजूदगी पर भारत हुआ सतर्क, रख रहा है गहरी नजर

एजेंसी ▶▶ एजेंसी

भारत, चीन और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी रणनीतिक मुद्दा बन गई है। तीस्ता नदी, हिमालय से निकलती है, सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरती हुई बांग्लादेश पहुंचती है। बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान ने चीन से तीस्ता रिवर कॉम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट में मदद मांगी है। करीब एक अरब डॉलर की यह परियोजना आधिकारिक तौर पर नदी की सफाई, ड्रेजिंग, बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और स्थानीय विकास के लिए बनाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से भारत का सिलिगुड़ी कॉरिडोर या चिकन नेक इसके करीब है।

### भारत के करीब पहुंचेगी चीनी सर्वे टीम



शी जिनपिंग और तारिक रहमान

बांग्लादेश ने करीब 102 किमी लंबे हिस्से में नदी की ड्रेजिंग, तटबंधों का निर्माण, बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई नेटवर्क और कृषि सुधार की योजना बनाई है। ढाका ने चीन से टेक्नोलॉजी और फंड की मांग की है। चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के आधार पर योजना में दिलचस्पी दिखाई है। इसके तहत उसके इंजीनियर, टेक्निकल सर्वे टीम सभी इस इलाके में पहुंचेंगे और वे भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क और सबसे सेंसिटिव जियोलॉजिकल पॉइंट्स का सर्वे कर भारत की लोकल जानकारी हासिल कर लेंगे।

# शांति समझौते के अनुसार परमाणु ठिकानों का निरीक्षण होकर रहेगा

आईएईए प्रमुख ने ईरान को कह दी दो टूक

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

अमेरिका-ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक अंतरिम परमाणु समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षक जल्द ही ईरान के अत्यधिक संवेदनशील यूरेनियम संवर्धन स्थलों का दौरा करेंगे। आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा हस्ताक्षरित समझौते में निरीक्षण की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है और यह 'अनिवार्य रूप से' होगा।



राफेल ग्रासी

### निरीक्षण प्रक्रिया आगे बढ़ेगी

*ग्रॉसी ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन स्पष्ट रूप से कहता है कि परमाणु सामग्री वाली सभी सुविधाओं की निगरानी और सत्यापन आईएईए द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण होंगे। इसके लिए समय महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रक्रिया अनिवार्य रूप से आगे बढ़ेगी। ग्रासी ने कहा कि सार्वजनिक बयान चाहे जितने भी विरोधाभासी हों, हस्ताक्षरित दस्तावेज ही अंतिम और बाध्यकारी है।*

### ईरान का निरीक्षण करवाने से इनकार

*ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा था कि अमेरिका द्वारा पिछले साल बमबारी किए गए परमाणु स्थलों का आईएईए निरीक्षकों द्वारा दौरा करने का कोई कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के बयान को सिरे से खारिज कर दिया था। ग्रॉसी ने कहा कि ईरान के संवर्धन स्थलों का निरीक्षण समझौते का अभिन्न अंग है और यह प्रक्रिया राजनीतिक बयानबाजी के बावजूद जारी रहेगी।*

## हीटवेव की चपेट में 26 यूरोपीय देश, इटली-ब्रिटेन में रेड अलर्ट

# फ्रांस में भीषण गर्मी से 58 लोगों की मौत अब न्यूक्लियर पावर प्लांट करना पड़ा बंद

पिछले कुछ दिनों में 40 लोगों की डूबकर मौत हो गई है

*गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में नहाने जा रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस ही नहीं यूरोप के 26 देश हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन, इटली और ब्रिटेन समेत 14 देशों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें से ज्यादातर देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के करीब है। फ्रांस में सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी लगा दी है। मौसम एजेंसी के मुताबिक सोमवार रात देश ने 1947 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद की सबसे गर्म रात दर्ज की।





कई हिस्सों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। भीषण गर्मी के कारण 1,350 से ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गर्मी के कारण सरकार ने फेत द ला म्यूजिक नामक वार्षिक म्यूजिक फैसटीवल के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर प्रतिबंध लगा दिया। यह म्यूजिक फैसटीवल हर साल पूरे फ्रांस में आयोजित होता है। इसमें लाखों लोग सड़कों पर उतरकर हिस्सा लेते हैं। सरकार को आशंका थी कि अत्यधिक गर्मी में शराब का सेवन लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा सकता है। इसलिए रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में यह प्रतिबंध लागू किया गया। फ्रांस की मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने सोमवार को कहा कि मौजूदा हीटवेव की गंभीरता अगस्त 2003 की गर्मी से काफी मिलती-जुलती है।

### स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और इटली भी बेहाल

*स्पेन के कई हिस्सों में तापमान 38-40डिग्री सेल्सियससे ऊपर बना हुआ है। कुछ हिस्से में रविवार रात से सोमवार सुबह तक तापमान 30डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया। मौसम विभाग के मुताबिक यह ट्रॉपिकल नाइट की स्थिति है, जब रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलती। जर्मनी में भी गर्मी का असर दिखाई दे रहा है। एक हफ्ते में नदी में नहाने से 5 लोगों की मौत हो गई। बवेरिया की झीलों में 2 युवकों की डूबने से मौत हुई, जबकि बाल्टिक सागर में एक महिला की जान चली गई। बेल्जियम के मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौजूदा गर्मी देश के इतिहास की सबसे भीषण हीटवेव बन सकती है। तापमान बढ़ने के कारण कई स्कूलों ने आधे दिन की क्लास शुरू कर दी हैं। इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रोम और मिलान समेत 15 शहरों में रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार को यह संख्या बढ़कर 16 हो सकती है। रोम में नई इलेक्ट्रिक बसों की बैटरियां तेजी से खत्म हो रही हैं, क्योंकि एयर कंडीशनर लगातार चलाने पड़ रहे हैं।*

-वृद्धाश्रम में बही भक्ति की गंगा, श्रीमद्भागवत कथा से वृद्धजनों को मिला आध्यात्मिक संबल

# कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण ही मोक्ष का सरल मार्ग : सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि, जबलपुर।

शास्त्री नगर स्थित निराश्रित वृद्ध आश्रम इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा के रंग में सराबोर है। यहां आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ ने आश्रम के वृद्धजनों के जीवन में नई आशा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार किया है। कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं, वृद्धजनों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कथा व्यास सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यास पीठ से अमृतमयी वाणी में श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि समस्त वेदों और पुराणों का सार है। इसका श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से मनुष्य के पापों का क्षय होता है और उसे आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्राप्त होता है।



### मनुष्य जीवन को भक्ति से बनाएं सार्थक-


शास्त्री जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे सांसारिक मोह-माया में व्यर्थ गंवाने के बजाय भगवान की भक्ति में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान कलयुग में भगवान के नाम का जाप, भजन और कीर्तन ही आत्मिक शांति एवं मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल और प्रभावी साधन है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन कुछ समय ईश्वर स्मरण के लिए निकालने का आग्रह करते हुए कहा कि भक्ति मन को स्थिरता, जीवन को संतोष और आत्मा को परम आनंद प्रदान करती है।

### कलश यात्रा से हुआ कथा का शुभारंभ-

कथा प्रारंभ होने से पूर्व आश्रम परिसर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। वृद्ध महिलाओं ने शिव शक्ति मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं आश्रमवासियों ने कथा व्यास सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान "हरि नाम" और भजनों की स्वर लहरियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### 30 जून तक चलेगी कथा-

आश्रम की अधीक्षक रेवेन्दु जी ने बताया कि सात दिवसीय कथा का आयोजन 24 जून से 30 जून तक किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुमोदन से संपन्न हो रहा है, जिसका उद्देश्य वृद्धजनों के जीवन को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध और आनंदमय बनाना है। कथा के प्रथम दिवस पंडित अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन संपन्न कराया, जबकि भजन गायक शरद तिवारी ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर पत्रकार सुनील सेन, अंजना शुक्ला, उर्मिला पांडे, चंद्रा दीक्षित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस (शहादत दिवस) श्रद्धा एवं सम्मान के साथ 24 जून को मनाया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान नरई नाला समाधि स्थल पर वीरांगना रानी दुर्गावती की पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस, शौर्य एवं बलिदान को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्रोत है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पटेल, विवेक यादव, मुन्नी बाई, सुकृति त्रिपाठी, राजेश पटेल, रविन्द्र बर्मन सहित कांग्रेसजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

## 'स्मृति-2004' पूर्व कृषि छात्र मिलन समारोह सम्पन्न, 56 पूर्व छात्रों ने साझा की यादें

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में 2004 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का दो दिवसीय 'स्मृति-2004' मिलन समारोह 13–14 जून को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलगुरु डॉ. पी.के. मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी जैन, डॉ. धीरेंद्र खरे, डॉ. टी.आर. शर्मा, डॉ. अल्पना सिंह तथा डॉ. अमित कुमार शर्मा सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।



समारोह में लगभग 56 पूर्व छात्र-छात्राएं उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान से शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों एवं हॉस्टल वार्डनों को स्मृति-चिन्ह व पौधे भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की जानकारी संबंधी बुकलेट का विमोचन भी किया गया।

कुलगुरु डॉ. पी.के. मिश्रा ने पूर्व छात्रों के आपसी जुड़ाव को मजबूत करने पर बल दिया और भविष्य में परिवार सहित आयोजन का सुझाव दिया। शिक्षकों ने पुराने संस्मरण साझा किए तथा विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में डॉ. मोनिका सिंह (गुजरात) एवं डॉ. विकास गुप्ता ने संचालन किया, जबकि डॉ. रीता कपिल नरवरिया ने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। दिवंगत शिक्षकों एवं पूर्व विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में विकास साहू ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह के उपरांत बैच के नाम "स्मृति-2004" से महाविद्यालय के गार्डन में पौधारोपण किया गया तथा कॉलेज एवं कक्षा कक्ष का भ्रमण भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सी.एल. राय, राजेंद्र सिंह रावत एवं राम प्रसाद गर्ग का विशेष सहयोग रहा।



## जल प्रदाय विभाग कर्मचारी संघ, नगर निगम की नई कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** नगर निगम जल प्रदाय विभाग कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि संगठन कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण, विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में सुधार तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने संगठन एवं प्रशासन के बीच सकारात्मक समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं का निराकरण तथा विभाग एवं निगम के विकास में सक्रिय सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक होरीलाल पटेल, अमित मेहरा संघ के अध्यक्ष, राकेश पांडे उपाध्यक्ष, पंकज पटेल महामंत्री, संतोष शुक्ला सहमंत्री, मनोज पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## एलायंस क्लब मारबल रॉक्स के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 500 लोगों ने उठाया लाभ

**जबलपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एलायंस क्लब जबलपुर मारबल रॉक्स द्वारा विवेकानंद वार्ड स्थित महाराणा प्रताप भवन में एक विशाल निःशुल्क स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 500 लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ परामर्श और उपचार का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन होम्योपैथिक मेडीकल एसोसियेशन ऑफ इंडिया एवं गोल्डन वीमेन क्लब के सहयोग से किया गया। शिविर में निःशुल्क जांच एवं दवाईयों का वितरण किया गया। चिकित्सा सेवाओं में डॉ. समीर गुप्ता, डॉ. निशा साहू, डॉ. चिराग सोहाने, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. तुलाराम लड़ियसा एवं अन्य चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल चौरसिया, संरक्षक पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष खरे, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विभा ब्यौहार, अध्यक्ष खुमेश गढ़ेवाल, लेडिज अध्यक्ष सुमन राय, सचिव आरती गुप्ता, प्रो. डॉ. आरएस साहू, प्रो. डॉ. एलपीएस राजपूत, रंजना गुप्ता, प्रो. एचबी पालन, आशीष कुल्हाड़ा, वर्षा साहू, नेहा साहू, सत्यनारायण सोहाने, आरती चौबल, नेहा साहू, अर्पित साहू, शुभि साहू, शुभि गढ़ेवाल, आर्यन कोष्टा, गरीश राय, रुचि सोहाने, विजय चौबल आदि उपस्थित रहे।




## मेडिकल यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने समिति गठित की जायेगी

**जबलपुर।** मेडिकल यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने हेतु शीघ्र ही एक समिति का गठन किया जायेगा। यह समिति आर्थिक, शैक्षणिक तथा प्रशासनिक बिंदुओं के आधार पर समीक्षा करेगी। मेडिकल यूनिवर्सिटी को तीन हिस्सों की बजाय दो हिस्सों में बांटने के प्रस्ताव पर भी मंथन किया जायेगा। समिति के निष्कर्ष के आधार पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री मंडल परिषद् को मंजूरी हेतु प्रस्ताव भेजेगा।विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त इस अहम जानकारी के मद्देनजर उपभोक्ता मंच ने अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को आज पत्र भेजकर निवेदन किया कि उनकी संस्था को समिति के समक्ष कथन प्रस्तुत करने का अवसर मिले।मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि 06 जून को एसीसी अशोक वर्णवाल से दूरभाष पर चर्चा हुई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि "मेडिकल यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने का अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, यदि कोई प्रस्ताव है, तो उस पर विचार होगा।"समिति गठित करने की पहल अभी हाल ही में की गई है। तदानुसार समिति की जिम्मेदारी किसी आईएएस अधिकारी को दी जायेगी।



## अखाड़ा परिषद के महंत पंडित उमाशंकर दुबे का किया सम्मान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की बैठक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि फेडरेशन संविदा कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, नियमित कर्मचारियों, कंपनी केडर कार्मिकों, पेंशनर्स साथियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर स्तर पर कार्य लगातार कर रहा है। राकेश पाठक ने बताया कि कैशलैस बीमा, फ्रिंज बेनीफिट, वेतन विसंगति, सेवा आयु एक समान, अनेक विषयों पर चर्चा की गई, राज्य के कर्मचारियों और पेंशनर्स को केंद्र के समान महंगाई भत्ता, महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत दी जाए, उमाशंकर दुबे को अखाड़ा परिषद द्वारा महंत की उपाधि पर फेडरेशन द्वारा शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एस.के. शर्मा, सतीश गुप्ता, केदारनाथ ब्रिजपुरिया, विजय डेंगरे, रंजीत सेन, आर.के. परोहा, अभिनव कृष्ण त्रिपाठी, मोहित पटेल, मनोज पाठक, दयाशंकर द्विवेदी, दिलीप पाठक, हामिद खान, एस.एम. मिश्रा, सी.एस. पालीवाल, दिनेश केसरवानी, एस.के. दुबे, दिलीप सोनी, प्रफुल्ल सोनी, विजय उसरेठे, केदार सिंह बघेल, रुपलाल साहू इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश दुबे ने आभार प्रदर्शन मोहन श्रीवास ने किया।

## 'वीर नारी सम्मान' समारोह में वीर नारियों का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती शोध संस्थान एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में "वीर नारी सम्मान" समारोह का आयोजन 24 जून को शहीद स्मारक सभागृह, गोल बाजार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके, विशिष्ट अतिथि सांसद आशीष दुबे, मेजर जनरल निश्चय रावत तथा अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर देश के लिए शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना में डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि जबलपुर में 12 तथा पूरे महाकोशल क्षेत्र में 43 वीर नारियां हैं, जिनके परिजनों ने देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर अत्यंत प्रासंगिक है। मुख्य अतिथि अनुसुइया उइके ने रानी दुर्गावती के जीवन को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को अनुसंधान का महत्वपूर्ण विषय बताया। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि वीर नारियों का सम्मान राष्ट्र सम्मान के समान है, जबकि मेजर जनरल निश्चय रावत ने पूर्व सैनिक परिषद की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में प्रो. ए.डी.एन. बाजपेई ने रानी दुर्गावती के साहस और त्याग का काव्यात्मक वर्णन किया। संचालन पीयूष जैन तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अतुल दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. विजय आनंद मरावी, विपिन बिहारी ब्योहार, अखिलेश जैन, ए.बी. श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, अनुपमा स्थापक, कर्नल निगम, बी.पी. तिवारी, राजेश तिवारी, डॉ. आयुष टंडन सहित अनेक गणमान्यजन एवं वीर नारियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






## जीआरपी जबलपुर ने घर से निकले किशोर को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**जबलपुर।** रेल यात्रियों एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध जीआरपी जबलपुर द्वारा एक सराहनीय कार्यवाही करते हुए घर से निकले एक किशोर को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।दिनांक 22.06.2026 को जीआरपी कंट्रोल जबलपुर से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन क्रमांक 12321 हावड़ा-मुंबई मेल के कोच एस-11, बर्थ क्रमांक 63 पर एक नाबालिग बालक अकेला यात्रा कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही जीआरपी जबलपुर की टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए ट्रेन के स्टेशन पहुंचने पर उक्त बालक को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्माल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 21 जून को गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लिया। शाला परिसर में भी योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का एडवाइजर संगीता ग्रोवर, योगाचार्य राम किशोर सोनी और अमर कदम के निर्देशानुसार सामूहिक अभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सकता है।



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/82
दिनांक :- 24/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परमजीत कौर छाबडा पिता श्री मंजीत सिंह छाबडा ने मकान नं. 183 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1105 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/81
दिनांक :- 24/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परमजीत कौर छाबडा पिता श्री मंजीत सिंह छाबडा ने मकान नं. 183 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1050 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार फौती
तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)
रा.प्र.क्र./0583/अ-6/2026-27 जबलपुर, दिनांक 19.6.26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती मंजू विश्वकर्मा पति स्व. श्री शेखर कुमार विश्वकर्मा निवासी 120, अशोक नगर, अधारताल, जबलपुर म.प्र. के द्वारा वर्तमान राजस्व अभिलेख में मौजा बैतला, नं.बं. 52, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. जबलपुर-1, तहसील जबलपुर जिला जबलपुर में स्थित डायवर्सन खसरा नं. 56/3, 57/1, 61/5, 62, 68, 69, 93/2, 94/2/7 भूखण्ड क्रं. 86, रकवा 3000 वर्गफुट भूमि पर भूमिस्वामीगण/सहखातेदार शेखर कुमार, संजय कुमार विश्वकर्मा दोनों के पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, नि. जबलपुर म.प्र. का नाम दर्ज है। भूमिस्वामीगण/सहखातेदार शेखर कुमार विश्वकर्मा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा का निधन दिनांक 20/09/2025 को हो गया है। स्व. शेखर कुमार विश्वकर्मा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा के वारिसानों में पत्नि श्रीमती मंजू विश्वकर्मा पति स्व. श्री शेखर कुमार विश्वकर्मा एवं पुत्र चेतन कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. श्री शेखर कुमार विश्वकर्मा, पुत्री ऋषिका माहुले पति रानू माहुले पिता स्व. श्री शेखर कुमार विश्वकर्मा है। इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। भूमिस्वामीगण/सहखातेदार शेखर कुमार विश्वकर्मा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा का निधन दिनांक 20/09/2025 के फौत हो जाने उपरांत उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 3.7.26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-19.6.26
पेशी दिनांक -3.7.26
मुद्रा
नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
बरगी जिला जबलपुर
राजस्व प्रकरण क्रमांक. 002/A24/2026-27
जबलपुर, दिनांक. 22/06/26

**आम इश्तहार**

ग्राम बरगी तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक समर्थ तिवारी / डी. पी. तिवारी ने ग्राम बरगी प.ह.नं. 59 स्थित भूमि ख.नं. 444/14/1, 444/13 रकबा 0.02, 004 हे. भूमि पर त्यजन के संबंध इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 06/07/26 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

जारी दिनांक. 22/06/26
पेशी दिनांक. 06/07/26
सील
अतिरिक्त तहसीलदार
बरगी जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/76
दिनांक :- 24/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना तिवारी पति स्व. श्री संतोष कुमार तिवारी ने मकान नं. 882 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1108 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/खसरे की नकल/न्याया. आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/242
दिनांक :- 24/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मि सावलानी पति श्री केवल सावलानी ने मकान नं. 183 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1235 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर में 'चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर' की शुरूआत

## बच्चों के हृदय के इलाज के लिए अब इंदौर में ही मिलेंगे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के टॉप सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टर

**कोकिलाबेन हॉस्पिटल, मुंबई के विशेषज्ञ डॉक्टर अब इंदौर में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी (बच्चों के हृदय के रोग), ऑन्कोलॉजी (कैंसर), इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, न्यूरोसाइंस (दिमाग और नसों के रोग) और ट्रांसप्लांटेशन (अंग प्रत्यारोपण) विभागों में नियमित ओपीडी और उन्नत इलाज एवं ऑपरेशन करेंगे। इस तरह मध्य प्रदेश और पड़ोसी क्षेत्रों में विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और भी बेहतर बनाया जाएगा।**



इंदौरः कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने अपने विशेष चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर की शुरूआत करने की आधिकारिक तौर पर घोषणा की है। इसके साथ ही, अस्पताल ने यह भी बताया कि हमारे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टर अब नियमित रूप से इंदौर का दौरा करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश और पड़ोसी क्षेत्रों के मरीज़ों तक सुपर-स्पेशलिटी इलाज पहुँचाना है। इसके लिए हमारे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के अन्य विशेषताओं के अनुभवी डॉक्टर इंदौर में नियमित रूप से सेवाएं देंगे। यहाँ मरीज़ों को पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, न्यूरोसाइंस और ट्रांसप्लांटेशन विभागों के लिए भी विशेष सेवाएं शुरू की गई हैं। इन सभी विभागों में अब शेड्यूल्ड कन्सल्टेशन, उन्नत इलाज और ऑपरेशन की सुविधाएं इंदौर में ही मिलेंगी। यह नया चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर इस क्षेत्र में बच्चों के लिए आधुनिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अस्पताल के संकल्प को और मजबूत करता है।

नया शुरू किया गया चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर बच्चों के हृदय की छिपी या अनजानी बीमारियों की गंभीर चुनौती को दूर करने का काम करेगा। इसके लिए यहाँ एक अनुभवी और मल्टीडिसिप्लिनरी डॉक्टरों की टीम द्वारा सही समय पर सटीक जांच, आधुनिक इलाज और विशेष कार्डियक केयर की सुविधा दी जाएगी। यह सेंटर बच्चों के हृदय के इलाज के लिए आधुनिक जांच और उपचार से जुड़ी व्यापक सेवाएं देता है। यहाँ उपलब्ध विशेष सुविधाओं में गर्भ में पल रहे शिशु और बच्चों के हृदय की विशेष जांच के लिए फीटल और पीडियाट्रिक इकोकार्डियोग्राफी शामिल है। इसके साथ ही, जन्मजात हृदय के छेद को बिना बड़ी सर्जरी के बंद करने के लिए एएसडी, वीएसडी और पीडीए डिवाइस क्लोजर जैसी आधुनिक तकनीक भी उपलब्ध है। यहाँ बच्चों के हृदय के बेहद जटिल ऑपरेशनों के लिए अत्यधिक एडवांस्ड पीडियाट्रिक सर्जरी की सुविधा भी मिलेगी। इन आधुनिक सर्जरी में आर्टीरियल स्विच, टीएपवीसी रिपेयर, फॉन्टेन रिपेयर और टेट्रालॉजी ऑफ फैलो (नीले बच्चे की बीमारी का ऑपरेशन) जैसे बड़े और जीवनरक्षक इलाज शामिल हैं।कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा, "बच्चों के हृदय रोगों के मामले में सही समय पर बीमारी की पहचान होना और तुरंत इलाज मिलना ही सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा यह नया चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर, बच्चों को बेहतरीन और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देने के हमारे इसी निरंतर प्रयास का नतीजा है। इसके साथ ही, हमारे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के अन्य विशेषताओं के टॉप सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टर अब लगातार इंदौर में उपलब्ध रहेंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि पूरे मध्य प्रदेश के परिवारों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि यह विश्वस्तरीय सुविधा उन्हें अपने घर के पास ही मिल जाएगी।"

कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के वाइस प्रेसिडेंट सुनील मेहता ने कहा, "बच्चों के हृदय रोगों के लिए इस विशेष सेंटर को शुरू करके हमने इस पूरे क्षेत्र में नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए सुपर-स्पेशलिटी हृदय देखभाल सुविधाओं की एक बहुत बड़ी जरूरत को यहीं पूरा कर दिया है। इसके साथ ही, विभिन्न विभागों में हमारे मुंबई कोकिलाबेन हॉस्पिटल के सबसे बेहतरीन सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के पैनल के आने से, हमारे मरीज़ों के लिए मल्टी-स्पेशलिटी केयर का एक नया दौर शुरू हो रहा है। यह पहल मध्य भारत के सबसे भरोसेमंद मेडिकल डेस्टिनेशन के रूप में हमारी पहचान को और मज़बूत करती है।"कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर के डायरेक्टर और कंसलटेंट पीडियाट्रिक एंड कॉन्जेनिटल हार्ट सर्जन डॉ. सुरेश राव ने कहा, "हर बच्चे को बिना लंबी दूरी की यात्रा की परेशानी झेले, विश्वस्तरीय हृदय देखभाल सेवाएं मिलनी चाहिए। हमारे इस नए चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर में हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता बच्चों को समय पर सही जांच और इलाज देना है। इसके लिए यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक समर्पित टीम मौजूद रहेगी, जो सर्जरी और अन्य उपचारों के लिए सबसे आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने में पूरी तरह प्रशिक्षित है।

# गलगोटियाज यूनिवर्सिटी का वैश्विक रैंकिंग में मजबूत प्रदर्शन, एलीट संस्थानों की श्रेणी में हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोएडा



गलगोटियाज विश्वविद्यालय परिसर

गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। हाल ही में जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में विश्वविद्यालय ने भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 15वां और देश के सभी सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों में 43वां स्थान हासिल किया है।

वैश्विक स्तर पर इसे 1201–1400 बैंड में स्थान मिला है। इसके साथ ही टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2025 में भी गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 27वां स्थान प्राप्त किया और वैश्विक 1000–1200 बैंड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विश्वविद्यालय के सीईओ ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की रिसर्च, इनोवेशन, अकादमिक उत्कृष्टता और छात्रों की सफलता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल नौकरी के लिए नहीं, बल्कि उद्यमिता और समाधान निर्माण के लिए तैयार करना है। विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों में अपने इनोवेशन इकोसिस्टम को तेजी से विस्तार दिया है। इसमें एल एंड टी एडुटेक के सहयोग से भारत का पहला एडवांस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आईबीएम के साथ एआई और उभरती तकनीकों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा निवेश एवं स्टार्टअप सहयोग के लिए 247वीसी के साथ साझेदारी शामिल है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने एप्पल और इनफोसिस द्वारा संचालित आईओएस डेवलपर सेंटर के माध्यम से छात्रों के लिए ऐप डेवलपमेंट को बढ़ावा दिया है। विश्वविद्यालय का स्टार्टअप इकोसिस्टम जीआईसी राइज़ के माध्यम से संचालित होता है, जहां अब तक 135 से अधिक स्टार्टअप्स को इनक्यूबेशन सहायता दी जा चुकी है। साथ ही 10 करोड़ का इनोवेशन फंड छात्रों के उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

कुल मिलाकर, रैंकिंग में सुधार और तेज़ी से बढ़ते उद्योग सहयोग के चलते गलगोटियाज विश्वविद्यालय भारत के उन संस्थानों में शामिल होता दिख रहा है जो शिक्षा, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

# कर सलाहकरों के प्रतिनिधिमंडल ने की अपील आयुक्त से भेंट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एसोसिएशन ऑफ टैक्सपेयर एंड प्रोफेशनल्स के मध्य प्रदेश चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जीएसटी के नवागत अपील आयुक्त जितेंद्र कुमार से सौजन्य भेंट कर उनका भोपाल में स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नए एडिशनल कमिश्नर फराज अहमद कुरैशी एवं परिणीति सुनकर से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मध्य प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष राजेश्वर दयाल सहित सदस्य पंकज अग्रवाल, नवनीत गर्ग, मृदुल आर्य और वसीम कुरैशी उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान अपील आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके कार्यालय में प्रस्तुत की जाने वाली सभी अपीलों पर निष्पक्ष और संवेदनशील दृष्टिकोण से विचार किया जाएगा तथा जीएसटी कानून के अंतर्गत उपलब्ध सभी प्रावधानों और छूटों का उचित रूप से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि नए प्रशासनिक नेतृत्व के तहत अपीलीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और त्वरित होगी, जिससे करदाताओं और कर विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा। यह मुलाकात जीएसटी अपीलीय ढांचे में सुधार और कर विवादों के प्रभावी समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

नि.आ. सूचना क्र. 65 ज.प्र.स्टोर / 2026 — देवास, दिनांक 16/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रियकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से आन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ई/टेण्डरिंग आमंत्रण क्रं | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_516157_1 16/06/2026 | फेरिक एलम ग्रेड 4 minimum 16% water soluble aluminum (alumina) compound as per IS CODE 299/2012 स्फेसिफिकेशन अनुसार क्रय | 01 वर्ष 20.00 लाख | 2,000 60,000 | 07/07/2026 06:00PM |
| 2. | 2026_UAD_516157_2 | स्टेबल ब्लिचिंग पावडर ग्रेड 1 आयएस. आयुमार्क कोड न. 1065/1989 ग्रेसिम मेक विक्रम ब्राण्ड स्फेसिफिकेशन अनुसार क्रय | 01 वर्ष 20.00 लाख | 2,000 60,000 | 07/07/2026 06:00PM |
| 3. | 2026_UAD_516157_3 | पी.ए.सी.-10 High Basicity in Liquid from as per IS CODE 15573/2005 स्फेसिफिकेशन अनुसार क्रय | 01 वर्ष 10.00 लाख | 2,000 30,000 | 07/07/2026 06:00PM |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पंत्रो में प्रकाशन नही किया जावेगा।

प्र. कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
देवास (म.प्र.)




## आवश्यकता

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर/26/जून 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330


खरीदारी के साथ पर्यावरण के प्रति जागरुक

# मिया बाय तनिष्क ने एक नई अनोखी पहल की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरु

ग्राहकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से मिया बाय तनिष्क ने एक नई पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत ग्राहक अपने पुराने सोने को नए ज्वेलरी कलेक्शन के साथ बदल सकते हैं और साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं।

इस पहल के अनुसार, ब्रांड के किसी भी स्टोर पर पुराने सोने का एक्सचेंज करने पर हर 1 ग्राम सोने के बदले एक पेड़ लगाया जाएगा। यह वृक्षारोपण पहल सिक्किम में रेड पांडा के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की जा रही है। कंपनी के अनुसार, पिछले चार वर्षों में इसी तरह की वृक्षारोपण पहल के तहत ग्राहकों के नाम पर 16,000 से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं।

### पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता

श्यामला रमणन ने इस पहल पर कहा कि ब्रांड की डिजाइन और निर्माण प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने बताया कि मिया बाय तनिष्क अपने ज्यादातर आभूषण रीसायकल किए गए सोने से तैयार करता है, जिससे ग्राहकों को गुणवत्ता और डिजाइन से समझौता किए बिना जिम्मेदार विकल्प मिल सके। कंपनी का कहना है कि यह पहल केवल एक व्यापारिक गतिविधि नहीं है, बल्कि ग्राहकों को एक बड़े सामाजिक और पर्यावरणीय मिशन से जोड़ने का प्रयास है। हर ग्राम सोने का एक्सचेंज न केवल नई ज्वेलरी की ओर एक कदम है।


## प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025

**विशेष शिक्षा (Special D.El.Ed.) डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज अपलोड करने संबंधी सूचना**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत दिनांक 09.10.2025 से 13.10.2025 तक **'प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025'** आयोजित की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश (जबलपुर) में, उक्त परीक्षा से सम्बंधित याचिका क्रमांक 12970/2026 (सोनम अगरिया व अन्य विरुद्ध म.प्र. शासन) में दिनांक 06.05.2026 एवं 14.05.2026 को पारित आदेश के परिपालन में, ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय कंडिका 7.7 के अंतर्गत भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) से मान्यता प्राप्त 2 वर्षीय 'विशेष शिक्षा में प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा' (Special D.El.Ed.) धारित होने का विकल्प में **"हाँ"** चुना था, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे उक्त योग्यता के समर्थन में अपनी जानकारी और सुसंगत दस्तावेज़, मंडल की वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से **24.06.2026 से 08.07.2026 तक** निर्धारित पोर्टल शुल्क सहित अनिवार्य रूप से अपलोड करें। विस्तृत जानकारी हेतु मंडल की आधिकारिक वेबसाइट **https://esb.mp.gov.in** देखें।

विज्ञापन क्रमांक 10/2026

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल**
**चयन भवन, मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011**
**फोन नं. : 0755-2578801, 02, फैक्स : 0755-2550498**
**वेबसाइट : www.esb.mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/126552/2026



## पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा निविदा क्रमांक : जबल/एलसी/टी/2026/03R

कार्यकारी विद्युत इंजी. (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है जिनके पास वैध 'A' श्रेणी का विद्युत लाईसेंस जो कि किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया हो (अपने फर्म के नाम पर या अपने नाम पर यदि सोल प्रोपराइटर या किसी एक पार्टनर के पर हो) निम्न लिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन प्रस्ताव ही स्वीकार किये जायेंगे इस ठेका के विरुद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। **निविदा सूचना क्रमांक** : जबल/एलसी/टी/2026/03R, दिनांक 19.06.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : खजुराहो–पन्ना–सतना–रीवा– सीधी–सिंगरौली नई बीजी रेल लाइन परियोजना के तहत पश्चिम–मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन से संबंधित नागोद, फुलवारी, देवेन्द्र नगर, सकरिया, पन्ना, बड़खेड़ा, सूरजपुर एवं सब्दुआ स्टेशन पर स्टेशन/सर्विस भवनों कवर ओवर प्लेटफार्म, स्टेशनों एवं कॉलोनी क्षेत्र के सर्कुलाटिंग क्षेत्र एवं पहुंच मार्ग, क्वार्टरों का विद्युतीकरण, पम्पों का प्रावधान एवं संबंधित स्टेशनों पर नए विद्युत कनेक्शन के साथ 33/11/440 केवी उपकेन्द्रों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा अन्य सम्बंधित शेष कार्य पश्चिम–मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के सतना–पन्ना–खजुराहो नई बीजी रेल लाइन परियोजना से संबंधित ।", **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत)** : 13,35,67,065.88, **निविदा फार्म की कीमत रुपये** : 0.00/–, **कार्यालय का पता** : उप मुख्य विद्युत इंजी. (निर्माण), भूतल सीपीएम –प्रोजेक्ट भवन जबलपुर 482001 (म.प्र), **बिड सिक्युरीटी (रुपये)** : 26,71,400. 00/–, **समापन अवधि** : 18 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 14.07.2026 (15:00 बजे तक।), **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 14.07.20 26 (15:30 बजे तक या उपरांत) निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेब साईड https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा उप मुख्य विधुत इंजी. (निर्माण) जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)

उप मुख्य विद्युत इंजी. (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Municipal Corporation Chhindwara

Add. - In front of shukla ground, guraiya ward no. 39, chhindwara (M.P.)
Tel. - 07162-222346
E-Mail- Commchhindwara@mpurban.gov.in

क्रमांक/1735/रा.शा./न.पा.नि./2026 — छिन्दवाड़ा, दिनांक 23/6/26

**॥ निकाय स्वामित्व की वार्ड क्रमांक 35 में निर्माणाधीन दुकानों का अतंरण किये जाने निविदा सूचना ॥**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय स्वामित्व की **नागपुर रोड कुलबहरा नदी के पास अटल शॉपिंग कॉम्पलेक्स में** निर्माणाधीन दुकानों का अंतरण मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम में दिये गये प्रावधान अनुरूप निर्धारित शर्तों के अधीन 30 वर्ष की लीज पर अंतरण किये जाने हेतु लम्प-सम्प दर पर ऑन लाईन निविदा बुलाई जा रही है निविदा का विस्तृत विवरण **https://www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अंतरण से संबंधित नियम, शर्तों एवं आरक्षण से संबंधित जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है। आरक्षित दुकान में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विवरण निम्नानुसार है :-

**स्थलः- नागपुर रोड कुलबहरा नदी के पास अटल शॉपिंग कॉम्पलेक्स में निर्माणाधीन दुकानें**

| टेण्डर क्र. | दुकान क्र. | साईज (वर्ग फीट में) | निधारित प्रीमियम (रूपये में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये में) | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_378338_ | 1 | 600 | 54,00,000 | 6,00,000 | 10,000 | अनुसूचित जाति वर्ग |
| 2024_UAD_378339_ | 2 | 800 | 72,00,000 | 8,00,000 | 10,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2024_UAD_378340_ | 3 | 800 | 72,00,000 | 8,00,000 | 10,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2024_UAD_378341_ | 4 | 800 | 72,00,000 | 8,00,000 | 10,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2024–UAD–378343– | 6 | 800 | 72,00,000 | 8,00,000 | 10,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2024_UAD_378344_ | 7 | 800 | 72,00,000 | 8,00,000 | 10,000 | अनारक्षित वर्ग |
| 2024_UAD_378345_ | 8 | 800 | 72,00,000 | 8,00,000 | 10,000 | अनुसूचित जनजाति वर्ग |

नोटः- 1. नीलामी से संबंधित अन्य नियम एवं शर्तें **https://mptenders.gov.in** एवं राजस्व शाखा में (अवकाश दिवस छोड़कर) कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
2. ऑन-लाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15/07/2026 समय 17:30 बजे तक है।

**आयुक्त नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा**


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


## शब्द पहेली - 6267



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6266 का हल



## सूडोकु नवताल- 6277

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6276 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



हेल्थ क्वेस्ट


डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


## कुछ समयांतराल पर जब बार-बार हो फीवर

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले एक हफ्ते से शाम ढलते ही मुझे ठंड के साथ बुखार आ जाता है। दवा लेने पर ठीक हो जाता है, लेकिन अगली शाम फिर ऐसा होता है। कृपया बताएं इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-आशुतोष, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको रोज शाम को बुखार आ जाता है और दवा लेने के बाद ठीक हो जाता है। इससे ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। टाइफाइड को ही मियादी बुखार बोलते हैं, जो एक तय समय पर आता है और उतर जाता है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच करके यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि फीवर होने का कारण क्या है, और फिर उसके बाद ट्रीटमेंट ठीक से हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इसे होने से कैसे रोका जा सकता है?**

**-मनीष, बलौदा बाजार**

कई बार इस तरह की समस्याएं अधिक गर्म खाना खाने से होती हैं, अगर ऐसा आप कर रहे हैं तो उसमें बदलाव करें और अधिक गर्म खाना ना खाएं। अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच करने के बाद कारण के बारे में बता पाएंगे। फिलहाल आप अधिक मिर्च-मसाले वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन या वॉमिटिंग होती है। जिससे काफी कमजोरी महसूस होती रहती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-हरीश, महेंद्रगढ़**

जैसा आप बता रहे हैं, इससे लगता है कि आपको डाइजेशन की समस्या है। इसलिए सबसे पहले आप खान-पान में सुधार करें। अधिक तेल और मिर्च-मसाले वाला खाना ना खाएं। साथ ही साफ पानी पिएं। कई बार बाहर का पानी पीने से भी इंफेक्शन हो जाता है, जिससे इस तरह की समस्याएं दिखती है। आप घर से निकलते समय पानी की बोतल लेकर निकलें। इस तरह बदलाव से आपको आराम मिल सकता है। अगर फिर भी आराम ना मिले तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।



**मेरी उम्र 37 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन और कंधे पर बार-बार दाद निकल आता है। इसमें काफी ईचिंग होती है। प्लीज बताएं कि इससे कैसे निजात मिलेगी?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

जिन लोगों को अधिक पसीना निकलता है और देर तक सूख नहीं पाता है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको जहां इचिंग होती है, उस हिस्से में लगातार पसीना पोंछते रहना चाहिए, क्योंकि पसीने की नमी में फंगल इंफेक्शन से ही दाद होती है, जिससे खुजली शुरू होती है। अधिक दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर ऑइंटमेंट लिखवा लें, इससे आराम जल्दी से मिल जाएगा।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में आयरन और विटामिन डी कम है, जबकि विटामिन बी 12 और कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है। इसकी क्या वजह हो सकती है? ऐसे में मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-कुलदीप, दुर्ग**

विटामिन-डी की कमी शहरों में रहने वाले लोगों को अधिक होती है, क्योंकि उनका धूप में एक्सपोजर कम होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको विटामिन-डी और बी-12 की दवा लेनी चाहिए। साथ ही आप बता रहे हैं कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है और आयरन कम है। बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर लें, वे आपको इसकी मेडिसिन बता देंगे। साथ में डाइटिशियन से भी आपको संपर्क कर लेना चाहिए, वो आपका डाइट चार्ट तैयार कर देंगे, जिसके अनुसार आप डाइट लेंगे तो भविष्य में विटामिन-डी, बी-12 और आयरन बैलेंस रहेंगे। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस


डॉ. नवदीप सिंह

प्रिंसिपल-इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग खांडा खेड़ी, हिसार


हाल के वर्षों में यंग और मिड एज की महिलाओं में पीएमओएस (पूर्व नाम पीसीओएस) की समस्या काफी देखने को मिल रही है। हालांकि इसके पीछे कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अनबैलेंस्ड लाइफस्टाइल की वजह से यह समस्या ज्यादा बढ़ती है। ऐसे में इससे ग्रस्त महिलाओं को बिना चिंता और डर के इसके स्पेशलिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए, ताकि इसे कंट्रोल किया जा सके। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

## सही ट्रीटमेंट-बैलेंस्ड लाइफस्टाइल से पीएमओएस को कर सकते हैं कंट्रोल







बहुसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम, जिसे पहले पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के नाम से जाना जाता था, अब वैश्विक सहमति के बाद आधिकारिक रूप से पॉलिएंडोक्राइन मेटाबॉलिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीएमओएस) कहलाया जा रहा है। यह नाम परिवर्तन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि यह स्थिति केवल ओवरी की सिस्ट तक सीमित नहीं, बल्कि बहुग्रंथि (पॉलिएंडोक्राइन) हार्मोनल असंतुलन और व्यापक मेटाबॉलिक गड़बड़ी से जुड़ी लॉन्ग पीरियड बीमारी है।

### काफी महिलाएं होती हैं प्रभावित

पीएमओएस आज प्रजनन-आयु की महिलाओं में सर्वाधिक पाए जाने वाले हार्मोनल और मेटाबॉलिक रोगों में प्रमुख माना जा रहा है। उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य बताते हैं कि विश्व-स्तर पर लगभग हर आठ में से एक महिला इससे प्रभावित हो सकती है, जबकि भारतीय अध्ययनों में इसका प्रचलन कई समुदायों में लगभग 3.7 से 22.5 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर चेतावनी है।

### ऐसे होता है डायग्नोज

2023 की अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य आधारित पीएमओएस गाइडलाइन के अनुसार इस स्वास्थ्य समस्या के निदान के लिए अनियमित या अनुपस्थित ओवुलेशन, एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता के लक्षण तथा अल्ट्रासाउंड में स्पेसिफिक ओवरी इमेज, इन तीन में से कम से कम दो क्राइटेरिया की उपस्थिति आवश्यक मानी जाती है, बशर्ते अन्य कारणों की वैज्ञानिक रूप से जांच कर उन्हें अलग कर दिया गया हो। पीएमओएस को अब केवल एक स्त्री रोग नहीं, बल्कि व्यापक मेटाबॉलिक स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा रहा है, जो टाइप 2 डायबिटीज, हाई बीपी, हृदय रोग, फैटी लिवर और कुछ विशिष्ट कैंसरों के बढ़े रिस्क से भी जुड़ी है।

### रोग होने के कारण

पीएमओएस के लगातार बढ़ते मामलों के पीछे आनुवंशिक प्रवृत्ति और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसे जैविक कारणों के साथ-साथ आधुनिक जीवनशैली की अनेक अस्वास्थ्यकर आदतें भी जिम्मेदार हैं। इंसुलिन रेजिस्टेंस को पीएमओएस की रोग जनन प्रक्रिया का मेन फैक्टर माना जाता है, जो सामान्य बॉडी मास इंडेक्स (नॉर्मल बीएमआई) वाली महिलाओं में भी पाया जा सकता है। मोटापे और पेट की अधिक चर्बी से यह और अधिक गंभीर हो जाता है। तीव्र शहरीकरण, शारीरिक गतिविधि में कमी, एनर्जीफुल और शुगर रिच डाइट, फास्ट फूड हैबिट, कार्यस्थल और पारिवारिक तनाव, देर रात तक जागने की आदत और अपर्याप्त नींद लेने जैसे कारण, भारतीय शहरी और अर्ध शहरी युवतियों में पीएमओएस होने की आशंका को और बढ़ा रहे हैं।

### रोग का उपचार

मेडिकली पीएमओएस का पर्मानेंट ट्रीटमेंट अभी उपलब्ध नहीं है। लेकिन इसमें संदेह नहीं है कि समुचित मेडिसिनल ट्रीटमेंट और डिसिप्लींड लाइफस्टाइल के माध्यम से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। अधिकांश महिलाएं प्रॉपर लाइफ मैनेजमेंट के साथ नॉर्मल लाइफ जी सकती हैं और मातृत्व सुख भी प्राप्त कर सकती हैं।

### ट्रीटमेंट प्रोसीजर

पीएमओएस के ट्रीटमेंट का प्रोसीजर हमेशा व्यक्तिगत होना चाहिए। इसमें पेशेंट की आयु, उसके प्रमुख लक्षण, मेटाबॉलिक रिस्क और प्रेग्नेंसी की इच्छा जैसे प्वाइंट्स को ध्यान में रखा जाना चाहिए। पीरियड्स को नियमित करने और एंड्रोजन स्तर को नियंत्रित करने के लिए हार्मोनल गर्भनिरोधी मेडिसिंस या प्रोजेस्टिन, इंसुलिन रेजिस्टेंस और वेट मैनेजमेंट के लिए मेटफॉर्मिन समूह की दवाएं, अनचाहे बाल और मुंहासों के लिए एंटी एंड्रोजन और त्वचा संबंधी उपचार, प्रेग्नेंसी की इच्छा होने पर ओवुलेशन प्रेरित करने वाली दवाएं और आवश्यकता पड़ने पर सहायक रिप्रोडक्शन तकनीक जैसे आज के समय में कई ऑप्शंस उपलब्ध हैं। इन सभी का प्रयोग केवल योग्य स्त्री रोग विशेषज्ञ या एंडोक्राइनोलॉजिस्ट की निगरानी में ही किया जाना चाहिए।

### प्रभावी है लाइफस्टाइल मैनेजमेंट

इंटरनेशनल गाइडलाइंस में लाइफस्टाइल मैनेजमेंट यानी जीवनशैली प्रबंधन में विशेष रूप से डाइट, फिजिकल एक्टिविटी और व्यावहारिक परिवर्तन को पीएमओएस का फर्स्ट लेवल ट्रीटमेंट माना गया है। खासकर तब जब पेशेंट का बॉडी वेट सामान्य से अधिक हो। एविडेंस बेस्ड स्टडीज से यह स्पष्ट है कि ओवर बॉडी वेट में मात्र 5-10 प्रतिशत की कमी से भी पीरियड्स की रेग्युलेरिटी, नॉर्मल ओवुलेशन, इंसुलिन सेंसिटिविटी और लिपिड प्रोफाइल में महत्वपूर्ण सुधार प्राप्त किया जा सकता है।

### बैलेंस्ड डाइट है लाभकारी

बैलेंस्ड, हाई फाइबर और लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला डाइट, जिसमें साबुत अनाज, दालें, ताजी सब्जियां, विभिन्न फल, मेवे (ड्राय फ्रूट्स), बीज और स्वस्थ असंतृप्त वसा (हेल्दी अनसैचुरेटेड फैट) शामिल हों, पीएमओएस कंट्रोल करने में विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ है, जबकि रिफाइंड मैदा, अत्यधिक चीनीयुक्त खाद्य पदार्थ, मीठे पेय, तले-भुने और प्रोसेस्ड फूड्स, इंसुलिन रेजिस्टेंस और निम्न स्तरीय सूजन को बढ़ाते हैं।

### महत्वपूर्ण हैं फिजिकल एक्टिविटीज

नियमित शारीरिक गतिविधि, पीएमओएस के लगभग सभी क्लीनिकली रिलेटेड इश्यूज जैसे- बॉडी वेट, पेट की चर्बी, इंसुलिन रेजिस्टेंस, ब्लड प्रेशर, कार्डियो मेटाबॉलिक रिस्क और मेंटल हेल्थ पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। उपलब्ध मेटा विश्लेषण, प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट मीडियम से फास्ट एरोबिक वर्कआउट के साथ सप्ताह में दो या अधिक दिन प्रतिरोधात्मक (रेजिस्टेंस) व्यायाम की सिफारिश करते हैं। संरचित, पर्यवेक्षित व्यायाम कार्यक्रमों (स्ट्रक्चर्ड, सुपरवाइज्ड एक्सरसाइज प्रोग्राम) और उच्च तीव्रता अंतराल प्रशिक्षण (एचआईआईटी) ने कमर की माप, इंसुलिन सेंसिटिविटी और कार्डियो रेस्पिरेट्री फिटनेस में विशेष लाभ दिखाए हैं। समग्र रूप से पीएमओएस, 'होल पर्सन केयर' की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जिसमें जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सभी आयामों को समन्वित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इसके लिए डॉक्टर्स, नर्सेज और एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स को सहानुभूतिपूर्ण परामर्श के माध्यम से यह संदेश देना चाहिए कि पीएमओएस किसी व्यक्तिगत गलती का परिणाम नहीं है। यह कई फैक्टर्स पर निर्भर करने वाली मेडिकल कंडीशन है, जिसे मैनेज-कंट्रोल किया जा सकता है। यदि पेशेंट को समय पर, सही ट्रीटमेंट दी जाए और उसके साथ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपायों को अपनाया जाए तो पीएमओएस के अधिकांश नेगेटिव प्रभावों को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया जा सकता है। *

### मेंटल-इमोशनल हेल्थ का रखें ध्यान



**आहार और** व्यायाम के अतिरिक्त मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य (मेंटल-इमोशनल हेल्थ) पर ध्यान देना भी पीएमओएस (होल पर्सन केयर) प्रबंधन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। तुलनात्मक अध्ययनों में पीएमओएस से प्रभावित महिलाओं में अवसाद (डिप्रेशन), चिंता (स्ट्रेस), विकृत भोजन आचरण (बैड फूड हैबिट) और नेगेटिव बॉडी इमेज की दर, सामान्य महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है। इससे उपचार अनुपालन तथा जीवन गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। योग, प्राणायाम, ध्यान और संज्ञानात्मक व्यावहारिक उपचार (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी) जैसे तरीके तनाव घटाने, नींद सुधारने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। हालांकि उनके रुटीन क्लीनिकल प्रैक्टिस में स्थान को डिफाइन करने के लिए, हाई क्वालिटी रिसर्च की आवश्यकता बनी हुई है।


फिटनेस


संध्या सिंह


## इन दिनों के लिए परफेक्ट फिटनेस मंत्रा

जून महीने के इन अंतिम दिनों में जब जमकर बारिश शुरू नहीं हुई है और वातावरण में उमस भरी बेचैन करने वाली गर्मी है, ऐसे में अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सूर्योदय के समय से कुछ देर बाद तक हल्की शारीरिक गतिविधि करें। दिन के समय हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पीएं। दोपहर 11 से 4 बजे के बीच ज्यादा देर तक लगातार धूप में न रहें।

इन दिनों अगर आप यहां बताए जा रहे नियमों का पालन करें तो पूरी तरह से फिट रह सकते हैं। यह नियम न केवल गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाता है बल्कि पूरी तरह से फिट और एक्टिव रखता है। इन दिनों अगर आप सर्दियों जैसी ही हैवी एक्सरसाइज जारी रखते हैं तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है, लगातार थकान बनी रहती है, चक्कर आने लगते हैं, मांसपेशियों में खिंचाव जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इस मौसम में फिटनेस का अर्थ केवल कैलोरी बर्न करना नहीं बल्कि शरीर को ठंडा रखना, ऊर्जावान रखना और सुरक्षित रखना भी होता है। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखें।




**सुबह जल्दी व्यायाम करें:** इन दिनों बेहतर है कि आप सुबह पांच बजे व्यायाम के लिए तैयार हो जाएं और साढ़े छ-सात बजे तक व्यायाम पूरा कर लें। इस समय तापमान कम तो रहता ही है, शरीर पर अतिरिक्त दबाव भी नहीं पड़ता। इस दौरान तेजगति से चलना, कुछ आसन, प्राणायाम, हल्की स्ट्रेचिंग और साइकिलिंग फिट रहने के लिए पर्याप्त व्यायाम हैं। इस मौसम में भारी जिम वर्कआउट के बजाय कुछ आसन करना बेहतर विकल्प होता है। खास तौर पर ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, शीतली और शीतकारी प्राणायाम इन दिनों शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हुए ठंडक प्रदान करते हैं।



**पीते रहें पानी:** दिन के समय प्यास लगने का इंतजार न करें बल्कि हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पिएं। सादा पानी, नीबू पानी, छाछ, नारियल पानी, बेल या सत्तू का शर्बत इन दिनों शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाकर रखते हैं।

**हल्का आहार:** इस मौसम में फिटनेस बनाए रखने के लिए आहार भी हल्का लेना चाहिए। इसलिए खीरा, ककड़ी, खरबूजा, लौकी, तोरी और दही का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इन दिनों तले हुए, ज्यादा मसाले वाले और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। *



अवेयरनेस


डॉ. मोलिशा भंडारी

डर्मेटोलॉजिस्ट, पेसिफिक वन हेल्थ हॉस्पिटल, नई दिल्ली


विटिलिगो एक प्रकार की ऑटोइम्यून डिजीज है, जिसमें स्किन कलर को कंट्रोल करने वाले मेलेनोसाइट्स नष्ट होने लगते हैं। इससे व्हाइट स्पॉट्स दिखने लगते हैं। **वर्ल्ड विटिलिगो डे (25 जून)** के अवसर पर जानिए, इससे जुड़ी बहुत इंपॉर्टेंट इंफॉर्मेशंस।

## विटिलिगो को कर सकते हैं कंट्रोल

विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहते हैं। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की मेलेनोसाइट्स पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक पिगमेंट बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं।

**क्या हैं कारण:** विटिलिगो के होने का सटीक कारण अज्ञात है। लेकिन कुछ फैक्टर्स इससे रिलेटेड हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारक:** ऐसे लोगों में विटिलिगो होने की संभावना अधिक होती है, जिनके परिवार में विटिलिगो हो चुका है।

**तनाव:** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**अन्य बीमारियां:** थायरॉइड संबंधी समस्याएं, टाइप 1 डायबिटीज और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।




**प्रमुख लक्षण:** त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं। आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं। धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं। त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है। ऐसे लक्षण दिखने पर डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

**इलाज के बारे में:** विटिलिगो का स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित व प्रबंधित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचार:** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर टॉपिकल 'कार्टिकोस्टेरॉयड्स' या नॉन-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल 'कार्टिकोस्टेरॉयड्स' दवाएं सूजन को कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल दवाएं, लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होती हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपी:** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएं:** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की लॉन्ग रेंज दवाएं उपलब्ध हैं। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। इन दवाओं को नियमित रूप से लेना जरूरी है।

**सर्जिकल प्रोसेस:** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलेनोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं। ये सभी प्रोसेस काफी कारगर हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### गलतफहमियों से रहें दूर

**मिथ:** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्य:** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।
**मिथ:** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्य:** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।
**मिथ:** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्य:** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।
**मिथ:** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्य:** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।




# मेस्सी मेनिया चरम पर: रिकॉर्ड के साथ अर्जेंटीना में खड़ी हुई 85 फीट ऊंची प्रतिमा

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना पर लियोनेल मेस्सी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है, जो उत्तरी अमेरिका में खेले जा रहे विश्व कप में अभी तक पांच गोल करके फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। इससे अर्जेंटीना में हर तरफ एक ही नाम की गूंज हो रही है और स्वाभाविक है कि वह नाम मेस्सी का है।

असल में मेस्सी के प्रति अर्जेंटीना का जुनून भव्य रूप ले चुका है। पेटागोनिया के एक दूरस्थ शहर में उनकी 26 मीटर ऊंची प्रतिमा खड़ी है तो ब्यूनस आयर्स के एक उपनगर में 1,300 से अधिक प्रशंसकों के हस्ताक्षरित एक भित्ति चित्र उस कप्तान का गुणगान करता है, जो पूरे देश को एक धागे में पिरोता है।



### अब तक की सबसे बड़ी प्रतिमा

पैटागोनिया के सुदूर दक्षिणी शहर कुट्रल के बाहरी इलाके में 70 टन स्टील और लोहे से बनी मेस्सी की 26 मीटर (85 फुट) ऊंची प्रतिमा खड़ी है। यह खिलाड़ी घुटनों के बल बैठा है, उनके पैरों के बीच 2022 में जीती गई विश्व कप ट्रॉफी है और एक हाथ ऊपर उठा हुआ है। मानो वह मार्ग संख्या 22 पर यात्रा कर रहे वाहन चालकों का अभिवादन कर रहा हो। यहां तक कि पेटागोनिया की तेज हवा भी इस स्मारक को गिरा नहीं सकती, जिसका उद्घाटन 16 जून को अर्जेंटीना के विश्व कप में पहले मैच के दौरान किया गया था, जब टीम ने एक बार फिर मेस्सी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने तीन गोल करके अल्जीरिया पर जीत पक्की की। स्थानीय अधिकारियों और इसे डिजाइन करने वाले मूर्तिकार का कहना है कि यह टीम के कप्तान को समर्पित अब तक की सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### अर्जेंटीना के सबसे बड़े दूत

मूर्तिकार 61 वर्षीय एल्डो बेरोइसा ने कहा, 'वह अर्जेंटीना के लिए सबसे बड़े दूत हैं। मेरे लिए एक कलाकार ही नहीं अर्जेंटीना का नागरिक होने के नाते भी यह काफी मायने रखता है।' यह आलम केवल एक शहर का नहीं है बल्कि पूरा अर्जेंटीना ही पूरी तरह से 'मेस्सी मानिया' की गिरफ्त में है। उन्होंने पहले मैच में हैट्रिक बनाई और दूसरे मैच में भी टीम की तरफ से दोनों गोल करके अपने विश्व कप में कुल गोल की संख्या 18 पर पहुंचाई। यह विश्व कप का नया रिकॉर्ड है।

### बेराजेटेगुई में बना भित्ति चित्र सबसे अलग

दुनिया भर में मेस्सी की कई भित्ति चित्र हैं। हालांकि, ब्यूनस आयर्स के उपनगर बेराजेटेगुई में बना चित्र सबसे अलग है। इसमें खिलाड़ी के मुस्कुराते चेहरे के चारों ओर उनके सैकड़ों प्रशंसकों के नाम लिखे हुए हैं। लगभग छह मीटर चौड़ी और 5.5 मीटर ऊंचे (20 गुणा 18 फीट) इस भित्ति चित्र ने मेस्सी का ध्यान भी आकर्षित किया। उन्होंने इसे अद्भुत करार देते हुए उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया था, जिन्होंने इसको तैयार करने में योगदान दिया।

## आज के मुकाबले

### स्विट्जरलैंड बनाम कनाडा

(रात 12:30 बजे)

ग्रुप बी का यह सबसे बड़ा मुकाबला माना जा सकता है।। दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं और विजेता टीम ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।

### बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर

(रात 12:30 बजे)

बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर मैच में दोनों टीमें एक-एक अंक के साथ उतरने वाली हैं। नॉकआउट में जाने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए दोनों को जीतना जरूरी है।

### मोरक्को बनाम हैती

(सुबह 3:30 बजे)

मोरक्को शानदार लय में है और चार अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष स्थान की दौड़ में बनी हुई है। टीम ने स्कॉटलैंड को 1-0 से हराकर अपनी मजबूती साबित की थी।



### स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील

(सुबह 3:30 बजे)

सबसे बड़ा मुकाबला ब्राजील और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा। ब्राजील चार अंकों के साथ मजबूत स्थिति में है। स्कॉटलैंड को नॉकआउट की उम्मीदें बनाए रखने के लिए कम से कम एक अंक की जरूरत पड़ सकती है।

### दक्षिण अफ्रीका बनाम द.कोरिया

(सुबह 6:30 बजे)

ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि दक्षिण अफ्रीका के पास केवल एक अंक है।

### चेक रिपब्लिक बनाम मेक्सिको

(सुबह 6:30 बजे)

मेक्सिको लगातार दो जीत के साथ शानदार फॉर्म में है और छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है।

# मुनोज का 'मैजिक शॉट', ढहा कांगो का अभेद्य किला

एजेंसी ▶▶| गुआडालाजारा

डैनियल मुनोज ने कांगो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागा, जिससे कोलंबिया ने 1-0 की जीत के साथ विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करके कोलंबिया को अधिकतर समय गोल से वंचित रखा था लेकिन आखिर में मुनोज ने 76वें मिनट में गोल कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ।

म्पासी ने पहले 20 मिनट में पांच मुश्किल बचाव किए। डिफेंडर से टकराकर गेंद मुनोज़ के पास पहुंची थी जिनके बाएं पैर से लगाए गए शॉट को रोकने का म्पासी के पास कोई मौका नहीं था।

### विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर कोलंबिया

कोलंबिया को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए शनिवार को पुर्तगाल के खिलाफ मैच ड्रॉ करने की जरूरत होगी। यह नतीजा पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में पहुंचाने के लिए भी काफी होगा। कोलंबिया विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जो दक्षिण अमेरिकी टीमों में ब्राजील और अर्जेंटीना के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान है। उसने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 3-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।




### पैराग्वे के मिडफील्डर को मुंह पर हाथ रखना पड़ा भारी



अटलांटा। पराग्वे के मिडफील्डर मिगेल अल्मिरोन को विश्व कप के दौरान मुंह ढकने के कारण रेडकार्ड देखना पड़ा। फीफा ने पुष्टि की कि अल्मिरोन आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को पराग्वे का आखिरी ग्रुप मैच नहीं खेल सकेंगे। फीफा ने यह भी कहा कि इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती है। पराग्वे की 1-0 से जीत के दौरान तुर्किये के मर्ट मूल्डर से टकराव के बाद अल्मिरोन ने अपना मुंह ढंक लिया था। नए नियमों के तहत झगड़े के दौरान अपनी बात छिपाने के लिए खिलाड़ियों को मुंह ढंकने की अनुमति नहीं है और इसका उल्लंघन करने पर तुरंत निलंबित किया जा सकता है। फीफा अध्यक्ष जियान्नी इनफेंटिनो ने रीयाल मैड्रिड और बेनफिका के बीच मैच के दौरान हुई घटना के बाद इस नियम के लिए काफी जोर दिया था। बेनफिका के जियांलुका प्रेस्टियान्नी ने मैड्रिड के विनिशियस जूनियर को अपशब्द कहने के दौरान मुंह छिपाने का प्रयास किया। बाद में उन पर छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## क्रोएशिया से हारकर पनामा टूर्नामेंट से बाहर

टोरंटो। स्थानापन्न खिलाड़ी एंटे बुदिमिर के दूसरे हाफ के शुरू में किए गए गोल की मदद से क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। पनामा की यह लगातार दूसरी हार है, जिससे वह नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया है। एंटे ने खेल के 54वें मिनट में जोसिप स्टैनिसिक के घुमावदार क्रॉस पर गेंद को खाली नेट में डाल दिया। यह गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ और क्रोएशिया तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में सफल रहा। क्रोएशिया अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हार गया था और उसके लिए ग्रुप एल में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत हासिल करनी जरूरी थी। पनामा लगातार दो हार से टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है और दो बार विश्व कप में भाग लेने के बाद भी वह अपना पहला अंक हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है।



### लुका ने खेला 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच

बीएमओ फील्ड में पहले हाफ की धीमी गति के बाद क्रोएशिया मध्यांतर के बाद पनामा की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा जब बुदिमिर ने मैदान पर आने के महज चार मिनट बाद ही गोल दाग दिया। तीन मिनट बाद ही क्रोएशिया एक और गोल करने के करीब पहुंच गया था जब अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे 40 वर्षीय लुका मोड्रिक ने मार्को पासालिक को पास दिया।

## इंग्लैंड ने घाना की गोल पोस्ट पर लगाए 19 शॉट, मैच रहा 0-0

ग्रुप एल में स्थिति रोमांचक , दोनों टीमों के 4-4 अंक

फॉक्सबोरो। इंग्लैंड और घाना दोनों ने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने के लिए अपनी तरफ से पूरी जान लगा दी लेकिन इसके बावजूद यह मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा, जिससे विश्व का फुटबॉल के ग्रुप एल में स्थिति रोमांचक बन गई है। इंग्लैंड और घाना दोनों टीम के अब चार-चार अंक हो गए हैं। इंग्लैंड बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। क्रोएशिया के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसने गोल पर 19 शॉट लगाए जबकि घाना एक बार ही ऐसा कर पाया। इंग्लैंड की टीम हालांकि अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। इंग्लैंड अभी तक कभी विश्व कप में अफ्रीका के किसी भी देश से नहीं हारा है। इससे पहले इन दोनों टीमों ने अपने शुरुआती मैच जीते थे। घाना ने पनामा को 1-0 से और इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 4-2 से हराया था।



## खबर संक्षेप



### वंशिका और नरवाल ने जीता रजत पदक

सुहल। वंशिका चौधरी और शिव नरवाल की भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कुल 469.7 अंक हासिल किए और वह पोलैंड के माल्गोरज़ाटा डाब्रोव्स्का और इवान राकित्स्की के बाद दूसरे स्थान पर रही। पोलैंड की जोड़ी ने 471.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के चेंग येन-चिंग और ह्सिएह ह्सियांग-चेन ने 410.0 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत मंगलवार को रजत पदक जीतने के बावजूद चैंपियनशिप की पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

### मुंबई टीमों के मेंटोर बने संदीप पाटील

मुंबई। पूर्व खिलाड़ी और कोच संदीप पाटील को मुंबई क्रिकेट संघ ने



2026-27 सत्र के लिए मुंबई की सभी स्तरों की टीमों का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया है। पाटिल ने 1980 से 1986 के बीच भारत के लिए 29 टेस्ट और 45 वनडे मैच खेले हैं। वह अपनी नई भूमिका में खिलाड़ियों के विकास, रणनीतिक प्रशिक्षण और प्रतिभा पहचान जैसे कार्यों में अहम योगदान देंगे।

# आईसीसी रैंकिंग : गिल ने कोहली को किया रिप्लेस, टॉप-2 में पहुंचे

टेस्ट गेंदबाजी में शीर्ष पर बुमराह और हेनरी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

गिल अब न्यूजीलैंड के डैरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारतीय कप्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसका उन्हें फायदा मिला है। उन्हें अंतिम मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने पहले दो मैचों में 84 और 154 रन बनाए थे। ईशान किशन



बल्लेबाजी रैंकिंग में 21 पायदान ऊपर 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### भारतीय गेंदबाजों को मिला अच्छा प्रदर्शन का इनाम

भारतीय गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। अर्शदीप सिंह 16 स्थान ऊपर 22वें, प्रसिद्ध कृष्णा 34 पायदान ऊपर 58वें और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए। विराट कोहली मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। इससे उन्हें नुकसान हुआ और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि केएल राहुल दो स्थान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गए।

## ऑस्ट्रेलिया ने दी पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त

*लीड्स। ऑस्ट्रेलिया ने एलिस पेरी के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अपने चारों में जीते हैं लेकिन उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की नहीं हुई है। ग्रुप के प्रतिद्वंद्वी दक्षिण अफ्रीका और भारत भी चार-चार जीत हासिल कर सकते हैं और ऐसे में अंतिम चार में पहुंचने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा।*

*ऑस्ट्रेलिया का आखिरी मैच रविवार को लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ होगा। ऑस्ट्रेलिया अभी तक हमेशा इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पेरी ने 48 गेंद पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाए। पेरी और जॉर्जिया वोल (39) ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान 13.4 ओवर में 86 रन पर आउट हो गया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेरी, सोफी मोलिनी और सदरलैंड ने दो-दो विकेट लिए।*

महिला टी20 विश्व कप

# बांग्लादेश के खिलाफ अहम मुकाबला आज

खराब क्षेत्ररक्षण खतरे में टीम इंडिया का अभियान



एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मध्य क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण महिला टी20 विश्व कप में भारत का अभियान खतरे में पड़ गया है और ऐसे में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच में वह इन कमजोरियों को दूर करने के लिए बेताब होगा।

भारत ने 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फॉर्म की चिंता के साथ उतरा था लेकिन स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने काफी हद तक उन आशंकाओं को दूर कर दिया है।

मंधाना ने तीन मैच में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 154 से अधिक है। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जो टीम के लिए नई चिंता बन गई है।

### हरमनप्रीत, जेमिमा नहीं कर पाई अपेक्षित प्रदर्शन

कप्तान हरमनप्रीत कौर (स्ट्राइक रेट 109.09), जेमिमा रोड्रिग्स (94.11) और यस्तिका भाटिया (105.88) अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनके तेजी से रन बनाने में नाकाम होने के कारण ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा पर तेजी से रन बनाने का दबाव बढ़ जाता है। हरमनप्रीत और जेमिमा दोनों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और दोनों ने मिलकर सिर्फ 11 चौके लगाए हैं। उन्होंने अब तक एक भी छक्का नहीं लगाया है। वहीं यस्तिका ने दो पारियों में सिर्फ तीन चौके लगाए हैं। ऋचा (स्ट्राइक रेट 176.92) और दीप्ति (159.37) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कम गेंद रहने के कारण दोनों पर दबाव बढ़ जाता है।

**भारत के तीन मैच में चार अंक** : भारत के अब तीन मैच में चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट 2.511 है। उसने पाकिस्तान को 64 रन से और नीदरलैंड को 95 रन से हराया था लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका से छह विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार जीत हासिल करके ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके आठ अंक हैं और उसका नेट रन रेट 4.724 है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

यूएस ओपन : भारतीय जोड़ी ने स्पेन की लोपेज और रोड्रिगेज को हराया

# कड़े मुकाबले में त्रिसा-गायत्री की जीत, अगले दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारतीय महिला युगल जोड़ी ने अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्पेन की पाउला लोपेज और लुसिया रोड्रिगेज को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। टखने की चोट से उबरकर वापसी कर रहीं त्रीसा ने अपनी जोड़ीदार गायत्री के साथ मिलकर स्पेनी की जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से 51 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में पराजित किया। यह भारतीय जोड़ी अब दूसरे दौर में जापान की सुमिरे नकादे और मियू ताकाहाशी से भिड़ेगी।



### रौनक का शानदार प्रदर्शन मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

पुरुष एकल क्वालीफायर में रौनक चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। उन्होंने पहले फ्रांस के एनोगाट रॉय को 21-19, 21-16 से हराया और फिर चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 13-21, 21-14, 21-10 से मात देकर आगे बढ़े।

### श्रीकांत पहले दौर में दयानंद से भिड़ेंगे

पांचवीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में अपने ही देश के सनीथ दयानंद से भिड़ेंगे। भारत की ओर से महिला एकल में भी मजबूत भागीदारी देखने को मिलेगी। इसमें रक्षिता रामराज, श्रियंशी वालिसेट्टी, अनमोल खरब, देविका सिहाग, तान्या हेमंथ, आकर्षी कश्यप और तन्वी शर्मा हिस्सा लेंगी।

### त्रीसा-गायत्री ने बनाई पहले गेम में बढ़त

त्रीसा और गायत्री ने मैच की शुरुआत मजबूत की और पहले गेम में 8-3 की बढ़त बना ली। स्पेन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश करते हुए लगातार चार अंक हासिल कर अंतर को कम करने की कोशिश की लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर से दबदबा बनाते हुए 17-11 की बढ़त बनाई और गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में पाउला और लुसिया ने बेहतर खेल दिखाया और 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने उन्हें कड़ी चुनौती दी लेकिन स्पेन की जोड़ी मुकाबला बराबरी पर रखने में सफल रही। निर्णायक तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने फिर से 11-6 की मजबूत बढ़त बढ़त हासिल कर ली।

### हाईकोर्ट ने कहा, एसपी को दिए घमापुर थाने की सीसीटीवी हार्डडिस्क जब्त करने के निर्देश

# एक साल के अंदर सीसीटीवी फुटेज का गायब होना नियमों के उल्लंघन का संकेत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने घमापुर थाने की सीसीटीवी हार्ड डिस्क तत्काल जब्त करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने कहा कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुसार थानों और संबंधित परिसरों के सीसीटीवी फुटेज कम से कम एक वर्ष तक सुरक्षित रखना अनिवार्य है। जब घटना को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, तब संबंधित फुटेज का गायब होना नियमों के उल्लंघन का संकेत देता है।कोर्ट ने जबलपुर एसपी को घमापुर थाने की हार्ड डिस्क तत्काल जब्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके। एसपी को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा गया है कि 1 जनवरी से 3 जनवरी 2026 तक के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं या नहीं। 4 जनवरी के फुटेज क्यों उपलब्ध नहीं हैं?



राजेन्द्र ठाकुर उर्फ छोटू और राजेश ठाकुर उर्फ भैया की ओर से याचिका दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं के अनुसार 4 जनवरी 2026 को घमापुर थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की एक घटना में उनके साथ दो और को आरोपी बनाया गया था। दावा किया गया कि 5 जनवरी को पुलिस ने सभी आरोपियों को थाने में रखा था। बाद में दो अन्य आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया गया, लेकिन याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी को रिकॉर्ड में नहीं दर्शाया गया। इसके बाद पुलिस प्रतिवेदन के आधार पर उनके खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई कर दी गई। अधिवक्ता निखिल तिवारी ने कोर्ट को बताया कि घमापुर थाने के सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट हो सकता है कि 5 जनवरी को याचिकाकर्ता थाने में मौजूद थे या नहीं।कोर्ट ने पहले 4 से 6 जनवरी 2026 तक के सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि 5 और 6 जनवरी के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं, लेकिन 4 जनवरी के फुटेज मौजूद नहीं हैं।इस पर कोर्ट ने आपत्ति जताई।

### कोर्ट ने अंतिम निर्णय के लिए गुरुवार को तय की सुनवाई

## राहुल गांधी की हाईकोर्ट में दलील-शिवराज परिवार के लिए नहीं था विवादित बयान

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान राहुल गांधी की ओर से अदालत में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अपने कथित बयान पर खेद व्यक्त किया गया। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने राहुल गांधी के इस लिखित आवेदन पर कार्तिकेय सिंह चौहान से जवाब तलब किया है। उनसे लिखित प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने को कहा है, जिसके बाद मामले में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। अगली सुनवाई 25 जून को निर्धारित की गई। प्रकरण पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि परिवाद से जुड़ा है। आरोप है कि वर्ष 2018 में झाबुआ की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने पनामा पेपर्स प्रकरण का उल्लेख करते हुए कार्तिकेय का नाम लिया था, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। इसी शिकायत पर भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी किया था। राहुल गांधी ने उसी समन और परिवाद को निरस्त करने की मांग करते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बुधवार को राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि जिस बयान को आधार बनाकर मानहानि परिवाद दायर किया गया है, वह मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अथवा उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान के संदर्भ में नहीं था।

### अब 13 जुलाई से प्रतिदिन होगी सुनवाई

## ओबीसी आरक्षण मामला : हाईकोर्ट में फिर टली सुनवाई

**जबलपुर।** ओबीसी आरक्षण के मामले में मप्र हाईकोर्ट में बुधवार को भोजनावकाश के बाद सुनवाई नियत थी। मामले से जुड़े 91 प्रकरणों में जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई होनी थी। लेकिन एक बार फिर राज्य सरकार की ओर से समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 जुलाई से प्रतिदिन करने के निर्देश दिए। गत सुनवाई में सामान्य वर्ग की ओर से वरिष्ठ वकीलों की गैरमौजूदगी की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी थी। इसलिए कोर्ट ने 24 जून से प्रत्येक कार्यदिवस पर मामले की सुनवाई लगातार करने के निर्देश दिए थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किये जाने को चुनौती दी गई थी। इसके बाद से लगातार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के पक्ष और विपक्ष में याचिकाएं दायर हुईं। इस मामले की सुनवाई 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार होनी थी, लेकिन दूसरे दिन ही तकनीकी कारणों के चलते यह टल गई। 27 अप्रैल को कोर्ट ने सभी पक्षों के अधिवक्ताओं के लिए बहस की समयसीमा तय कर दी थी।इसके बाद 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट में बताया था कि सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज सरकार की ओर से पक्ष रखेंगे।

### 26 बाराती घायल, दो गंभीर

## बारातियों से भरा पिकअप वाहन पलटा



**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत कैमोरी गांव के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. यहां बारातियों से भरा एक पिकअप वाहन पलट जाने से उसमें सवार 26 बाराती घायल हो गये. जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को जबलपुर के मेडीकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया. यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि पिकअप वाहन में बाराती कैसे ले जाए जा रहे थे. इससे पहले भी माल वाहक वाहनों में मजदूरों को ढोने और वाहन पलटने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं. इसके बावजूद वाहन चालकों और प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है।

घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पिकअप वाहन तेंदूखेड़ा से बारात लेकर लौट रहा था। कैमोरी गांव के समीप पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

### दो गंभीर घायलों को जबलपुर भेजा गया

चिकित्सकों ने जांच के दौरान दो घायलों की स्थिति गंभीर पाई, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज कटंगी अस्पताल में किया गया। अधिकांश लोगों को हाथ-पैर और शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जिससे अस्पताल परिसर में देर तक हलचल बनी रही। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## 4 हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त ने लेखापाल को किया रंगे हाथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस जबलपुर की टीम ने बुधवार को बालाघाट जिले में बड़ी ट्रैप कार्रवाई करते हुए एक लेखापाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार आवेदक नरेंद्र कुमार डोहरे (53 वर्ष), सहायक शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी, वारासिवनी जिला बालाघाट ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी वेतन विसंगति का जुलाई 2017 से दिसंबर 2023 तक का कुल एरियर 94,085 रुपये स्वीकृत हुआ था। इसमें से 66,557 रुपये का भुगतान पूर्व में हो चुका था, जबकि शेष 27,528 रुपये की राशि जारी करने के एवज में विद्यालय के लेखापाल वोमेंद्र कुमार रोकड़े द्वारा 4,000 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने बुधवार 24 जून 2026 को योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी, वारासिवनी के शिक्षक कक्ष में आरोपी लेखापाल वोमेंद्र कुमार रोकड़े को आवेदक से 4,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस ट्रैप कार्रवाई में निरीक्षक राहुल गजभिए, ट्रैप लेइंग ऑफिसर (टीएलओ) निरीक्षक जितेंद्र यादव सहित लोकायुक्त पुलिस जबलपुर की टीम शामिल रही।

### राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब - तलब

## सील रिजॉर्ट खोलने हाईकोर्ट के निर्देश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च एन्यायालय के न्यायाधीश विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जबलपुर के सतपुला हास्पेटलिटी साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर मामले में सुनवाई करते हुए सुकून रिजॉर्ट-कम-रेस्टोरेंट को सील किए जाने की प्रशासनिक कार्रवाई पर अंतरिम राहत प्रदान कर उसे तत्काल खोलने के निर्देश दिए हैं। एकलपीठ ने माना कि कार्रवाई से पहले रिजॉर्ट प्रबंधन को न तो कोई कारण बताओ नोटिस दिया गया और न ही अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

कंपनी के निदेशक विवेक त्रिपाठी के माध्यम से दायर याचिका में प्रशासनिक कार्रवाई को असंवैधानिक और मनमाना बताते हुए चुनौती दी गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय के अग्रवाल, अधिवक्ता शेरोन अग्रवाल ने न्यायालय को बताया कि संबंधित अधिकारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना, बिना कारण बताओ नोटिस और बिना सुनवाई का अवसर दिए सीधे व्यवसायिक प्रतिष्ठान को सील कर दिया। यह कार्रवाई संविधान के तहत प्राप्त व्यवसाय करने के अधिकार तथा प्राकृतिक न्याय के स्थापित सिद्धांतों का उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित शासकीय अधिवक्ता ने कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि रिजॉर्ट में अग्नि सुरक्षा संबंधी गंभीर कमियां पाई गई थीं। इसके अलावा प्रशासन का दावा था कि परिसर में स्वीकृत मानचित्र और अनुमतियों से अधिक निर्माण किया गया था, जिसके कारण नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने पाया कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि कार्रवाई से पहले रिजॉर्ट प्रबंधन को सुनवाई का अवसर दिया गया था। एकलपीठ ने कहा कि चाहे प्रशासन तकनीकी या नियामकीय कमियों का हवाला दे रहा हो, लेकिन किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से पहले प्रभावित पक्ष को सुनवाई का अवसर देना आवश्यक है। इसी आधार पर न्यायालय ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए रिजॉर्ट को तत्काल खोलने के निर्देश जारी करने के साथ ही मामले में राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मानदेय एवं ग्रेच्युटी प्रकरण

## हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय और ग्रेच्युटी से जुड़े बहुचर्चित मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने सुनवाई पूर्ण कर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। यह मामला राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती दिए जाने से संबंधित है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आनंद पाठक एवं न्यायमूर्ति बी.पी. शर्मा की खंडपीठ के समक्ष हुई। दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के पश्चात न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

### सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती

प्रकरण मप्र बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संगठन द्वारा दायर याचिका से उत्पन्न हुआ है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 3 फरवरी 2026 को पारित आदेश में 27 जून 2019 से पूर्व लागू मानदेय व्यवस्था को बहाल करने के निर्देश दिए थे। साथ ही राज्य सरकार को छह माह के भीतर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को ब्याज सहित बकाया राशि (एरियर) का भुगतान करने का आदेश दिया गया था।

### राज्य सरकार की दलील


राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने खंडपीठ के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि सिंगल बेंच ने सरकार के महत्वपूर्ण तथ्यों पर पर्याप्त विचार नहीं किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1 जुलाई 2023 से मानदेय की व्यवस्था पुनः लागू करते हुए उसमें वृद्धि भी की जा चुकी है तथा इस संबंध में वर्ष 2023 में विभिन्न शासकीय आदेश जारी किए गए थे। सरकार का दावा है कि सिंगल बेंच के आदेश के क्रियान्वयन से राज्य पर लगभग 1700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा, जो सार्वजनिक वित्त पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

## ट्रक की टक्कर से चाचा सुसुर की मौत, दामाद घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत पेट्रोल पम्प के पास गत देर रात को एक ट्रक की टक्कर में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस टक्कर में मोटर साइकिल पर जा रहे चाचा ससुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भतीजा दामाद बाल-बाल बच गया। घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में शहपुरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत की रात गुरू कृपा पेट्रोल पम्प के सामने शहपुरा में एक्सीडेंट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को एक व्यक्ति मृत अवस्था में रोड़ पर पड़ा मिला था। मौके पर चौकीताल निवासी सुरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार राजेश गौड़ एवं नटवारा निवासी चाचा ससुर अनिल गौड़ के साथ टाईल्स मार्बल का काम करने मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एम 6113 से बिलपठार गया था। काम करने के बाद वे लोग मोटर सायकल से अपने घर जा रहे थे। मोटर सायकल वह चला रहा था। बीच में राजेश गौड़ तथा पीछे अनिल गौड़ पीछे बैठा था। जैसे ही वे लोग गुरू कृपा पेट्रोल पम्प शहपुरा के पास पहुंचे तभी नटवारा तरफ से ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एन 9638 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया। टक्कर में पीछे बैठे उसके चाचा ससुर अनिल गोड़ के सिर के उपर से चढा दिया, जिससे अनिल गौंड़ की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## टास्क देकर मेडिकल के डॉक्टर से 1.23 लाख की ठगी

**जबलपुर।** ऑनलाइन टास्क पूरा करने के बदले अधिक कमाई का लालच देकर मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर से 1 लाख 23 हजार 462 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। संजीवनी नगर निवासी डॉ. संदीप कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि उनके टेलीग्राम अकाउंट पर तनवी जोशी नामक यूजर का संदेश आया था। आरोपी ने टास्क पूरा करने पर पैसा कमाने का झांसा दिया। शुरुआत में छोटे टास्क पूरे करने पर 100 रुपये का भुगतान भी किया गया, जिससे भरोसा बढ़ गया। इसके बाद अधिक लाभ का लालच देकर अलग-अलग बैंक खातों में कई किश्तों में कुल 1 लाख 23 हजार 462 रुपये जमा करा लिए गए। बाद में आरोपियों ने 55 हजार रुपये और जमा करने की मांग की, तब डॉक्टर को ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### अगले 24 घंटों में जिले में बारिश की संभावना

## आज कल में मानूसन के आगमन की आहट

**जबलपुर।** झारखण्ड और उड़ीसा के ऊपर बने हवा के कम दबाव के क्षेत्र से अच्छी बारिश के आसार बन गए हैं। पिछले एक पखवाड़े से उमस भरे माहौल से बेचैन जनजीवन को बारिश का बेसब्री से इंतजार है। राहत भरी खबर है कि शुक्रवार तक मानसून प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। मौसम कार्यालय की मानें तो भोपाल, जबलपुर, शहडोल संभाग में मानसून के आगमन की आहट मिल रही है। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात के कारण हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र निर्मित होने से बारिश के आसार बने। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने से पश्चिमी मध्यप्रदेश की ओर मानसून सक्रिय हो गया है। लगातार गर्मी और उमस से बेचैन जनजीवन परेशान था। इसलिए यह राहत भरी खबर है कि आने वाले दिनों में शहर में जोरदार मानसूनी वर्षा हो सकती है। पिछले तीन माहों से पड़ रही जोरदार गर्मी से जनजीवन त्रस्त हो चुका था। लेकिन अब मानसून के आने की आहट हो गई है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 3 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 72 प्रतिशत और सायंकाल 54 प्रतिशत दर्ज की गई। शहर में 1 जून से अब तक कुल वर्षा 42.2 मिमी दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष अधिकतम तापमान 28.6 और न्यूनतम 23.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगजे 24 घंटों के दौरान जिले में तेज हवाओं और वज्रपात के बीच कहीं कहीं तेज बारिश या गरज चमक के साथ बौछार की संभावना है।

### 8 जुलाई तक चलेगा 15 दिवसीय जागरूकता अभियान, स्कूलों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचेगी जबलपुर पुलिस

**साइबर अपराधों के खिलाफ 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान**

## एक क्लिक की लापरवाही पड़ सकती है भारी

हरिभूमि, जबलपुर।

बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जबलपुर पुलिस ने मंगलवार से 15 दिवसीय विशेष जन-जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक 2.0' का शुभारंभ किया। यह अभियान 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में नागरिकों को जागरूक और सतर्क बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं, इसलिए डिजिटल दुनिया में सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही सबसे प्रभावी बचाव है।



### पुलिस की अपील सतर्कता ही सुरक्षा

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध संदेश, फर्जी क्यूआर कोड या अनजान कॉल पर भरोसा न करें। ओटीपी, एटीएम पिन और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। फर्जी इनाम, नौकरी, निवेश या लॉटरी के नाम पर आने वाले संदेशों से सावधान रहें तथा बिना सत्यापन किसी एप्लिकेशन को डाउनलोड करने या मोबाइल स्क्रीन शेयर करने से बचें।

### साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

कप्तान उपाध्याय ने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबर सेल जबलपुर हेल्पलाइन 7701050010 पर सूचना दें। नागरिक वेबसाइट के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर एएसपी सिटी आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण अनु बेनिवाल, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी जोन-4 सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### डिजिटल अरेस्ट से लेकर क्यूआर कोड फ्रॉड तक पर रहेगा फोकस

अभियान के दौरान ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं केवाईसी फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसे अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। पुलिस नागरिकों को इन अपराधों से बचने के व्यावहारिक उपाय भी बताएगी।

### स्कूल, कॉलेज और बाजारों तक पहुंचेगी जागरूकता मुहिम

जबलपुर पुलिस अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड और साइबर ब्लैकमेलिंग के खतरों से अवगत कराएगी। वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन लेनदेन के तरीके सिखाए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रथ और साइबर सुरक्षा शपथ कार्यक्रमों के माध्यम से भी आमजन तक संदेश पहुंचाया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240